॥ ॐ नमः जिनेन्द्रेभ्यः ॥

प्रतिष्ठासारसंग्रह।

(पंचकल्याणकदीपिका हिन्दी छन्द सहित)

सम्पादक व संग्रहकर्ता–श्रीमान् ब्र० सीतलप्रसादजी।
(समयसार, प्रवचनसार, पंचास्तिकाय, नियमसार, इष्टोपदेश आदि अनेक ग्रन्थोंके टीकाकार)

प्रकाशक–मूलचन्द किसनदास कापड़िया, मालिक दिगम्बरजैनपुस्तकालय, चंदावाड़ी–सूरत।

दिगम्बर जैन पंचायत-खण्डवाकी ओरसे "जैनमित्र" के २९वें वर्षके ग्राहकोंको भेंट।

प्रथमावृत्ति] वीर स० २४५५, विक्रम स० १९८५ [प्रति ११००+२००

मूल्य रु० २–४–०

"जैनविजय" प्रिन्टिंग प्रेस सूरतमें मूलचन्द किसनदास कापड़ियाने मुद्रित किया।

भूमिका ।

परमातम अर्हंत प्रभु, सिद्ध शुद्ध सुखदाय ।
आचारज उपध्याय मुनि, वंदू मस्तक नाय ॥

साधारण जैन जनता विना दूसरोंके आलम्बनके श्री बिम्बमंदिर, व वेदी प्रतिष्ठा कर सके इसलिये यह सुगम प्रतिष्ठाविधि संग्रह करके लिखी गई है। इसमें ध्यान यह रक्खा गया है कि देखनेवालोंको ऐसा विदित हो कि मानों हम साक्षात् तीर्थंकरके जीवनचरित्रको ही देख रहे हैं। तथा जितना पूजन पाठ आवश्यक है वह रक्खा गया है। इसके संग्रहमें श्री जयसेन, आशाधर तथा नेमिचंद्र इन तीन मुद्रित प्रतिष्ठापाठोंकी सहायता ली गई है। इस पाठके सहारेसे वह कठिनाई मिट जायगी जो प्रतिष्ठा करानेवाले पंडितोंकी खोजमें होती है। तथा कोई २ पंडित लोभवश यजमानोंको बहुत तंग करते हैं तथा कोई २ यजमानोंके कहे अनुसार समयकी तंगीसे बहुतसी विधि छोड देते हैं व पूजापाठमें कमी कर देते हैं, वह सब त्रुटियें निकल जांयगी।

इस पुस्तकमें पंचकल्याणकके दृश्य श्री जिनसेनाचार्य कृत महापुराणके अनुसार दिखाए गए हैं। श्री जयसेन आचार्य कृत प्रतिष्ठापाठ सबसे पुराना है तथा उसकी रचना देखनेसे विदित होता है कि यह आचार्य अध्यात्मरसिक व ज्ञान ध्यान तपमें लीन तपस्वी थे। इनका दूसरा नाम वसुबिंद था। प्रशस्तिमें उन्होंने अपनेको श्री कुन्दकुन्दाचार्यका शिष्य लिखा है। जैसा इस श्लोकसे प्रगट है—

कुन्दकुन्दाग्रशिष्येण जयसेनेन निर्मितः। पाठोऽयं सुधिया सम्यक् कर्तव्यायास्तु योगतः ॥ ९२३ ॥

इसलिये यह पाठ १९०० वर्षका पुराना है क्योंकि श्री कुन्दकुन्द स्वामी विक्रम संवत् ४९में विद्यमान थे इसको अप्रतीति करनेका कोई कारण नहीं दिखता है। दूसरा पाठ पंडित आशाधरकृत १३वीं शताब्दीका है उसे पंडितजीने विक्रम सं० १२८९ में नलकच्छपुरमें पूर्ण किया था जैसा इस श्लोकसे प्रगट है—

विक्रमवर्षं सपञ्चाशीतिद्वादशशतस्वतीतेषु । आश्विनसिताप्तदिवसे साहसमल्लापराक्षस्य ॥ १९ ॥

तीसरा पाठ पं० आशाधरजीके पीछेका मालूम होता है जैसा मराठी टीकाकारने दूसरे श्लोकके अर्थमें लिखा है। यह नेमचन्द्र ब्राह्मणकुली ब्रह्मचारी तथा विद्वान थे। जैसा कि प्रशस्तिके श्लोक नं० १से प्रगट है वहां सद्वर्णी शब्द आया है। यह तीसरा पाठ विधिके वर्णनमें सबसे बड़ा है। हमने जयसेनकृत प्रतिष्ठा पाठको प्राचीन व निर्ग्रंथ मुनिकृत मानकर मुख्यतासे उसीका आधार लिया है। इस पाठमें पांच परमेष्टीका ही पूजन यत्र तत्र है। तथा दूसरे दो पाठोंसे कहीं२ विशेष पूजन, विधि व मंत्र संग्रह किये हैं।

भाषा स्तवन, पूजनादि इसलिये रच दी गई हैं कि प्रतिष्ठा देखनेवाली आधुनिक जनताको तीर्थंकर भगवानके कल्याणकका साक्षात् आनन्द आजावे और वे समझते हुए महान पुण्यबंध करें। कवितामें मनरंगलालकृत चौवीसी पूजाकी सहायता ली गई है। उसीके छंदोंके अनुसार अक्षर मात्रा जोड़कर इस पाठके छंद रचे गए है। जिस विधिसे मुझ अल्पबुद्धिने यह संग्रह किया है उसके अनुसार यदि प्रतिष्ठा करी जायगी तो साक्षात् लाभ होगा तथा जैन अजैन सब देखकर जैनधर्मका प्रभाव अपने मनमें जमाएंगे। जहांतक बना है कोई विधि नहीं छोड़ी गई है। इस पाठमें जहां जहां गान व कविता है उसको बाजेसे पढ़ा जावे। जिसके बोलनेके लिये जो पाठ है वह यदि न कह सके तो दूसरा उसके बदलेमें उस कविताको गावे, इसमें कोई हर्ज नहीं है।

मैं इस योग्य तो था नहीं कि इस अति दुर्लभ कार्यको करूं परंतु धर्ममित्र पंडित अजितप्रसादजी एम० ए० एल एल० बी० वकील लखनऊकी वर्षोंकी प्रेरणा तथा श्री जिनेन्द्र चरण कमलकी भक्ति ही ने इस कार्यको सम्पादन कराया है। विद्वान जन अवश्य मेरे इस साहसपर हसेंगे। मैं उनसे क्षमा चाहता हुआ यह प्रार्थना करता हूं कि इसमें जो त्रुटियें हों उनके सम्बन्धमें हमें सूचित करें जिससे हम उनके सुधारका उपाय करें।

जहां पर प्रतिमाके अभिषेकका वर्णन आया है वहां पर हमने श्री आदिपुराणकी रीतिके अनुसार क्षीरजल तथा गंधोदकसे न्हवन होना दिखाया है। जिनको दधि आदिसे भी न्हवन करना इष्ट हो वे अपनी इच्छानुसार कर सक्ते हैं।

आश्विन कृष्णा ९, वीर स० २४५३ विक्रम स० १९८४ खंडवा, ता० १९-९-२७.

जैनधर्मका सेवक—ब्र० सीतलप्रसाद।

धन्यवाद।

श्री० ब्र० सीतलप्रसादजीने वीर सं० २४५३का चातुर्मास खंडवामें व्यतीत किया था तब वहीं ठहरकर इस प्रतिष्ठापाठका संपादन अतीव परिश्रम व खोजपूर्वक तैयार किया था फिर इसका सुलभ प्रचार करनेकी सूचना करते ही उसी समय खंडवाकी धर्मपरायण दि० जैन पंचायतने चंदा करके यह ग्रन्थ अपने खर्चसे प्रकाशित करवाकर 'जैनमित्र' के २९ वें वर्षके ग्राहकोंको उपहारमें देनेकी स्वीकारता दी थी इससे ही यह शास्त्रीय ग्रन्थ प्रकट होरहा है। इस आदर्श और अनुकरणीय शास्त्रदानकी उदारताके लिये खंडवाकी समस्त दिगम्बर जैन पंचायत अतीव धन्यवादके पात्र है। आशा है अन्य जैन पंचायतें भी खंडवा दि० जैन पंचाततके इस शास्त्रदानका अनुकरण करेगी।

प्रकाशक।

विनायक यंत्र

क्रौं
ह्रीं

ॐ

अ
सि
आ
उ
सा

अरहंत मंगलं
सिद्ध मंगलं
साहू मंगलं
केवलि पण्णत्तो धम्मो मंगलं
अरहंत लोगुत्तमा
सिद्ध लोगुत्तमा
साहू लोगुत्तमा
केवलि पण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा
अरहंत शरणं पव्वज्जामि
सिद्ध शरणं पव्वज्जामि
साहू शरणं पव्वज्जामि
केवलि पण्णत्तं धम्मं शरणं पव्वज्जामि

क्रौं
ह्रीं

क्रौं
ह्रीं

क्रौं
ह्रीं

विषयसूची ।

अध्याय छठा—तपकल्याणक।

अध्याय सातवां-ज्ञानकल्याणक।

अध्याय आठवां-मोक्ष कल्याणक।

अध्याय नौवां-अंतिम होम, अभिषेक व शांति।

अध्याय दशवां-आचार्यादि बिम्बप्रतिष्ठा विधि।

अध्याय ग्यारहवां-मंदिर व वेदीप्रतिष्ठा विधि।

अध्याय बारहवां-भक्तियां।

समर्पण ।

परोपकारी, धर्मप्रेमी, तीर्थभक्त-विद्वान पंडित अजितप्रसादजी जैन एडवोकेट
एम० ए० एल० एल० बी० लखनऊको प्रचारार्थ सादर समर्पित ।

शुद्धयशुद्धिपत्र ।

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३	५	ॐ ह्न फट्	ॐ ह्रूं फट्
५	३	व्यस	अस
५	६	वाद	पाद
२०	११	लोकनान्याय	लोकमान्याय
२५	५	वियातिशयैः	विधातिशयैः
३१	१२	मितिपरि	मतिपरि
,,	१३	न वाया	न पाया
३२	१७	मरागाद्वि	मखासीद्धि
३४	९	भाति	श्राति
३६	१७	प्रभवानु	प्रभावानु
३७	९	आयो	आपो
३९	१३	समवसत	समवसृत
४०	१७	अकुलायो	प्रफुलायो
४४	१३	तदद	तदर्द
४५	२०	विजयासे	विजयासु
४६	१९	पादुपे	पायके
४७	१४	पूगे	पूजें
५०	९	दधानान्	दधानान्
,,	११	पुकारी	प्रचारी
५२	१४	न हे	न मे
५३	१२	वंधन	बंदन
५७	११	लाव	लप
५८	३	अथ	अव
५९	६	सम्राज्य	सम्राज
,,	१६	तिशुद्धया	विशुद्धयां
६०	३	आव	आप
६०	१६	मा	मा
६१	६	पारकरा	परिकरा
७३	२	विजौषधि	विडौषधि
७८	१६	नाव	नाथ ३
८३	१०	सौभाग्य	सौम्याय
९५	१२	भात्री	भाषी

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
	११	२७	इन
१०५	१९	सर्के	सकल
११६	८	कमभूमि	कर्मभूमि
१२०	१९	धम	धर्म
१२५	१७	गण्डस्थ	गण्डस्थल
१२८	४	युति	युत
१३१	१८	चतुर्दश्या	दशम्याम्
१३५	६	स्वभाव	स्वभाय
१३६	६	बाधते मोक्षको	बाधते मोहको
१३६	८	पाप	पाय
,,	१४	मिन	मिनट
१३९	११	कषाप	कषाय
१४१	१२	मुख	प्रतिमाके मुख
१४३	११	जोणिजिणो	जोगिजिणो
१४६	१८	कल्से	कल्प्ते
१५०	२०	मर्म	धर्म
१५१	२	भवन	भव
,,	१४	हठे	अठ
१५३	४	व्यहत	व्यवहृत
१५६	४	भार	भाग
१६०	१	जिन	निज
१६०	३	जिन	जिम
१६०	६	निर करके	सिरका करके
१६०	१४	वत्तो	पत्तो
१६१	८	लीठो	लीन्हो
१६८	१८	देशोद्भवो	देहोद्भवो
१६९	२	पुष्पकी ॐ ह्रीं	
,,	४	नैत्रयकी ,,	,,
१७३	१९	चीव	जव
१७४	२०	मुद्गलयामः	मुद्गलयामः
१७७	१८	नर्वामाव	नवीमाव
१८२	१२	विस्तारसे	विस्तारते
१८२	१३	अनशन	अनशन
,,	२०	भूयाद्भुयाश्च	भूयाद्भयाश्च
१८६	१०	वेल	वेला
१८७	१५	दुज्ज्वलैनक	दुज्ज्वलैनकं
१८८	७	प्रथाहप्ता	यथाहप्ता
१८८	१३	कमक	कमल
१८९	१८	स्वत स्वादेश	स्वतस्वादेश
,,	,,	कहे	करें
१९२	७	मुद्राच्छिर	मुद्राच्छिद्र
१९५	४	मवातिकामो	मयातिकामो
१९८	१५	किविकिच्चा	किदिकिच्चा
१९९	१३	अरहत	अरहत
२०१	१५	णदट्ठ	णट्ठट्ठ
,,	,,	मघट्ठाणे	मयट्ठाणे
,,	,,	णिट्ठिमट्ठे	णिट्ठियट्ठे
२०५	२	व्याघा	व्याघात
,,	३	मंग	भग

॥ ॐ ॥

प्रतिष्ठासारसंग्रह ।

(पंचकल्याणकदीपिका)

आवश्यक विषय ।

१.–प्रतिष्ठा–या स्थापना–यह नाम, स्थापना, द्रव्य, भाव चार निक्षेपोंमेंसे स्थापना निक्षेपमें गर्भित है। किसी भी अनुपस्थित व्यक्तिकी तदाकार मूर्ति उसके स्वरूपको बतानेमें सहायक होती है। इसी हेतु तीर्थंकरोंकी अर्हंतोंकी ध्यानाकार मूर्ति उनके ध्यानके स्वरूपको दर्शकके मनमे अंकित कर देती है। प्रतिष्ठाका लक्षण श्री जयसेन आचार्यने इस भांति लिखा है—

प्रतिष्ठान प्रतिष्ठा च स्थापनं तत्प्रतिक्रिया । तत्समानात्मबुद्धित्वात्तदभेदः स्तवादिषु ॥

भावार्थ–प्रतिष्ठान, प्रतिष्ठा, स्थापन, प्रतिक्रियाका भाव यह है कि उसीके समान अपनी बुद्धि होजाय–अर्थात् यह भाव झलके यह वही है–स्तवन पूजादिमें इसकी जरूरत है।

यत्रारोपात् पंचकल्याणमंत्रैः, सर्वज्ञत्वस्थापनं तद्विधानैः । तत्कर्मानुष्ठापने स्थापनोक्त, निक्षेपेण प्राप्यने तच्चैव ॥

भावार्थ–जहा पचकल्याणक सम्बन्धी मंत्रोंके द्वारा जिसमें वह गुण नहीं है उसमे उस गुणके स्थापन करनेसे तथा उस सम्बन्धी विधानके द्वारा सर्वज्ञपना स्थापित किया जावे वह प्रतिष्ठा है। पूजन पाठादि क्रियाके साधनमे स्थापना निक्षेपके द्वारा उस वस्तुको वैसे ही समझ लिया जाता है–अर्थात् सर्वज्ञकी मूर्तिमें स्थापना होनेसे मूर्तिके दर्शनसे सर्वज्ञका भाव हृदयमें अंकित होजाता है।

जैसे राजाकी स्थापनामें प्रजासमूहकी व क्रियाकी आवश्यक्ता है वैसे मूर्तिकी प्रतिष्ठामें जैन संघकी व पूजा पाठादि क्रियाकी आवश्यक्ता है जिससे वह मूर्ति पूजनीय व माननीय होजावे।

२–श्री जिनमंदिर निर्माण–श्री जिनमंदिर ऐसा बनाना चाहिये जहा धर्मसाधन भले प्रकार होसके। गृहस्थ श्रावक व

श्राविकाएं पूजा, सामायिक, स्वाध्याय, शास्त्रसभा, दान आदि कर सकें। प्रथम तो वह स्थान ऐसी जगह हो जहां आसपास विघ्न-कारक व निंद्य मांसाहारी, मद्यपानी आदि मनुष्योंकी वस्ती न हो। मंदिरमें जो पूजा पाठादि हो उसमें किसी तरहका विघ्न न आना चाहिये। मंदिरके लिये इतनी बड़ी जगह लेनी चाहिये जिसकी चौहद्दीके भीतर बागीचा हो, बीचमें मंदिर बनवाया जावे। इसका हेतु यह है कि बाहर सड़कका कोलाहल धर्मकार्योंमें विघ्न न कर सके। मंदिरजीमें मुख्य वेदीके चारों तरफ प्रदक्षिणा रहनी चाहिये। सामने इतना बड़ा चौक छाया हुआ रहना चाहिये कि नरनारी विना किसी बाधाके पूजा पाठ सुन सकें। वेदीका चबूतरा नाभिसे कुछ ऊंचा होना चाहिये। उसके आगे पूजा करनेके लिये नाभिके बराबर मेज हो। इस चौकमें हवा व रोशनी भलेप्रकार आसके इसलिये बाहरसे खिड़कियें दोनों तरफ वेदीके अगल बगल होनी चाहिये। शास्त्रसभा करनेका स्थान ऐसी जगह होना चाहिये कि पूजा करते हुए भी शास्त्रसभा होसके इसलिये वेदीके चौकको बाहर कोटसे बंदकर द्वार रहना चाहिये। द्वारके बाहर कुछ दूर जहां अवाज न आसके एक बड़ा दालान शास्त्रसभाका हो। उसके एक ओर स्त्रियोंके बैठनेका स्थान हो, दूसरी ओर एक ऐसा दालान हो जहां सरस्वती भंडारका कोठा हो व आगे शास्त्र स्वाध्याय करनेकी जगह हो। इन दोनों दालानोंमें भी बाहरसे खिड़कियां रहनी चाहिये जिससे रोशनी व वायु भले प्रकार आसके। यहीं एक कमरा ऐसा बनाना चाहिये जिसके भीतरसे खिड़कियां बागीचेकी तरफ हों व जो बंद कर लिया जावे व भीतर भव्य जीव शांतिपूर्वक सामायिक कर सकें। प्रयोजन यह ध्यानमें रक्खा जावे कि पूजा, शास्त्र-सभा, शास्त्र—स्वाध्याय व सामायिक चारों काम एक साथ होसकें तोभी कोई बाधा किसी काममें नहीं आनी चाहिये। बागीचेमें फल फूलके सुगंधित वृक्ष हों व इधर उधर बैठनेके स्थान बने हों जिसमें धर्मात्मा भाई ध्यान कर सकें या परस्पर धर्मचर्चा कर सकें। इसी बागीचेके कोटमें लगते हुए कुछ कमरे ऐसे हों जहां औषधालय व विद्यालय होसके, कुछ कमरे ऐसे हों जहां परदेशी त्यागी या यात्री ठहर सकें। कुछ दुकानें भी कोटके बाहर निकाल दी जावें तो कुछ हर्ज नहीं है। बागीचेमे एक घिरा हुआ बाड़ा ऐसा छोड़ दिया जावे जहांपर त्यागीगण मल निस्तार कर। सकें ऐसे मंदिरमें वेदी एक हो वा तीन हो परन्तु हरएकमें मूलनायक बड़े पुरुषाकार विरा-जमान करने चाहिये जिसका दर्शन दूरसे भी होसके। एक वेदीमें एक ही प्रतिमा पाषाण या धातुकी बड़ी अवगाहनाकी रखनी चाहिये। मात्र एक प्रतिमा धातुकी छोटी रहे जो अभिषेकादि व रथोत्सवादिके समय काममें लाई जासके। एक वेदीमें बहुत प्रतिमा-ओंकी पद्धति ठीक नहीं है। श्री अरहंतभगवान् एक गंधकुटीमें एक ही विराजमान होते हैं।

पंडित आशाधरकृत प्रतिष्ठासारोद्धारमें कथन है कि ऐसी जमीनको मंदिरके लिये पसन्द करे जो चिकनी हो व सुगंधित हो व जिसमें दुव आदि उगती हो। नीचे उसके मुरदा वगैरह गडा हुआ न हो। उत्तम भूमिकी पहचान यह है कि उस भूमिको एक हाथ गहरी व एक हाथ चौड़ी लम्बी खोदे। निकली हुई मिट्टीसे फिर उस गढ़ेको भर दे, यदि कुछ मिट्टी बचे तो समझना चाहिये भूमि उत्तम है। यदि समान भर जावे तो उसे मध्यम जाने। यदि गढ़ा न भर सके तो उस भूमिको अशुभ समझे। दूसरी पहचान यह बताई है कि सूर्य छिपनेके पीछे उस जमीनके चारों तरफ चटाईका परकोटा बनाकर हवा रोक ले फिर "ॐ ह्र फट्" इस मंत्रको १०८ वार पढ़कर पुष्प डाले। उस भूमिकी चारो दिशाओंमे कच्ची मट्टीके चार घडे रक्खे। उनपर कच्चे सरावे घीसे भरे हुए रक्खे उनमें पूर्वादि दिशाओंमें क्रमसे सफेद, लाल, पीली, काली बत्ती डाले-दीपकको जलावे। जबतक घी रहे तबतक चार आदमी दीपकके पास बैठे बराबर णमोकार मन्त्र पढते हुए मंत्र जपते रहें। यदि घीकी समाप्ति तक बत्तियां साफ जलती रहें तो भूमिको शुभ कहना, यदि बुझती हुई मालूम पडे तो अशुभ समझना चाहिये। मंदिर निर्माणके सम्बधमें जयसेनाचार्यजी लिखते है कि शुद्ध स्थानमें तथा नगरमें या वनमे या नदीके पास व तीर्थकी भूमिमें विस्तारयुक्त शिखर और ध्वजा सहित जिन भवन बनवावे। कूप, वावडी, तलाव, नदी, बगीचा इन करि शोभित और कीटकादि जंतुओंसे रहित व मसान तथा शूली आदिके स्थानसे रहित व जले हुए पाषाणोसे रहित भूमि मदिरकी होनी उचित है।

नोट—मदिरजीको शिखरबद्ध बनाना उचित है। गृह चैत्यालय अपने घरके पास या छतके ऊपर होसक्ता है जहा इच्छानुसार काल तक प्रतिमा रह सक्ती है। यदि गृहस्थी पूजाके लिये समर्थ न हो तो वह प्रतिमाजीको जिन मदिरमें विराजमान कर सक्ता है।

नयसेनाचार्यजी लिखते है कि मदिरका मुख पूर्व, उत्तर व कदाचित् पश्चिममें भी रक्खे—

"मुखं तु शक्रोत्तर पश्चिमासु, कुर्याज्जिनेशालयकस्य मुख्यं ॥ ३२ ॥

३—मंदिरकी नीव रखना—शुभ दिनमें नीव खुदावे और उसे पूजासे शुद्ध करे। फिर पत्थर आदिसे भरकर भूमिके बराबर करे। नीव खोदनेपर शिला रखनेके लिये इस प्रकार पूजा करे—नीवके पास ही एक चबूतरेपर या चौकीपर सिंहासन विराजमान करके जिन प्रतिमाको पधरावे। मुख्य पूजक अनेक नर नारियोके साथ पूजा करे। पहले तो प्रतिमाका अभिषेक करे फिर अष्टद्रव्यसे नित्य देव शास्त्र गुरु पूजा व सिद्ध पूजा करे फिर पाच शिला अथवा पकी हुई ईंटें जो पासमें रक्खी हों उनको धोकर चन्दनसे

सथिया करे फिर नीचे लिखे मंत्रको १०८ वार पढ़कर पांचों शिलाओंपर पुष्प छोड़े।

मंत्र—ॐ ह्रीं नमो अर्हद्भ्यः स्वाहा, ॐ ह्रीं नमः सिद्धेभ्यः स्वाहा, ॐ ह्रीं नमःसूरिभ्यः स्वाहा, ॐ ह्रीं नमः पाठकेभ्यः स्वाहा ॐ ह्रीं नमः सर्वसाधुभ्यः स्वाहा। अथवा प्राकृत णमोकार मंत्रमें पहले ॐ ह्रीं अन्तमें स्वाहा जोड़कर जपे तथा पांच तांवेके कलश भी रक्खें जिनको भी धोकर साथिया बनाकर भीतर पांच तरहके रत्न क्रमसे डाल दें तथा तांवेका सिद्ध यंत्र या विनायक यंत्र बनाकर उसमें नीव रखनेकी मिती, मूलसंघ, कुन्दकुंदान्वय आदि व मंदिर बनानेवालोंके नामादि लिखे। मंत्र जपनेके पीछे पहले चार कौनोंमें व एक मध्यमें पाच शिला रक्खे फिर उन शिलाओंके ऊपर पांचों कलशोंको रक्खे। नीचेके कलशके भीतर घीका बलता हुआ दीपक रक्खे तथा कलशके नीचे पहले यंत्र स्थापन करके फिर कलशको रक्खे। इस कलशको ढक देवे। शिला व कलश रखते समय बाजे बजवावे फिर नीवको भरवावे पश्चात कारीगरोंको दान देवे फिर पूजा विसर्जन करे। विनायक यंत्रका वर्णन अध्याय १०में है।

४—प्रतिमा बनानेकी विधि—प्रतिमा बनवानेके लिये पहाड़से उत्तम मोटी शिला लानी चाहिये। वह शिला प्रसिद्ध स्थानकी चिकनी, ठंडी, मोटी, सुन्दर, मजबूत, सुगंधित, ठोस व अच्छे रंगवाली हो। बिंदुरेखा आदि दोष न हों व उसकी ध्वनि भी अच्छी हो। उस शिलाको निकाल कर धोवे तथा साथिया बनावे तथा वहां नित्य देव शास्त्र गुरु पूजा व सिद्ध पूजा करके फिर १०८ वार णमोकार मंत्र ॐ ह्रीं पहले व स्वाहा पीछे लगाकर पढ़ें और उसपर पुष्प डाले। फिर पूजा विसर्जन करके उसको लावे। जिन मदिरकी तीन प्रदक्षिणा देकर शुभ दिनमें उस शिलाको सुगंधित औषधियोंसे धोकर मंदिरमें रक्खे तथा सिद्ध स्तुति व शांति पाठ पढ़े। फिर शुभ दिनमें कारीगरको मूर्ति बनानेके लिये सौंपे। कारीगर अच्छी निगाहवाला, शिल्पशास्त्रका जाननेवाला, मदिरा मांसादिका त्यागी, पूर्ण अंगवाला, चतुर, क्षमावान व मन, बचन, कायसे शुद्ध हो। वह कारीगर जबतक प्रतिमा न बन जावे नियमसे भोजन करे—संयम रूप रहे, ब्रह्मचर्य पाले तथा सुभीतेसे काम करे—उससे जल्दी न कराई जावे।

प्रतिमाका लक्षण पंडित आशाधरजीने कहा है—

शांतप्रसन्नमध्यस्थनासाग्रस्थाविकारदृक्। सम्पूर्णभावरूपानुविद्धांगं लक्षणान्वितं ॥ ६३ ॥
रौद्रादिदोषनिर्मुक्तं प्रातिहार्यांकयक्षयुक्। निर्माप्य विधिना पीठे जिनबिम्बं निवेशयेत ॥ ६४ ॥

भावार्थ—जो शांत, प्रसन्न, मध्यस्थ, नासाग्रस्थित अविकारी दृष्टिवाली हो, जिसका अंग वीतरागतासे पूर्ण हो, अनुपम वर्ण

हो व शुभ लक्षणों सहित हो, रौद्रादि बारह दोषोंसे रहित हो, अशोक वृक्षादि प्रातिहार्योंसे युक्त हो और दोनों तरफ यक्ष यक्षीसे वेष्टित हो ऐसी जिनप्रतिमाको बनवाकर विधि सहित सिंहासन पर विराजमान करे।

१—दोष ये हैं—रौद्र, कृशाग, संक्षिप्तांग, चिपिटनासिका, विरुपक नेत्र, हीनमुख, महा उदर, महा हृदय, महाव्यंस, महा कटी, महा वाद, हीन जंघा, शुष्क जंघा।

दृष्टि ऐसी होनी चाहिये—

नात्यंतोन्मीलिनास्तद्रा न विस्फारितमीलिता। तिर्यगूर्ध्वमधोदृष्टिवर्जयित्वा प्रयत्नतः॥
नासाग्रनिहिता शांता प्रसन्ना निर्विकारिका। वीतरागस्य मध्यस्था कर्तव्या दृष्टिरुत्तमा॥

अर्थात्—न तो बिलकुल मुदी हो न फैली हुई हो न तिरछी हो न ऊपरको हो न नीचेको हो। इन दोषोंको बचाकर नासाके अग्रभागमें धरी हुई दृष्टि, शांत, प्रसन्न, निर्विकारी, माध्यस्थ ऐसी दृष्टि वीतराग प्रतिमाकी होनी चाहिये।

प्राचीनकालमें अर्हंतकी प्रतिमामें पाषाणके ही छत्र चमरादि प्रातिहार्य बने होते थे। दक्षिणमें जो प्राचीन जैनमूर्तिया मिलती हैं वे सब छत्र चमरादि प्रातिहार्य सहित ही मिलती हैं। इधर उत्तर भारतमें अलगसे छत्र चमर सिंहासनादि लगानेका रिवाज है सो पुराना नहीं है। पाषाण या धातुमें ही छत्र चमरादि बना देनेसे कोई शका छत्र चमरादिकी चोरी जानेकी भी नहीं होती है। जिस प्रतिमामें प्रातिहार्य नही बने होते है वह प्रतिमा सिद्ध भगवानकी होती है। कहीं २ प्राचीन प्रतिमाओमें यक्ष यक्षिणीके स्थानमें दोनो ओर दो चमरेन्द्र बने हुए मिलते है।

जयसेनाचार्यजीने मूर्तिका स्वरूप ऐसा लिखा है—

स्वर्णरत्नमणिरौप्यनिर्मितं स्फटिकामलशिलायकं तथा। उत्थितांबुजमहासनांगितं जैनबिम्बमिह शस्यते बुधैः॥ ८४॥

भावार्थ—सुवर्ण, रत्नमणि, चांदीसे निर्मित हो व स्फटिक व निर्दोष शिलासे बनी हो व कायोत्सर्ग तथा पद्मासनकर अंकित जिनेन्द्रका बिम्ब बुद्धिमानोंने सराहा है।

श्लोक १९१ से १८९ में बिम्ब बनानेकी जो विधि बताई है उसमें लिखा है कि बिम्ब ऐसा हो कि हृदयमें श्री वृक्षलक्षण हो व नख केश रहित हो। कायोत्सर्ग व पद्मासन प्रतिमाकी माप वहां बताई है सो उस पाठको देखकर समझ लेना चाहिये।

श्लोक १८० व १८१ उपयोगी हैं। कहा है-

सल्लक्षणं भावविवृद्धहेतुकं, सम्पूर्णशुद्धावयवं दिगम्बरं। सत्प्रातिहार्यैर्निजचिह्नभासुरं, संकारयेद्बिम्बमथार्हतः शुभं॥
सिद्धेश्वराणां प्रतिमाऽपि योज्या तत्प्रातिहार्यादि विना तथैव। आचार्यसत्पाठकसाधुसिद्धक्षेत्रादिकानामपि भाव वृद्ध्यै॥

भावार्थ-अर्हतका बिम्ब सत् लक्षण सहित शांत भावको बढ़ानेवाला, संपूर्ण अंगोपांग शुद्ध, दिगम्बर रूप आठ प्रतिहार्य सहित व अपने चिह्नसे प्रकाशमान करना योग्य है। सिद्ध परमेष्ठीका बिम्ब भी प्रातिहार्य विना स्थापना योग्य है तथा भावोंकी वृद्धिके लिये आचार्य, उपाध्याय, साधु तथा सिद्धक्षेत्र आदिकी प्रतिमा भी करानी योग्य है।

नोट-इससे सिद्ध है कि आठ प्रातिहार्य सहित प्रतिमा अर्हन्तकी, प्रातिहार्य विना सर्व अंगोपांग सहित प्रतिमा सिद्धकी व पीछी कमण्डल सहित प्रतिमा आचार्य, उपाध्याय, साधुकी तथा सम्मेदशिखरादि क्षेत्रोंकी मूर्ति ये सब बन सक्ती हैं। जो धातुमें छिद्र करके सिद्धकी प्रतिमा बनाते हैं सो ठीक नहीं है। इस प्रतिमापर आसनमें चिह्न खुदाना चाहिये। जिस प्रतिमाको जिस तीर्थंकरकी प्रसिद्ध करनी हो वह चिह्न तथा उसके साथ प्रतिष्ठाकी मिती सम्वत् मूलसंघ कुन्दकुन्दान्वय आदि व प्रतिष्ठा करानेवाले श्रावकादिका परिचय सब खुदा देना चाहिये। बहुत प्राचीन प्रतिमाओंमें लेख नहीं मिलते हैं, परन्तु इस कालमें लेख लिखना बहुत उपकारी है।

५-प्रतिष्ठा करनेके लिये मुहूर्त्त-प्रतिष्ठा करनेके लिये शुभ मुहूर्त निकलवा लेना चाहिये तब ही प्रतिष्ठा करनी योग्य है। जो मुख्य प्रतिष्ठाकारक हो उसके नामसे मुहूर्त निकलवाया जावे। जयसेनाचार्यजीने श्लोक १८७से २०२में इस विषयका वर्णन किया है। उसका कुछ जरूरी जानने योग्य भाग यह है कि मंगल, रविवार, शनिवारको छोड़ सब वार शुभ हैं; अमावस्या, पूर्णिमा, एकादसी मना है तथा जिस तीर्थंकरकी प्रतिमा प्रतिष्ठा करावे, जिस तिथिमें जो कल्याणक हुआ हो उस तिथिमें वह कल्याणक इष्ट है तथा रविवारकी अष्टमी, सोमवारकी नौमी, मंगलवारकी तीज, बुधवारकी द्वादशी व दोइज, गुरुवारकी दसमी, पंचमी व पूर्णिमा व शुक्रवारी छठ व पड़िवा, शनिवारी चौथ तथा नौमी श्रेष्ठ हैं।

६-प्रतिष्ठा करनेका मण्डप बनानेकी विधि-राजाकी आज्ञा लेकर शुभ स्थानमें मण्डप बनावे तब पहले ही प्रतिष्ठाचार्य वहांके निवासी देव आदिसे २१ वार णमोकारमंत्र पढ़ क्षमा प्रार्थना करे कि वहां मैं प्रतिष्ठा विधि करना चाहता हूं, आप क्षमा करें। मण्डप ऐसा बनाना चाहिये जैसा कि नाटक-घर सर्व तरफसे ढका होता है। प्रवेश द्वार रखने चाहिये। उनपर मनुष्य नियत हों।

क्योंकि दर्शकोंकी भीड़ परिमित हो इसलिये जितना स्थान सुखसे बैठने योग्य स्त्री तथा पुरुषोंके लिये हो उतने ही टिकिट बना लेने चाहिये। आनेवाले स्त्री पुरुषोंको विना कुछ लिये हुए टिकट देकर भीतर भेजना चाहिये जब वह बाहर आवे तब फिर टिकट ले लेना चाहिये। मण्डपमें कोलाहल न हो व धक्केबाजी न हो इसलिये सुप्रबन्धकी जरूरत है। जैसे नाटकघरमें सब सुखसे बैठकर नाटक देखते हैं ऐसे इस मण्डपमें स्त्री पुरुष सुखसे बैठकर श्री जिनेंद्रके कल्याणकका दृश्य देख सकें ऐसा प्रबंध करना चाहिये।

पूर्व ओर या उत्तर ओर सामनेको वेदी आदिका स्थान रखना चाहिये जो स्थान नीचेकी भूमिसे कुछ ऊंचा हो। तीन तरफ दर्शकोंके बैठनेका स्थान नाटकके समान बना देना चाहिये। डेढ़ तरफ स्त्रियोंके लिये व डेढ़ तरफ पुरुषोंके लिये। दोनोंके प्रवेश व निकलनेके भिन्न दो दो द्वार अलग २ होने चाहिये। वेदीमें तीन वेदी बराबर २ बनाना चाहिये। मध्यकी वेदी तीन कटनीदार प्रतिमाओंके विराजमान करनेके लिये, उस वेदीकी बाई ओर वेदीमें होमके तीन कुण्ड गोल, चौखूंटे, व त्रिकोण होमके लिये बनाने चाहिये व दाहनी ओर राजगृहकी रचना होनी चाहिये। इनके आगे एक चबूतरा वास्ते मण्डल बनाने व पूजा करनेके लिये होना चाहिये। इस चबूतरेके आगे एक परदा नाटकके समान होना चाहिये। उसीके लगता ही आगे दूसरा चबूतरा होना चाहिये जहां प्रतिष्ठा संबंधी अनेक दृश्य बताए जासकें, जैसे माताका स्वप्न देखना, राज सभा, इन्द्रका आना, राजसभा, वैराग्य, समवशरण सभा, आदि। इन दोनों चबूतरो तक ऐसी आड़ कर देनी चाहिये कि सिवाय प्रतिष्ठामें उपयोगी व्यक्तियोंके और कोई प्रवेश नहीं कर सके। वेदीके पीछे सामग्री बनानेको व प्रतिष्ठाके योग्य सामान रखनेको स्थान नियत करना व पास ही जाप व सामायिक करनेका स्थान पीछे नियत करना चाहिये। शास्त्र सभा व उपदेश सभाके लिये अलग मण्डप बनाना व उसीमें ऊपरके भागमें एक पूजा-वेदी जुदी करना जिसमें प्रतिमा विराजमान रहे जिसमे यात्रीगण वहीं पूजा, शास्त्रादि क्रियाए कर सकें। प्रतिष्ठा मण्डपमें सिवाय प्रतिष्ठा विधिके और कार्य कोई न करे। विना ऐसा प्रबन्ध हुए प्रतिष्ठाका आनन्द शांतिपूर्वक नहीं मिल सक्ता है तथा छोटे२ बच्चोंके दिल बहलानेके लिये एक भिन्न मण्डप बना देना चाहिये जहां वे खेला करें। वहां कुछ तसबीरें लगा देनी चाहिये व कुछ खिलोने रख देने चाहिये। एक मंडप ऐसा हो जिसमें स्वदेशी वस्तुओंका बाजार हो उनमें स्त्रियां ही दूकानदार हों। बहुधा स्त्रियोंको वस्तुओंके खरीदनेका शौक होता है। यदि उनके लिये स्वदेशी पदार्थोंकी प्रदर्शनी रहे व स्त्रियां ही प्रबंधक हों तो उनका काम भी निकल जावे तथा जो निर्लज्जपना नीच लोगोंके सौदेवालोंके साथ स्त्रियोंके मिलने व बात करनेमें होता है यह भी जाता रहे।

७–प्रतिष्ठा करनेके लिये पात्रोंकी आवश्यक्ता–नीचे लिखे पात्र प्रतिष्ठाकी विधिमें आवश्यक हैं–(१) प्रतिष्ठा करानेवाला प्रतिष्ठाचार्य, (२) सौधर्म इन्द्र और उसकी इन्द्राणी, (३) कुछ इन्द्र या प्रत्येन्द्र, (४) तीर्थंकरके पिता, (५) तीर्थंकरकी माता, (६) पूजा पढ़ानेमें सहायक विद्वान् (७) सामग्री तय्यार करनेवाले चार महाशय (८) कमसे कम आठ पढ़ी हुई कन्याएं जो देवियोंका काम कर-सकें (९) लौकान्तिक देव आठ जो स्त्री रहित पुरुष सदाचारी हों (१०) एक सूचनाकर्ता (११) चार प्रबन्धक।

(१) प्रतिष्ठाचार्यका लक्षण–शास्त्रज्ञाता, सदाचारी, जिनधर्मका दृढ़ श्रद्धानी, संतोषी, पवित्र शरीरी, उच्च कुली, सात व्यसन रहित, ब्रह्मचारी, त्यागी या गृहस्थ हो, जबसे प्रतिष्ठाका कार्य करावे एक दफे भोजन करे, (पानी और भी पी सक्ता है), तीन काल सामायिक करे, रात्रिको कुछ न लेवे, ब्रह्मचर्य पाले, शुद्ध भोजन करे, शुद्ध श्वेत वस्त्र पहरे।

(२) इद्रका लक्षण—संपत्तिवान, राज्यवान, नवयुवक, उच्चकुली, जैनधर्मका दृढ़ श्रद्धानी, सदाचारी, शास्त्र ज्ञाता, मान्य, सप्त व्यसन त्यागी अर्थात् पाक्षिक श्रावकका आचार पालनेवाला हो। यह यज्ञोपवीतका धारी हो, कमसेकम नीचे लिखे गहने पहने–(१) करधनी कमरमें, (२) अंगुलीमें अंगूठी, (३) हाथमें कडे, (४) कंठमें हार, (५) कानोंमें कुण्डल, (६) मुकुट। जबतक प्रतिष्ठा समाप्त न हो एक दफे भोजन करे, दूसरी दफे पान पदार्थ ले सक्ता है। तीनो समय सामायिक करे। शुद्ध वस्त्र केसरसे रंगे हुए पहरें। गृहस्थके कार्योंसे निश्चिन्त हो। ब्रह्मचर्य पालें। इन्द्राणी भी इन्द्रके समान नियम पाले व पढ़ी हुई विचारवान होनी चाहिये। उसीकी स्त्री होना ठीक है।

(३) अन्य इन्द्र या पत्येन्द्र यदि ११ और होसकें तो अच्छा है। ये सब भी इन्द्रके समान नियम पालनेवाले हो।

(४) तीर्थंकरका पिता–मुख्य संघपति जो श्रद्धावान व सदाचारी हो व पाक्षिक श्रावकका नियम पालता हो। प्रतिष्ठा होनेतक रात्रि भोजन पानका त्यागी हो, दिनमें एक दफे भोजन करे, अन्य समय पान पदार्थ दूधादि ले सक्ता है, ब्रह्मचर्य पाले, घरके कार्योंसे निश्चिन्त हो, दो दफे सवेरे शाम सामायिक करे, चित्तका उदार तथा दानी हो तथा शिक्षित हो।

(५) तीर्थंकरकी माता–उसीकी स्त्री जो ऊपरके नियम पाले, शिक्षित या समझदार हो।

(६) पूजा पढ़ानेमें सहायक २ विद्वान् भी प्रतिष्ठा तक नियमसे रहें, एक भुक्त करें, दूसरी दफे पान पदार्थ लेवें, ब्रह्मचर्य पालें, पाक्षिक श्रावक हों।

(७) सामग्री तैयार करनेवाले ४ महाशय भी ऊपरकी भांति वर्तें।

(८) ८ कन्याएं जो १२ वर्षके अनुमान हों, स्वरूपवान हों, उनको शुद्ध केशरसे रंगे वस्त्र पहराए जावें, मुकुट लगावें, प्रतिष्ठा होनेतक पानी सिवाय रात्रिको कुछ न लेवें, दोनों काल जाप करें।

(९) ८ ब्रह्मचारी या स्त्री रहित वैरागी या उदासीन भाव रखनेवाले पुरुष सफेद, शुद्ध वस्त्र पहने व चांदीका सफेद ही मुकुट लगावें।

(१०) सूचनाकर्ता पढ़ा हुआ बुद्धिमान ऐसा हो जिसका स्वर ऊंचा व गंभीर तथा जो माननीय हो व विद्वान् हो।

(११) चार प्रबन्धक भाई ऐसे चतुर हों जो प्रतिष्ठामें आवश्यक वस्तुओंका प्रबन्ध पहलेसे ही कर देवें व जो प्रतिष्ठाचार्यसे सम्मति लेते रहें व उसकी आज्ञानुसार सब काम करें व यह देखें कि प्रतिष्ठाके कार्यमें सावधानी व शांति है व दर्शकगणोंका मन धर्मभावमें भीज रहा है।

८—नांदीविधान—श्री जिनमंदिरमें किसी शुभ दिन सब नरनारी एकत्र हों तथा ऊपर लिखे सर्व ही पात्र जो प्रतिष्ठाकी विधि करानेमें सहायक हैं सो एकत्र होवें। जब नित्य अभिषेक व पूजन होजावे तब श्री जिनभगवानके आगे वेदीपर साथिया बनावे और उसके ऊपर एक माला व वस्त्रसे वेष्टित कलशको कुलवंती स्त्रियां उस स्वस्तिकपर प्रथम अर्घ चढ़ाकर विराजमान करें।

फिर इन्द्र जिसको स्थापित किया हो उसको तथा तीर्थंकरका पिता जिसे स्थापन किया हो ये दोनों शुद्ध चंदनचर्चित जलसे स्नान करें और शुद्ध वस्त्र पहनकर आवें, तब श्री जिनमुनि हों तो उनके सामने नहींतो प्रतिमाजीके सामने प्रतिष्ठाचार्य नीचे लिखा मत्र पढ़कर पुष्प क्षेपण करे। दोनोंपर अलग २ मंत्र पढ़कर डाले।

ॐ ह्रीं अर्हं असिआउसा णमोअरहंताणं सर्वर्द्धिसमृद्धगणधराणं अनाहतपराक्रमस्ते भवतु।

फिर आगे इंद्र व मुख्य यजमान अर्थात् तीर्थंकरका पिता हाथ जोड़ खड़ा हो। पीछे अन्य सब पात्र खड़े हों और योगभक्ति तथा सिद्धभक्ति प्रतिष्ठाचार्य पढे तथा पढ़वावे। फिर कलशपर पुष्प क्षेपण करे व करावे। फिर नीचे लिखा मंत्र पढ़कर तीर्थंकरके पिता-पर पुष्प क्षेपण करे—

" ॐ अद्य (यहां देश, नगर, काल कहे) अस्य यजमानस्य (यहां तीर्थंकरके पिता बननेवालेका नाम ले) इक्ष्वाकवंशी

श्री ऋषभनाथ संताने काश्यपगोत्रे परावर्तनं यावदध्वरं भवतु भवतु क्रौं ह्रीं हूँ नमः । ”

नोट–जिस तीर्थंकरकी प्रतिष्ठा करनी हो उसीका वंश व गोत्रका नाम ले। उस यजमानमें जबतक प्रतिष्ठा पूर्ण न हो स्थापित करे। फिर आचार्य यजमानके पट्टबंध और इन्द्रके मुकुटबंध बांधे। इस दिन इन्द्र तथा यजमान उपवास व एकभुक्त करे तथा अबसे प्रतिष्ठा होनेतक किसीकी पंक्तिमें भोजन न करे–शुद्ध भोजन करे। फिर सब पात्र जो जो नियम पहले बताए गए हैं उनके पालनेका संकल्प करें। जिस समय पट्ट बांधा जावे व मुकुट बांधा जावे उस समय मंदिरके बाहर बाजे बजाए जावें। फिर सब पात्र खड़े होकर शांतिपाठ व विसर्जन करें।

९–मंडपरक्षा विधि व ध्वजादंड स्थापित करना–जहां प्रतिष्ठाकी विधि की जाय उस मंडपको यथायोग्य ध्वजाओंसे सज्जित करें, द्वारोंपर वंदनमालाए बांधें व चार तरफके मुख्य द्वारोंपर धूप घट रक्खें जिसमें धूप सदा दिनमें दीजाया करे व चार मुख्य कलश मट्टीके या धातुके वस्त्रसे सज्जित कर व ९ दफे णमोकार मंत्र पढ़कर मंत्रितकर चारों मुख्य द्वारोंपर विराजमान करे।

जिस दिन मंडप प्रतिष्ठा व ध्वजा स्थापन विधि हो उस दिन नरनारी व प्रतिष्ठा करानेवाले सब पात्र उपस्थित हों। मडपकी ऊंचाईसे दुगना व अधिक ऊंचा ध्वजादंड तय्यार किया जावे उसमें त्रिकोणी ध्वजा बड़ी शुद्ध वस्त्रकी रंगीन तय्यार की जावे। उस ध्वजामें श्री अरहंतका चित्र आठ प्रातिहार्य सहित चित्रित हो। यदि चित्र न बन सके तो बड़ा ॐ लिखा जावे तथा नीचे लिखा जावे–जैनधर्मकी जय। फिर लिखा जावे श्री जिनेन्द्रमूर्ति प्रतिष्ठामंडपमें पधारिये। इस ध्वजादंडको मंडपके आगे तीन कटनीदार चबूतरा बनाकर बीचमें मजबूत गाड़ा जावे।

इस दिन ऊपर टेबिलपर शास्त्र या यंत्र विराजमान करके इन्द्र पहले नित्य व सिद्धपूजा करे। सामने ध्वजादंड रक्खा हो। सिद्धभक्ति तथा श्रुतभक्ति पढ़े। फिर नीचे लिखा मंत्र पढ़कर ध्वजापर पुष्प क्षेपे–

ॐ ह्रीं अर्हं जिनशासनपताके सदोच्छ्रिता तिष्ठ तिष्ठ भव भव वषट् स्वाहा।

फिर उदक चंदनादि बोलकर अर्घ चढ़ावे और ध्वजादंडको चबूतरेपर खड़ा करावे।

फिर इन्द्र नीचेप्रकार देवोंको प्रतिष्ठाविधिमें सेवा करनेकी आज्ञा करे।

(१) चार प्रकार देवोंको नीचेका श्लोक पढ़कर कहे व मंडपके चारों तरफ पुष्प क्षेपे।

चतुर्णिकायामरसंघ एष, आगस यज्ञे विधिना नियोगं। स्वाकृत्य भक्त्या हि यथार्हदेशे, सुस्था भवंत्वान्हिककल्पनायाम् ॥

(२) पवनकुमार देवोंको यह पढ़कर कहे व पुष्प क्षेपे—

आयातमारुतसुराः पवनोद्भयाशाः, संघट्टसंलसितनिर्मलतांतरीक्षाः ।
वात्यादिदोषपरिभूतवसुंधरायां, प्रत्यूहकर्म निखिलं परिमार्जयंतु ॥

(३) वास्तुकुमारदेवोंको कहे व पुष्प क्षेपे—

आयातवास्तुविधिषूद्धसंनिवेशा, योग्यांशभागपरिपुष्टवपुः प्रदेशाः ।
अस्मिन् मखे रुचिरसुस्थितभूषणांके, सुस्था यथार्हविधिना जिनभक्तिभाजः ॥

(४) मेघकुमारदेवोंको कहे व पुष्प क्षेपे—

आयातनिर्मलनभः कृतसनिवेशा, मेघासुराः प्रमदभारनमच्छिरस्काः ।
अस्मिन्मखे विकृत विक्रियया नितांते, सुस्था भवंतु जिनभक्तिमुदाहरंतु ॥

(५) अग्निकुमार देवोंको कहे व पुष्प क्षेपे—

आयातपावकसुराः सुरराज पूज्य, संस्थापनाविधिषु संस्कृतविक्रियार्हाः ।
स्थाने यथोचितकृते परिवद्धकक्षाः, संतु श्रियं लभत पुण्यसमाजभाजां ॥

(६) नागकुमार जातिके देवोंको कहे व पुष्प क्षेपे—

नागाः समाविशतभूतलसंनिवेशाः, स्वां-भक्तिमुल्लसितगात्रतया प्रकाश्य ।
आशीविषादिकृतविघ्नविनाशहेतोः, स्वस्था भवंतु निजयोग्यमहामनेषु ॥

(७) फिर पूर्व ओरके द्वारपाल यक्षको नीचेका श्लोक पढ़कर स्थापित करे तब पूर्व द्वारपर जो कलश रक्खा है उसपर पुष्प क्षेपे—

पुरुहूतदिशिस्थिति मे हि करोद्, धृतकांचनदंडगखंडरुचे । विधिना कुमुदेश्वरसव्यशये, धृतपंकजशंकितकंकणके ॥

(८) फिर ऊपरके समान दक्षिण दिशामें स्थापान करे—

वामनाशुयमदिग्विभागतः, स्थानमेहि जिनयज्ञकर्मणि । भक्तिभारकृतदुष्टनिग्रहः, पूतशासनकृतामवंध्यकः ॥

(९) इसी तरह पश्चिम दिशामें करे—

पश्चिमासु विततासु हरित्सु, भूरिभक्तिभरभूकृतपीठाः । अंजनस्वहितकाम्ययाऽध्वरे, तिष्ठ विघ्नविलयं प्रणिधेहि ॥

(१०) इसी तरह उत्तर दिशामें करे—

पुष्पदंतभवनासुरमध्ये, सत्कृतोऽसि यत इत्थमवोचम् । उत्तरत्र मणिदंडकराग्रस्तिष्ठ विघ्नविनिवृत्तिविधायी ॥

इसतरह चार द्वारपर चार यक्ष द्वारपाल स्थापे ।

(१२) कुबेरको रत्नवृष्टि आदिके लिये नियत करे ।

करकनककुसुमानामंजलिं संवितीर्य, धनदमणिसुरत्नानीशपूजार्थसार्थं ।
किर किर शीघ्रं भक्तिमुद्भावयित्वा, निगदतु परमांके मंडपोर्ध्वावकाशे ॥

इतना पढ़ पुष्प मंडपके ऊपर क्षेपण करे ।

फिर सब पात्र मिलकर स्तुति पढ़ते हुए ध्वजादंड सहित मंडपकी तीन प्रदक्षिणा दें और शांतिपाठ विसर्जन करे । ध्वजादंड स्थापनके समय व आगे पीछे वादित्र बजाए जावें ।

१०–जप करनेकी विधि विम्ब प्रतिष्ठामें १लाख व मंदिर या वेदी प्रतिष्ठामें १०००० या ८००० जप करना उचित है। इस जपको गर्भकल्याणकके होनेके पहले तक मंडपकी वेदीके स्थानमें बैठकर समाप्त किया जावे ।

यदि १० आदमी हों व १००० जप रोज करें तो १० दिन चाहिये। यदि अधिक हों व कम हों तो जिस तरह १ लाख जप पूरे हों वह प्रबन्ध किया जावे ।

एक लाख लौंगे गिन ली जावें । जप करनेवाले आगे अग्निकी अंगीठी रख लेवें तथा एक एक मंत्र पढ़ते हुए एक एक लौंग डालते जावें । शुद्ध वस्त्र पहनकर सवेरेके समय निराहार निर्मलभावसे जप करें । अशुद्ध बोलनेवाले न हों—

" ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असिआउसा सर्वविघ्न विनाशनाय स्वाहा । "

११–याग मंडल बनानेकी विधि–मंडपमें मूल मध्य वेदीके आगे जो चबूतरा हो उसपर मंडल बनानेकी आवश्यक्ता है। मंडल बनानेके लिये सफेद, पीला, लाल, काला, हरा इन पांच रंगोंके रंगे हुए चावल तय्यार करे और इनसे बहुत सुन्दर मण्डल

नीचे प्रमाण बनावे । या अन्य तरहके चूर्णसे मंडल बनावे जो बिगड़े नहीं । मध्यमें ॐ लिखे, उसके चारों तरफ एक वलय बनावें ।

(१) पहले वलयमें १७ खाने करे व १७ पुंज भिन्न २ रक्खे या १७ फूल बनावे व १७ नाम नीचे प्रमाण लिखे । अपनी बाईं ओरसे शुरू करके घूमते हुए दाहनेको आवे, जैसे प्रदक्षिणा देते हैं—

१ अरहंत, २ सिद्ध, ३ आचार्य, ४ उपाध्याय, ५ साधु, ६ अर्हंत मंगलं, ७ सिद्ध मंगलं, ८ साधु मंगलं, ९ केवलि प्रज्ञप्त-धर्म मंगलं, १० अर्हंत लोकोत्तम, ११ सिद्ध लोकोत्तम, १२ साधु लोकोत्तम, १३ केवलीप्रज्ञप्तधर्म लोकोत्तम (इसको कम करके भी लिख सक्ता है—के० प्र० धर्म लोकोत्तम), १४ अर्हंत शरण, १५ सिद्ध शरणं, १६ साधु शरणं, १७ के० प्र० धर्म शरणं ।

(२) उसके बाहर दूसरा वलय खींचे—उसमें २४ भूतचौवीसीके २४ खाने करके पुंज रक्खे या फूल बनावे व अलग २ नीचे प्रकार नाम लिखे—

१ निर्वाण, २ सागर, ३ महासाधु, ४ विमलप्रभ, ५ शुद्धाभदेव, ६ श्रीधर, ७ श्रीदत्त, ८ सिद्धाभ, ९ अमलप्रभ, १० उद्धार, ११ अग्निदेव, १२ संयम, १३ शिव, १४ पुष्पांजलि, १५ उत्साह, १६ परमेश्वर, १७ ज्ञानेश्वर, १८ विमलेश्वर, १९ यशोधर, २० कृष्णमति, २१ ज्ञानमति, २२ शुद्धमति, २३ श्रीभद्र, २४ अनंतवीर्य । फिर तीसरा वलय खींचे ।

(३) तीसरा वलय—इसमें भी २४ कोठे करके २४ पुंज रक्खे या २४ फूल बनावे या २४ नाम वर्तमान जिनके लिखे—

१ ऋषभ, २, अजित, ३ संभव, ४ अभिनंदन, ५ सुमति, ६ पद्मप्रभ, ७ सुपार्श्व, ८ चंद्रप्रभ, ९ पुष्पदंत, १० सीतल, ११ श्रेयांश, १२ वासुपूज्य, १३ विमल, १४ अनंत, १५ धर्म, १६ शांति, १७ कुंथु, १८ अर, १९ मल्लि, २० मुनिसुव्रत, २१ नमि, २२ नेमि, २३ पार्श्वनाथ, २४ वर्द्धमान । इसके आगे चौथा वलय खींचे ।

(४) चौथा वलय—इसमें भी २४ कोठे खींच करके २४ पुंज रक्खे या २४ फूल बनावे या २४ नाम भविष्य जिनके लिखे—

१ महापद्म, २ सुरप्रभ, ३ सुप्रभु, ४ स्वयंप्रभ, ५ सर्वायुध, ६ जयदेव, ७ उदयप्रभ, ८ प्रभादेव, ९ उदंकदेव, १० प्रश्नकीर्ति, ११ जयकीर्ति, १२ पूर्णबुद्धि, १३ निःकषाय, १४ विमलप्रभ, १५ बहुलप्रभ, १६ निर्मल, १७ चित्रगुप्ति, १८ समाधि-गुप्ति, १९ स्वयंभू, २० कंदर्प, २१ जयनाथ, २२ विमल, २३ दिव्यवाद, २४ अनंतवीर्य । इसके आगे पांचवा वलय खींचे ।

(५) पांचवा वलय—इसमें २० कोठे करके २० पुंज रक्खे या २० फूल बनावे या नीचे लिखे २० नाम विदेहके वर्तमान

तीर्थंकरोंके लिखे—

१ सीमंधर, २ युगमंधर, ३ बाहु, ४ सुबाहु, ५ संजातक, ६ स्वयंप्रभ, ७ ऋषभानन, ८ अनंतवीर्य, ९ सुरिप्रभ, १० विशालप्रभ, ११ वज्रधर, १२ चंद्रानन, १३ चंद्रबाहु, १४ भुजंगम, १५ ईश्वर, १६ नेमिप्रभ, १७ वीरसेन, १८ महाभद्र, १९ देवयश, २० अजितवीर्य। इसके आगे छठा वलय खींचे।

(६) छठा वलय—इसमें आचार्यके छतीस गुणके लिये छतीस कोठे करे, फूल बनावे या उनमें इतने ही पुंज करे या गुणोंके नाम नीचे प्रमाण लिखे—

१ दर्शनाचार, २ ज्ञानाचार, ३ चारित्राचार, ४ तपाचार, ५ वीर्याचार, ६ अनशन तप, ७ अवमोदर्य, ८ वृत्तिपरिसंख्यान, ९ रस परित्याग, १० विविक्तशय्यासन, ११ कायक्लेश, १२ प्रायश्चित्त, १३ विनय, १४ वैयावृत्त्य, १५ स्वाध्याय, १६ व्युत्सर्ग, १७ ध्यान, १८ उत्तम क्षमा, १९ उत्तम मार्दव, २० उ० आर्जव, २१ उ० सत्य, २२ उ० शौच, २३ उ० संयम, २४ उ० तप, २५ उ० त्याग, २६ उ० आकिंचन्य, २७ उ० ब्रह्मचर्य, २८ मनोगुप्ति, २९ वचनगुप्ति, ३० कायगुप्ति, ३१ सामायिक, ३२ वंदना, ३३ स्तवन, ३४ प्रतिक्रमण, ३५ स्वाध्याय, ३६ कायोत्सर्ग। इसके आगे सातवां वलय खींचे।

(७) सातवां वलय—इसमें २५ कोठे करे, २५ पुंज रक्खे या २५ फूल बनावे या २५ गुण उपाध्यायके नीचे प्रमाण लिखे—

१ आचारांग, २ सूत्रकृतांग, ३ स्थानांग, ४ समवायांग, ५ व्याख्याप्रज्ञप्ति, ६ ज्ञातृधर्मकथा, ७ उपासकाध्ययन, ८ अंतकृद्दशांग, ९ अनुत्तरोपपादिकांग, १० प्रश्नव्याकरण, ११ विपाक सूत्र, १२ उत्पादपूर्व, १३ अग्रायणी, १४ वीर्यानुवाद, १५ अस्तिनास्ति प्रवाद, १६ ज्ञानप्रवाद, १७ सत्यप्रवाद, १८ आत्मप्रवाद, १९ कर्मप्रवाद, २० प्रत्याहार, २१ विद्यानुवाद, २२ कल्याणवाद, २३ प्राणप्रवाद, २४ क्रियाविशाल, २५ त्रैलोक्यबिंदु। इसके आगे आठवां वलय खींचे।

(८) आठवां वलय—इसमें २८ कोठे करे, २८ पुंज रक्खे या २८ फूल बनावे या २८ गुण साधुके नीचे प्रमाण लिखे—

१ अहिंसा महाव्रत, २ सत्य, ३ अचौर्य, ४ ब्रह्मचर्य, ५ परिग्रह त्याग, ६ ईर्या समिति, ७ भाषा स०, ८ एषणा स०, ९ आदाननिक्षेपण स०, १० व्युत्सर्ग स०, ११ स्पर्शेंद्रिय जय, १२ रसनेंद्रिय जय, १३ घ्राणेंद्रिय जय, १४ चक्षुरिंद्रिय जय, १५ श्रोत्रेंद्रिय जय, १६ सामायिक, १७ वंदना, १८ स्तवन, १९ प्रतिक्रमण, २० स्वाध्याय, २१ कायोत्सर्ग, २२ भूमिशयन,

२३ अस्नान, २४ वस्त्र त्याग, २५ केशलोंच, २६ दंतधावन वर्जन, २७ एकभुक्त, २८ स्थित भोजन। इसके आगे नवमा वलय खींचे।

(९) नवमां वलय–इसमें ४८ कोठे करे, ४८ पूंज रक्खे व ४८ फूल बनावे व ४८ ऋद्धि नीचे प्रमाण लिखे। यहां इन ऋद्धियोंके धारक मुनियोंका संकेत है—

१ केवलज्ञान, २ मनःपर्याय ज्ञान, ३ अवधिज्ञान, ४ कोष्ठबुद्धि, ५ पादानुसारबुद्धि, ६ बीज बुद्धि, ७ संभिन्नश्रोत्र, ८ दूरस्पर्श, ९ दूरास्वादन, १० दूर घ्राण, ११ दूरावलोकन, १२ दूरश्रवण, १३ दश पूर्वित्व, १४ चतुर्दशपूर्वित्व, १५ प्रत्येक-बुद्धित्व, १६ वादित्व, १७ जलादि चारण ऋद्धि, १८ आकाश गमन, १९ अणिमादि ऋद्धि, २० अन्तर्धानादि ऋद्धि, २१ उग्रतप, २२ दीप्ततप्त, २३ तप्ततप, २४ महातप, २५ घोरतप, २६ घोर पराक्रम, २७ घोर ब्रह्मचर्य, २८ मनोबल, २९ वचन बल, ३० काय बल, ३१ आमर्षौषधि, ३२ क्ष्वेलौषधि, ३३ जलौषधि, ३४ मलौषधि, ३५ विडौषधि, ३६ सर्वौषधि, ३७ आस्याविष, ३८ दृष्टचविष, ३९ आशीविष, ४० दृष्टिविष, ४१ क्षीरश्रावि, ४२ मधुश्रावि, ४३ घृतश्रावि, ४४ अमृतश्रावि, ४५ अक्षीणमहानस, ४६ अक्षीणमहालय, (४७) १४५३ गणधर, (४८) २९४८००० तीर्थंकर समास्थित मुनि।

मण्डलके ४ कोनोंमें चार कोठे बनावे–उनमें चार गुलदस्ते बनावे या नीचे प्रमाण क्रमसे लिखे।

(१) ९२५५३२७९४८ अकृत्रिमजिनमूर्तयः। (२) ८५६९७४८१ अकृत्रिम जिनमंदिराः। (३) स्याद्वाद परम जिनागमः। (४) निश्चयव्यवहाररत्नत्रयस्वरूप जिनधर्मः।

इसतरह इस मण्डलमें कुल २५० कोठे बनावे–मण्डलको बहुत सुन्दर व दर्शनीय बनाना चाहिये। हम चांदी, रांगा आदि धातुओंके चूर्णसे या अन्य किसी चूर्णसे जिसमें प्रतिष्ठा पूर्ण होने तक त्रस जंतु न पड़ें, मण्डल बना सक्ते हैं, ऊपर सुन्दर चंदोवा होना चाहिये, तीन छत्र मध्यमें बंधे हों, वंदनवारें बंधी हों, चमरादिसे सुशोभित हो। मण्डलके ऊपर न स्थापना रखना चाहिये न कुछ चढ़ाना चाहिये। वह मात्र स्मृति करानेके लिये है। सर्व दर्शकगण देख करके अपने भावोंको निर्मल करें यह प्रयोजन है। मण्डलको चौकीपर चद्दर बिछाकर भी बना सक्ते हैं।

१२–मण्डलमें श्री जिनबिम्ब स्थापन–याग मण्डलकी पूजा गर्भकल्याणकके एक दिन पहले करनी चाहिये। इनके एक दिन पहले श्री जिन मंदिरसे प्रतिष्ठित बिम्ब लाकर मध्य वेदीमें विराजमान करना चाहिये। बिम्बको रथमें या पालकीमें यथायोग्य

उत्सवके साथ लाना व विराजमान करना उचित है तथा इस वेदीमें आठ मङ्गल द्रव्य जो सुन्दर बने हो स्थापित करना चाहिये। अर्थात् १ छत्र, २ ध्वजा, ३ कलश, ४ चामर, ५ ठोना (सप्रतिष्ठ), ६ झारी, ७ दर्पण, ८ पंखा।

१३—याग मण्डलकी पूजाके लिये तय्यारी—जिस दिन याग मण्डलकी पूजा हो मण्डपमें स्त्री पुरुषोंको यथायोग्य बैठनेका प्रबन्ध टिकट द्वारा किया जावे। जो प्रबंधकर्ता हों उनको प्रबंध सम्बंधी खास टिकट दिये जावें। जितने पात्र पहले कहे गए हैं उनमें लौकांतिक देवोंको छोड़कर और सब उपस्थित हों। उनमें प्रतिष्ठाचार्य, इन्द्र तथा मुख्य यजमान जो तीर्थंकरका पिता है ये तीन नीचे-प्रकार क्रिया करके शुद्धि करें। अन्य सब पात्र बैठे रहें उनपर प्रतिष्ठाचार्य समय२ पुष्पांजलि क्षेपण करें। सामग्री तय्यार करनेवाले, सूचनाकर्ता व प्रबंधक इस शुद्धि विधानमें शरीक न हों तो हर्ज नहीं है। सब शुद्ध वस्त्र सुन्दर केशरिया रंगे हुए पहनें। आचार्य श्वेत वस्त्र पहने। प्रायः वस्त्रोंमें बिना सिले धोती डुपट्टे पहने जावें जिससे शरीर हलका रहे, पसेवकी रज निकल सके व शुद्ध पवन प्रवेश कर सके।

१४—अंगशुद्धि, न्यास व सकलीकरण क्रिया—जब सब पात्र यथायोग्य आसनपर याग मण्डलके सामने बैठ जावें तब अंग-शुद्धि विधान आचार्य प्रारम्भ करे—

(१) नीचे लिखा मंत्र पढ़कर शुद्ध जल अपने ऊपर व दूसरोंपर छिड़के—अर्थात् अमृत स्नान करे—

ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय सं हं झ्वीं क्ष्वीं हं सः स्वाहा।

इसके पहले सब कोई तीन वार णमोकार मंत्र पढ़ लेवें तब अमृत स्नान करें।

(२) फिर नीचे लिखा श्लोक पढ़कर अपनी२ धोतीको स्पर्श करें—

धौतांतरीयं विधुकांतिसूत्रैः, सद् ग्रंथितं धौतनवीन शुद्धं। नग्नत्वलज्जिन्न भवेच्च यावत् संधार्यते भूषणमूरुभूम्याः ॥

(३) फिर नीचे लिखा श्लोक पढ़ अपना२ डुपट्टा स्पर्श करे—

संद्धानमंचद्दशया विभांतमखंडधौताभिनवं मृदुत्वं। संधार्यते पीतासितांशुवर्णपंशोपरिष्टाद् धृतभूषणांकं ॥

(४) फिर अंग शुद्धिके लिये सर्व अंगमें नौ स्थानोमें चंदन लगावे तब नीचे लिखा मंत्र पढ़े—

नौ स्थान—१ ललाट (मत्था), २ मस्तक (सिर), ३ गला, ४ छाती, ५—६ दोनों बाहु, ७ पेट, ८ नाभि, ९ पीठ।

मंत्र—" ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः मम सर्वांगं शुद्धिं कुरु कुरु स्वाहा। "

(५) फिर मालाको चाहे रत्नकी हो या मोतीकी हो या सुवर्णकी हो या पुष्पकी हो या गून्थे हुए सूतकी हो, नीचेका श्लोक पढ़कर धारण करे—

जिनांघ्रिभूमिस्फुरितां स्रजं मे, स्वयंवरं यज्ञविधानपत्नी। करोतु यत्नादचलत्वहेतोरितीव मालामुररीकरोमि॥

(६) फिर नीचे लिखा श्लोक पढ़ मुकुट धारण करे—

शीर्षण्यशुंभन्मुकुटं त्रिलोकी हर्षाप्तराज्यस्य च पट्टबंधं। दधामि पापोर्मिकुलप्रहंतृ रत्नाढ्यमालाभिरुदंचितांगं॥

(७) फिर नीचे लिखा श्लोक पढ़कर कठमालाको पहने—

ग्रैवेयकं मौक्तिकदामधाम विराजितं स्वर्णनिबद्धमुक्तं। दधेऽध्वरापर्णविसर्पणेच्छुर्महाधना भोगानिरूपणांकं॥

(८) फिर गलेमें हार डाले तब यह श्लोक पढ़े—

मुक्तावलीगोस्तनचन्द्रमाला, विभूषणान्युत्तमनाकभाजां। यथार्हसंसर्गगतानि यज्ञलक्ष्मी समालिंगनकृद्दधेऽहं॥

(९) फिर कानोंमें कुडल पहने तब नीचे लिखा श्लोक बोले—

एकत्र भास्वानपरत्र सोमः सेवां विधातुं जिनपस्य भक्त्या। रूपं परात्तस्य च कुंडलस्य मिषादवाप्ते इव कुंडले द्वे॥

(१०) फिर भुजाओंमें भुजबन्ध पहने तब नीचेका श्लोक पढ़े—

भुजासु केयूरमपास्तदुष्टवीर्यस्य सम्यक् जयकृत् ध्वजांकं। दधे निधीनां नवकैश्च रत्नैर्विमंडितं सद्ग्रथितं सुवर्णे॥

(११) फिर नीचेका श्लोक पढ़कर यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहने या बदले—

यज्ञार्थमेवं सृजतादिचक्रेश्वरेण चिह्नं विधिभूषणानां। यज्ञोपवीतं विततं हि रत्नत्रयस्य मार्गं विदधाम्यतोऽहं।

(१२) फिर नीचेका श्लोक पढ़कर कटिमेखला या करधनी पहरे—

अन्यैश्च दीक्षां यजनस्य गाढं कुर्वद्भिरिष्टैः कटिसूत्रमुख्यैः। संभूषणैर्भूषयतां शरीरं, जिनेन्द्रपूजा सुखदा घटेत॥

नोट—इन गहनोंका पहनना इन्द्रके लिये आवश्यक है।

(१३) फिर नीचेका श्लोक पढ़कर नियम करे कि जबतक प्रतिष्ठाका कार्य न समाप्त होगा व्यापारादिकी चिंता छोड़ता हू

व एकचित्त होकर सर्व प्रतिष्ठाका कार्य करूंगा—

विधेर्विधातुर्यजनोत्सवेऽहं गेहादिमूर्च्छामपनोदयामि । अनन्यचेताः कृतिमादधामि, स्वर्गादि लक्ष्मीमपि हापयामि ॥

(१४) फिर अंग रक्षाके लिये पंचपरमेष्ठी वाचक अ सि आ उ सा पांच अक्षरोंको क्रमसे मस्तकमें, ललाटमें, नेत्रोंके मध्यमें, कण्ठमें व वक्षःस्थलमें धारण करे। फिर आचार्यभक्ति, सिद्धभक्ति, श्रुतभक्ति तथा चारित्रभक्ति पढ़ी जावे, फिर नौवार णमोकार मंत्र मनमें पढ़कर कायोत्सर्ग करे व अपने दोषोंकी आलोचना करे। फिर—

(१) ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां अगुष्ठाभ्यां नमः। ऐसा मंत्र पढ़कर दोनों अंगूठे शुद्ध करे अर्थात् पानीमें डबोवे या पानी छिड़के।

(२) ॐ ह्रीं णमोसिद्धाणं ह्री तर्जनीभ्यां नमः, तर्जनी दोनों अंगुलियोंको शुद्ध करे।

(३) ॐ ह्रूं णमो आइरीयाणं ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः, मध्यमा बीचकी दोनों अंगुलियोंको शुद्ध करे।

(४) ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं अनामिकाभ्यां नमः, दोनों अनामिका अंगुलियोंको शुद्ध करे।

(५) ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूण, ह्रः कनिष्ठिकाभ्यां नमः, दोनों सबसे छोटी अंगुलियोंको शुद्ध करे।

(६) ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्या नमः—दोनों हाथोंको दोनों तरफसे शुद्ध करे।

(७) ॐ ह्रीं णमो अरहंताणं ह्रां मम शीर्षं रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर मस्तकपर पुष्प डाले।

(८) ॐ ह्रीं णमोसिद्धाणं ह्रीं मम वदनं रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढकर अपने चिहरे (मुख)पर पुष्प क्षेपे।

(९) ॐ ह्रूं णमो आइरीयाणं ह्रू हृदयं मम रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर छातीपर पुष्प डाले।

(१०) ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौ मम नाभि रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर नाभिपर पुष्प क्षेपे।

(११) ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः मम पादौ रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढकर पगोपर पुष्प क्षेपे।

(१२) ॐ ह्रां णमो अरहताणं ह्रां पूर्वदिशात् आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मत्रको पढ़कर पूर्व दिशाकी ओर पुष्प क्षेपे। (१३) ॐ ह्री णमोसिद्धाणं ह्रीं दक्षिणदिशात् आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर दक्षिण दिशामें पुष्प क्षेपे।

(१४) ॐ ह्रूं णमो आइरीयाणं ह्रूं पश्चिमदिशात् आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर

पश्चिम दिशाकी ओर पुष्प क्षेपे। (१५) ॐ ह्रौ णमो उवज्झायाणं ह्रौ उत्तरदिशात् आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर उत्तर दिशाकी ओर पुष्प क्षेपे।

(१६) ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्वदिशात् आगतविघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर सर्व दिशाओंपर पुष्प क्षेपे।

(१७) ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां मां रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढकर अपने भीतर अंगपर पुष्प क्षेपे।

(१८) ॐ ह्रीं णमो सिद्धाण ह्रीं मम वस्त्रं रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढ़कर अपने वस्त्रोपर पुष्प क्षेपे।

(१९) ॐ ह्रूं णमो आइरीयाण ह्रू मम पूजाद्रव्य रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मत्रको पढकर पूजाकी सामग्री आदिपर पुष्प डाले।

(२०) ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं मम स्थलं रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढकर पूजनके स्थानपर पुष्प क्षेपे।

(२१) ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूण ह्रः सर्वं जगत् रक्ष रक्ष स्वाहा, इस मंत्रको पढकर चारों तरफ लोगोंपर पुष्प क्षेपे।

(२२) क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः यह मत्र पढ सर्व दिशापर पुष्प क्षेपे। (२३) ह्रां ह्रीं ह्रू ह्रौ ह्रः यह मत्र पढ सर्व दिशापर पुष्प क्षेपे।

(२४) ॐ ह्री अमृते अमृतोद्‌भवे अमृतवर्षिणि अमृतं श्रावय श्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूँ ब्लूँ द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय ठः ठः स्वाहा। इस मंत्रको पढ़कर चूल्लमें पवित्र जल ले मस्तकपर डाले। (२५) फिर ऐसा ध्यान करे कि अपने मस्तकरूपी मेरुपर्वतपर श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र स्थापित हैं अर देवोंके समूह अभिषेक कर रहे हैं, उस जलसे मैं पवित्र भया हू।

(२६) फिर नीचे लिखे मत्रको नौवार जपे—ॐ ह्रीं णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं स्वाहा। ॐ ह्री णमो आइरीयाणं णमो उवज्झायाणं स्वाहा। ॐ ह्रीं णमो लोए सव्वसाहूणं स्वाहा—पीछें मनमें अपने दोषोंकी आलोचना करे।

(२७) फिर दोनों हाथोंकी अंगुलियोंसे अपने हृदयको स्पर्शे और यह मंत्र पढे—ॐ ह्रा णमो अरहंताणं ह्रा स्वाहा।

(२८) इसी तरह ललाटको स्पर्शे व पढे—ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं स्वाहा।

(२९) इसी तरह सिरके दाहनी ओर—ॐ ह्रूं णमो आइरीयाण ह्रूं स्वाहा।

(३०) इसी तरह सिरके पीछे—ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं स्वाहा।

(३१) इसी तरह सिरके बांई ओर—ॐ ह्रः णमोलोए सव्वसाहूण ह्रः स्वाहा।

(३२) नीचे लिखा मंत्र ७ वार पढ़कर पुष्पोंमें फूक देकर सर्व पात्रोंपर व प्रबन्धक आदिपर क्षेपें—ॐ नमोऽर्हते सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा। (३३) फिर नीचे लिखा मंत्र पढ़ पुष्पोंको फूकदेकर सर्व विघ्नोंकी शांतिके लिये सर्व दिशाओंपर क्षेपे—ॐ क्षूं हूं फट् किरिटिं घातय घातय परिविघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्रखंडान् कुरु कुरु परमुद्रां छिन्द छिन्द परमंत्रान् भिंद भिंद क्षां क्ष्वः फट् स्वाहा।

द्वितीय अध्याय।

यागमंडलकी पूजा।

ऊपर कहे अनुसार प्रतिष्ठाके मुख्य पात्र जब अपनी शुद्धि कर चुकें व रक्षाका उपाय कर चुकें तब सबको खड़े होकर व हाथ जोड़कर नीचे लिखी स्तुति पढ़नी चाहिये।

स्तुति।

दोहा—वंदौं श्री अरहंतको, वंदौं सिद्ध महान। आचारज उवझाय मुनि, वंदौं करके ध्यान ॥

पद्धरी छन्द।

जय वीतराग सर्वज्ञ देव, तुम ही मंगलकर देव देव। तुम ही अघहर्ता पूज्य देव, तुमरी शरणा सुख-हेतु देव ॥१॥
तुम अक्षजीत तुम कामजीत, तुम द्वेषजीत तुम लोभजीत। तुम रागजीत तुम कर्मजीत, तुम मोहजीत तुम मानजीत ॥२॥
तुम जगत ध्येय तुम सत्य ध्यान, तुम ही गुण निर्मलके निधान। तुम समदर्शी समता अधीश, भवि भक्ति करैं निज नाय शीस ॥३॥
तुम ही जगपावन हो उदार, तुम ही दाता निज ज्ञान धार। तुम ही भव भ्रमण विनष्टकार, तुम ही भवदधिसे पारकार ॥४॥
तुम नहिं प्रसन्न तुम नहिं निराश, तौभी भक्तनकी पूर्ण आश। यह महिमा कैसे कही जाय, तुम ध्यानगम्य योगी सहाय ॥५॥
वंदे तव पद हम वारवार, यह कार्य होय निर्विघ्न पार। कल्याणक पंच करन महान, उमगे हम तुमरी शरण आन ॥६॥
सब कार्य होंय सुख शांति कार, होवें मंगल दिन दिन उदार। राजा पिरजा सब सुखी होय, जिनधर्मतनो उद्योत होय ॥७॥
हम ज्ञानहीन विधि ते अजान, तव भक्ति करे हिय गुण पिछान। जो भूलें चूकें क्षम्य नाथ, विनती करते हम जोड़ हाथ ॥८॥

फिर अभिषेकपूर्वक नित्यनियम पूजा व सिद्ध पूजा करे।

अभिषेककी संक्षेप विधि—

(१) उच्च आसनपर चौकी या थाली विराजमान करे उस समय यह मंत्र पढ़ें—ॐ ह्रीं अर्हं क्ष्मं ठः ठः श्रीपीठस्थापनं करोमि स्वाहा।

(२) फिर उस थाली या चौकीको पवित्र जलसे धोवे तब यह मंत्र पढ़े—

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतरजलेन श्री पीठप्रक्षालनं करोमि स्वाहा।

(३) फिर उसपर साथिया बनाकर श्रीजिन प्रतिमाको स्थापित करे तब यह मंत्र पढ़े—ॐ ह्रीं अर्हं धर्मतीर्थं आदिनाथ (यहां अन्य तीर्थंकरका नाम ले जिस प्रतिमाको विराजमान करे) भगवन् इह पांडुकशिला पीठे तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।

(४) फिर शुद्ध जल प्राशुक लेकर प्रतिमाका अभिषेक करे तब यह पढ़े—

श्रीमद्भिः सुरसैर्निसर्गविमलैः पुण्याशयाभ्याहृतैः। शीतैश्चारुघटाश्रितैरवितथैः सन्तापविच्छेदकैः॥
तृष्णोद्रेकहरै रजः प्रशमकैः प्राणोपमैः प्राणिनां। तोयैर्जैनवचोऽमृतातिशयिभिः संस्नापयामो जिनम्॥
सौरभेन परां शुद्धिं धारिणा तीर्थवारिणा। स्वभावपदमापन्नं सिद्धं संस्नापये जिनम्॥

ॐ जय जय जय अर्हंतं भगवंतं शुद्धोदकेन सस्नापयामीति स्वाहा। (५) फिर प्रतिमाको पोंछकर वेदीपर विराजमान करे।

(६) गंधोदक दो बडे मुखके ग्लासोंमें भरे व दो ग्लास केवल जलसे भरे उसमें लवंग डाल दे। एक प्रवीण पुरुषको एक ग्लास गंधोदकका व एक ग्लास जलका देदे जो सर्व दर्शक पुरुषोंके पास लेजावें जो नम्बरवार गंधोदक मस्तकादिपर लगावें। इसी तरह एक प्रवीण स्त्री या कन्याको दो ग्लास देदिये जावें, यह स्त्रियोंको नम्बरवार देवे। गंधोदक गिरे नहीं इससे ग्लासमें देना ठीक है। उंगली डबोकर लेलिया जावे फिर उनको दूसरेमें डबोकर शुद्ध कर लिया जावे। (७) अभिषेकके पीछे इन्द्र मुख्यतासे नित्यप्रति होनेवाली संस्कृत, देव–शास्त्र–गुरुपूजा व सिद्धपूजा करे जो पाठके अन्तमें दी हुई है। (८) फिर शांतिकेअर्थ तीनों कुंडोंमें होम किया जावे।

होमकी विधि—तीन कुण्डोंमें चौकोर □ कुण्ड जो तीर्थंकरके निर्वाणकी अग्निका प्रद्योतक है मध्यमें बनावें, उसकी दाहनी तरफ अर्द्धचन्द्राकार ◡ कुण्ड बनावे जो सामान्य केवलीकी निर्वाणकी अग्निका द्योतक है और बाईं तरफ त्रिकोण △ कुण्ड बनावे जो गणधरके निर्वाणकी अग्निका बतानेवाला है। १ हाथ गहरे व इतनी ही इनकी भुजाएँ हों, अर्द्धचन्द्रका व्यास आध हाथका हो। ये कुण्ड तीन कटनीदार हों। तीनों कटनीपर सब ओर साथिया बनावे—

(१) नीरजसे नमः–यह पढ़कर जहां होम करना है उस भूमिको पवित्र करे। (२) दर्पमथनाय नमः–यह पढ़कर वहां डाभका आसन बिछावे। हरएक कुण्डमें दो इन्द्र नियत हों। एक होमकी सामग्री डाले दूसरा घी काष्टकी कड़छीसे डाले। फिर हरएक इन्द्र आसनपर बैठ जावे। (३) सीलगन्धाय नमः–यह पढ़कर प्राशुक जलसे चारों ओर छींटे देवे। (४) विमलाय नमः–यह पढकर भूमिमें पुष्प चढावे। (५) अक्षताय नमः–यह पढकर वहां अक्षत चढ़ावे। (६) श्रुतधूपाय नमः–यह पढ़कर धूपायनमें धूप खेवे। (७) ज्ञानोद्योताय नमः–पह पढकर दीप चढ़ावे या दीपसे आरती करे। (८) परमसिद्धाय नमः–यह पढकर नैवेद्य चढ़ावे।

(९) कुडोंमें साथिया बनावे और नीचे प्रकार लकड़ी इतनी चुने जिसकी लौ कुछ ऊंची कुण्डसे रहे, बहुत अधिक न बढ़े जिससे कोई प्रकारका भय हो। लाल चंदन, सफेद चंदन, कपूर, अगर, पीपल व आककी लकड़ी व अन्य शुद्ध लकड़ी जिसमें जंतु न हों।

भाषा भुजंगप्रयात छन्द-जिनेन्द्रोक्त धर्मं दयाभाव रूपा, यही द्वैविधा संयमं है अनूपा ।
यही रत्नत्रय मय क्षमा आदि दशधा, यही स्वानुभव पूजिये द्रव्य अठधा ॥

ॐ ह्रीं दशलक्षणोत्तमादित्रिलक्षणसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूप तथा मुनिगृहस्थाचारभेदेन द्विविध तथा दयारूपत्वेनैकरूपजिनधर्मायऽर्घं नि०।

यागमंडलसमुद्धृता जिनाः सिद्धवीतमदनाः श्रुतानि च । चैत्यचैत्यगृहधर्ममागमं संयजामि सुविशुद्धिपूर्तये ॥७१२॥

भाषा दोहा-अर्हतसिद्धाचार्य गुरु, साधु जिनागम धर्म । चैत्य चैत्य ग्रह देव नव, यज मण्डल कर सर्म ॥

ॐ ह्रीं सर्वयागमण्डलदेवताभ्यः पूर्णार्घम् । चारों कोनोंपर चार नारियल चढ़ावे ।

शांतिः पुष्टिरनाकुलत्वमुदितभ्राजिष्णुताविष्कृतिः संसारार्णवदुःखदावशमनं निःश्रेयसोद्भूतिता ।
सौराज्यं मुनिवर्यपादवरिवस्याप्रक्रमो निस्तशो भूयादभ्रशराक्षिनायकमहापूजाप्रभावान्मम ॥ ७१३ ॥

।।पा अडिल्ल—सर्व विघ्न क्षय जाय शांति बाढ़े सही, भव्य पुष्टता लहैं क्षोभ उपजे नहीं ।
पंच कल्याणक होंय सबहि मंगल करा, जासे भवदधि पार लेय शिवघर शिरा ॥

इत्याशीर्वादः—पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

फिर—आचार्य भक्ति, अर्हन्त भक्ति, सिद्धभक्ति, श्रुतभक्ति, चारित्रभक्ति पढ़े जो अन्तमें दी हुई है ।

पश्चात् शांतिपाठ विसर्जन करके यागमण्डलकी पूजा समाप्त करे । जबसे यह मण्डल पूजा शुरू हो तबसे पूर्ण होने तक सब नरनारियोंको एकाग्र हो सुनना चाहिये । जिसको कोई प्रकारकी बाधा मेटनी हो वह शांतिसे जावे, टिकट द्वारपर दे देवे, यदि लौटकर आना हो तो एक दूसरे प्रकारका टिकट रक्खा जावे जो छुट्टीका हो सो दे दिया जावे । जब यह लौटे फिर वह टिकट दे दिया जावे । मण्डल पूर्ण होनेपर सबके टिकट ले लिये जावें । यही क्रम हरएक दिन मण्डपके लिये हो । अब मण्डप चारों तरफसे बंद कर दिया जावे वह वेदीके आगे जो दो चबूतरे हैं वहां तीनों तरफ परदा रहे व पहले चबूतरेके आगे अलग परदा रहे । अब सब परदा बंदकर दिये जावें ।

अध्याय तीसरा ।

गर्भकल्याणक ।

यागमंडलकी पूजा दिनमें समाप्त हो जानेपर यदि तीसरे पहर समय हो तब तो संध्यासे पहले नीचेकी क्रिया की जावे । यदि दिनमें समय न हो तो रात्रिको क्रिया की जावे ।

(१) इन्द्रकी स्वर्गपुरीकी सभा व कुवेरको आदेश—वेदीके आगे जो दो चबूतरे हैं, एकपर यागमंडल है दूसरा खाली है । यागमंडल प्रतिष्ठा होने तक रहने दिया जावे । पहले चबूतरेके आगे परदा डालकर दूसरेपर परदेके भीतर पहले सभा लगाई जावे । सौधर्म इन्द्र व इन्द्राणी सिंहासनपर बैठें, कुछ देवता इधर उधर बैठें, सामने उपदेशी भजन गाजे बाजेके साथ होरहे हों ऐसा सामान रचकर

पमें टिकटोंके द्वारा नरनारी एकत्र हों तब परदा उठाया जावे। परदा उठनेके पहले सूचक पात्र सबको यह सूचना करे—

इन्द्र अपनी सभामें बैठकर श्रीऋषभदेव तीर्थंकरका जन्म होगा ऐसा स्मरण करते हैं और कुवेरको आज्ञा देते हैं कि वह अयोध्या-रीकी रचना करे तथा राजाके आंगनमें रत्नवृष्टि करे तथा कुमारिका देवियोंको आज्ञा करे कि वे माताका गर्भ शोधन करें।

परदा यकायक उठे तब भजन हो रहे हों। कुछ देर भजन होकर इन्द्र–इन्द्राणी सिंहासनसे उठकर खड़े हों तब सभा निवासी र देव भी खड़े हों और नीचे प्रकार श्री जिनेन्द्रकी स्तुति सब मिलकर हाथ जोड़कर करें, भजन गाना बंद हो। यदि वाजेके साथ ति पढ़ी जासके तो वैसा किया जावे अन्यथा योंही पढ़ी जाय पर स्पष्ट शुद्ध पढ़ी जाय। आचार्य पढ़नेमें मदद देवें।

द त्रिभंगी—जय जय जिन स्वामी अन्तरयामी परमातम सब दोष हरे। निज ज्ञान प्रकाशे भ्रमतम नाशे शुद्धातम शिवराज करे॥
तुम अनुभव सागर अमृत गागर जो भरकर निज कंठ धरे। सो सुख निज पावे क्षोभ मिटावे कर्म-बंधका नाश करे॥

ाई—जय जय मोह महातम भारी, नाशन तुम सूरज अविकारी। जय जय मिथ्यातम निशिनाशी, शशि अविकार महान प्रकाशी॥
जय जय भव्य भ्रमर हुल्लासी, चरणकमल शम गंध सुवासी। जय जय शांति भाव प्रगटावन, धर्म सरोवर शमजल धारण॥
जय जय कर्म महागिरि चूरण, तुम हीं वज्र अद्भुत बल पूरण। जय जय चाह दाह प्रशमावन, तुम हि मेघजल सुंदर पावन॥
जय जय काम शत्रु सिरनाशन, ब्रह्मचर्य असिधार प्रकाशन। जय जय क्रोध पिशाच विनाशन, क्षमा वज्रधर इंद्र प्रकाशन॥
जय जय मान नाग क्षयकारी, सिंह प्रबल मार्दव गुणधारी, जय जय माया लता उखाड़न, आर्जव शस्त्र धार अति पावन॥
जय जय लोभ कालिमाटारन, शौचामृत शुचि गुण विस्तारन। जय जय अविरति पंथ हटावन, संयम संरक्षक अति पावन॥
जय जय योग चलन थिरकारी, शुक्ल ध्यान दृढ़ भित्ति करारी। हे जिननाथ पाप हम टालो, भक्ति आपनी देय सम्हालो॥
भवसागरसे नाथ उबारो, कर्म आस्रवन छिद्र निवारो। सुखसागरमें नाव डुबाओ, ममता मल विकार हटवाओ॥

स्तुति पढ़कर सब बैठ जावे। कुछ मिनट पीछे इन्द्र आज्ञा करें—

धनद कुबेर—(ऐसा कहते ही सभामें बैठा कुबेर हाथजोड़ खड़ा होजाता है) तुम्हें सुखद बात सुनाता हूं। इस बातके कहनेसे ही पुण्य कमाता हूं।

कुछ काल पीछे सर्वार्थसिद्धिका वज्रनाभि अहमिन्द्र चयेगा और नाभिराय मरुदेवीके पवित्र गर्भमें अवतरेगा। तुम शीघ्र अयोध्या

नगरकी रचना करके शोभा करो, रमणीक मनोहर नेत्रप्रिय रत्नोंकी आभा करो, सुन्दर अद्वितीय राज्य महल बनाओ।

नाभिराजा मरुदेवीको पवित्र जलसे स्नान कराओ। परम पुनीत वस्त्राभूषणोंसे सज्जित करो और मनोहर सिंहासनपर बिठा लोकके सर्व आसनोंको लज्जित करो। कुबेर! श्री ऋषभनाथ प्रथम तीर्थंकरका उदय होगा। जगतका मोह मिथ्यात्व अन्धकार सब क्षय होगा। छः मास पूर्वसे नौ मास गर्भ तक रत्नवृष्टि करो। राजाका महल मनोज्ञ रत्नोंकी वर्षासे पूर्ण करो। कुमारिका देवियोंको आज्ञा करो कि—

ये माताकी सेवामें आएं, गर्भकी शोधना कर पुण्य कमाएँ।

कुबेर सुनकर आनंदित होता है और उत्तर देता है—"धन्य! धन्य! महाराज! जगतका पुण्योदय हुआ है जो तीर्थंकरका जन्म होनेवाला है। इस सम्वादको जानकर जो आनन्द हुआ है वह वचन अगोचर है। कृपानाथने जो आज्ञा की है उसे बजा लाऊंगा। तीर्थंकरके माता-पिताकी सेवा करके पुण्य कमाऊंगा। महाराज, आज मेरा जन्म धन्य हुआ जो मुझे यह परम कल्याणमय कार्य करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ। तब इन्द्र-इन्द्राणीके सिवाय अन्य सब सभाके देव उठकर यह छन्द मिलकर पढ़ते हैं—

गीता छंद—धन जन्म सुरका आज ही, सम्वाद सुखकर हम सुना। श्री तीर्थंकरका जन्म होगा, पुण्य हो यासे घना॥
भवि जीव शिवकी राह पावेंगे मिटा मिथ्यातको। हम भी पियें अमृत महा, जिन तत्त्वका भव घातको॥

अब परदा गिर जावे।

(२) नगर, राजमहलकी रचना, माता पिताकी भक्ति व रत्नवृष्टि—फिर परदेके भीतर जो मूल वेदीकी दाहनी ओर वेदी है वहां राजमहलकी रचना दर्शनीय यथायोग्य करनी चाहिये। दूसरे चबूतरे पर राजा रानीकी सभा बनानी चाहिये। कुछ लोग सभासद बैठे हों, सामने भजन उपदेशी होता हो। ऊपरसे रत्नवृष्टि करनेका प्रबन्ध ऐसा किया जावे कि मंडपका कुछ हिस्सा खोल दिया जावे वहां बांसपर दो देव दूर दूर बैठ रत्नवृष्टि करें या ऊपरका भाग न खुल सके तो एक मजबूत बांस या बल्ली ऐसी बंधी हो जिसपर दो इन्द्र या देव चढ़कर बैठ जावें और रत्नवृष्टि करें। जिसतरह हो आकाशसे रत्नवृष्टि होनेका प्रबन्ध किया जावे।

रत्नवृष्टिमें—कुछ पन्ने, कुछ नीलम, कुछ लाल, कुछ पुखराज तथा बहुतसे चांदी सोनेके बने तारे सितारे तथा फूल इतने छोड़े जावें कि दर्शकोंको दिखे कि रत्नवृष्टि देवगण कर रहे हैं। पुष्प भी मिला सके हैं। माता-पिता बैठे हों, सामने भजन सुन रहे हों ऐसी स्थितिमें परदा उठे। परदा उठनेके पहले सूचक पात्र यह बता देवे कि श्री नाभिराजा और मरुदेवीके राजमहलमें रत्नवृष्टि

होगी तथा देवियां गर्भशोधनके लिये पधारेंगी। परदा उठते ही कुछ ही देर बाद आचार्य यह मंत्र पढ़े—

"ॐ ह्रीं धनाधिपते अर्हत्प्रतिसौधे रत्नवृष्टिं मुंचतु मुंचतु स्वाहा।" ऐसा तीन वार पढ़े। पढ़नेका समाप्त होते ही ऊपरसे रत्न-वृष्टि हो तब सब दर्शकगण जय जय शब्द कहें और मण्डपके बाहर गंभीर बाजे बजे। धीरे२ दो तीन मिनट तक वृष्टि होनी चाहिये।

फिर कुवेर कुछ देवोंके साथ राज-सभामें आवे, साथमें दो थाल लावें एकमें वस्त्र रमणीक हों एकमें आभूषण हों। (नोट—वस्त्र सदा शुद्ध देशी यथासम्भव हाथके बने रंगीन व गोटे आदिसे सज्जित हों)—विनय करता हुआ आकर उन दोनों थालोंको सामने टेबुलपर रखकर नत मस्तक हो हाथजोड़ स्तुति पढ़े—

छन्दपद्धरी—जय नाभिराय कुलकर महान, चौदम मनु मनुष्योंमें प्रधान। जब कल्पवृक्ष सब नष्ट थाय, तब नरनारी तुम पास आय॥
कर दीन वचन मुखसे उचार, जीवें कैसे हैं हम लचार। तब खानपान विधि सब बताय, तिनका जीवन जासो टिकाय॥
जय धन्य धन्य स्वामी दयाल, तुम प्रजा रक्ष सब कर निहाल। तुम गुण रत्न की खान जान, हम करत पूज्य तुम महा मान॥
जय देवी मरुदेवी महान, तुम जगत पूज्य हो शील थान। तुम सुन्दर गुणसे शोभ मान, तुम सम नहि माता जगत जान॥
तुमसे जगका उपकार मान, आए तुमरे ढिग करन मान। यह भेट इन्द्र भेजी अबार, कीजे कबूल हो ज्ञान धार॥

फिर मस्तक नमा नमन करे। राजा बैठनेकी आज्ञा करे, उन थालोंको कोई मुसाहब भीतर ले जावें पश्चात् १०-१२ भाई गरीब दशामें राजसभामें आवें और कहें—

धन्य धन्य प्रजानाथ। आपके दर्शनसे हम हुए सनाथ॥

हम निर्धन आपकी शरण आए हैं। आपसे आशाकी पूर्ति जान आपसे मन लगाए हैं। आप दीनोंके क्लेश निवारक हैं, आप अशरणोंको शरण धारक हैं। ऐसा कह मस्तक नमाकर एक तरफ खड़े होजावें। तब नाभिराय एक मुसाहबको आज्ञा करें। इन याचकोंको तृप्त करो, इन रत्नोंको जिन्हें धनदने बरसाया है इनको देकर इनकी आशा पूरी करो, ये बड़ी आश लगाकर आए हैं। इनको निर्धनसे धनवान करो, अपने समान करो, रत्न दे इनका सन्मान करो। तब दो मुसाहब उठते हैं। बिखरे हुए रत्नोंको बटोरकर उनको बांट देते हैं। वे उनको अपनी झोलीमें लेते हुए कहते हैं—

पद्धरी छंद—जय हो जय हो नाभिराज, हम दीन किये धनवान आज।

तुम धन्य धन्य दानी विशाल, तुम सम जगमें नहिं कोई कृपाल ॥

ऐसा कह जय जय कहते हुए लौट जाते हैं। फिर राजा नाभिराय और रानी मरुदेवी भीतर चले जाते हैं, सभा लगी रहती है।

फिर आठ कुमारिका देवियें (कन्याएं) कुंभ कलश प्राशुक जलसे भरा, नारियलसे ढका, पुष्पमालासे सुशोभित मस्तकपर या दोनों हाथोंपर लिये हुई आती हैं और सामने खडी होजाती हैं। कुबेर उठते हैं और कहते है—इन्द्रकी आज्ञा है—हे कुमारिकादेवियों ! श्री मरुदेवीके गर्भकी शोधना करो, माता मरुदेवी जगतजननी हैं उनकी सेवाकरो, उनके मनको प्रसन्न रक्खो, उनकी आज्ञामें अपना चित्त तल्लीन रक्खो।

(१) तब आचार्य नीचे लिखा मंत्र पढ़ एक कन्याको पूर्वदिशामें स्थापित करें। उसपर पुष्प क्षेपण करे "ॐ महति महसां श्रीदेवि महादेवि ऐं ह्रीं श्रीं हे श्रीं नित्ये स्त्रं स क्ष्मी ह्वी स्वां लां झ्रौं तीर्थंकरसवित्रीं स्नापय २ गर्भशुद्धिं कुरु कुरु व मं ह स त पं श्रीदेव्यै स्वाहा।"(२) फिर दूसरी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ़ आग्नेयदिशामें स्थापित करे। उसपर पुष्प क्षेपण करे। "ॐ महति महसा ह्रीं देवि महादेवि ऐं ह्रीं श्रीं हे ह्रीं नित्ये स्त्रं स क्ष्मी ह्वी स्वां लां झ्रौं तीर्थंकर सवित्री स्नापय स्नापय गर्भशुद्धिं कुरु२ व म ह स त पं ह्रीदेव्यै स्वाहा।"

(३) फिर तीसरी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ पुष्प क्षेपण कर दक्षिणदिशामें स्थापित करे। "ॐ महति महतां धृतिदेवि महादेवि ऐं ह्रीं श्रीं द धृति नित्ये स्त्रं स क्ष्मी ह्वी स्वा लां झ्रौं तीर्थंकरसवित्रीं स्नापय २ गर्भशुद्धिं कुरु २ व म ह स त प धृति देव्यै स्वाहा।"

(४) फिर चौथी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ पुष्प क्षेपण कर नैऋत्यदिशामें स्थापित करे। "ॐ महति महता कीर्तिदेवि महादेवि ऐं ह्रीं श्रीं हे कीर्ति नित्ये स्त्रं स क्ष्मी ह्वीं स्वा लां झ्रौं तीर्थंकरसवित्री स्नापय २ गर्भशुद्धि कुरु २ वं म ह सं त प कीर्ति देव्यै स्वाहा।"

(५) फिर पांचमी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ़ पुष्प क्षेपण कर पश्चिमदिशामें स्थापित करे। 'ॐ महति महता बुद्धिदेवि महादेवि ऐं ह्रीं श्रीं हे बुद्धि नित्ये स्त्रं स क्ष्मीं ह्वीं स्वा लां झ्रौं तीर्थंकर सवित्रीं स्नापय२ गर्भ शुद्धि कुरु कुरु वं म ह स त्त पं बुद्धिदेव्यै स्वाहा।"

(६) फिर छठी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ़ वायव्यदिशामें पुष्पक्षेप स्थापित करे। ॐ महति महता लक्ष्मीदेवि महादेवि ऐं ह्रीं श्रीं हे लक्ष्मी नित्ये स्त्रं स क्ष्मीं ह्वीं स्वां लां झ्रौं तीर्थंकरसवित्री स्नापय २ गर्भशुद्धिं कुरु कुरु व मं हं स तं पं लक्ष्मीदेव्यै स्वाहा।"

(७) फिर सातमी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ़ पुष्प क्षेपण कर उत्तरदिशामें स्थापित करे। "ॐ महति महतां शांतिदेवि महादेवि

ऐं ह्रीं श्री ह्रें शांति नित्यै स्व सं क्ष्रीं इवीं स्वां लां झ्रौ तीर्थंकर सवित्रीं स्नापय २ गर्भशुद्धिं कुरु २ वं मह्रं सं तं पं शांतिदेव्यै स्वाहा।"

(८) फिर आठमी कन्याको नीचे लिखा मंत्र पढ़ उसपर पुष्प क्षेपण कर ईशानदिशामें स्थापन करे। "ॐ महति महतां पुष्टिदेवि महा-देवि ऐं ह्री श्री ह्रे पुष्टिं नित्यै स्वं सं क्ष्रीं इवीं स्वां लां झ्रौ तीर्थंकर सवित्रीं स्नापय २ गर्भशुद्धिं कुरु वं मं हं सं तं पं पुष्टिदेव्यै स्वाहा।"

इसतरह श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि, लक्ष्मी, शांति और पुष्टि इन आठ दिक् कुमारी देवियोंको आठ दिशामें स्थापित करे फिर आचार्य नीचे लिखा मंत्र पढे और उन सबपर पुष्प क्षेपण कर कहे "ॐ दिक्कुमार्यो जिनमातरमुउपेत्यपरिचरतपरिचरत स्वाहा।"

दोहा-श्री जिनमाता सेव नित, करत रहो सुख पाय। पुण्यलाभ हो जाससे, पातक जाय पलाय।

फिर कुबेरादि चले जावें, मात्र देवियां खडी रह जावें, परदा पड़ जावे।

(३) पांच मिनटके भीतर उसी दूसरे चबूतरेपर ऐसी रचना करे कि एक लेटने लायक सिंहासन सुन्दर सफेद वस्त्रोंसे सज्जित विछावे। एक ऊची टेबुलपर आठ मंगल द्रव्य स्थापित करे तथा एक मंजूषा स्फटिकमणिकी व कांचकी इतनी बड़ी बनावे जिसमें वह प्रतिमा जिसकी प्रतिष्ठाकी विधि करनी हो सीधी आसके बैठे या खडे। अब जिन माता उस सिंहासनपर बैठी हो। इन आठ कन्याओके कलश दूसरी टेबुलपर रख दिये जावें। परदेके भीतर माताको ये देवियां किसी बडे थालमें बिठाकर थोड़े कुम्भके जलसे स्नान करावें, नए शुद्ध वस्त्र पहनावें। कुछ आभूषण रहने दिया जावें, माता वस्त्रसे सजकर सिंहासनपर बैठी हो, मंजूषा पासमें रक्खी हो। इन देवियोंमेंसे कोई हाथोंमें कड़े पहनाती हो, कोई गलेमें हार पहनानेको हार लिये खडी हो, कोई तिलक देनेको चंदन लिये खड़ी हो, एक देवीके हाथमें दर्पण हो, एक पुष्पकी माला लिये हो, एक अतरदान लिये खडी हो, एकके हाथमें सुन्दर झारी जलसे भरी एक थालमें रक्खी हो, एकके हाथमें पखा हो। इस तरह देवियां कायदेसे खडी हों तब परदा उठे। सब लोग कहें श्री जिनमाताकी जय, उधर बाजे बजते हों, इधर देवी कडे पहनाकर गलेमें हार डाले, पुष्पमाला डाले, तिलक करे, अतर सुंघावें, दर्पण दिखावे, माता हाथमें अतर लेकर वस्त्रोंमें लगावें। फिर झारीसे थालमें ही हाथ धोवे। दो देवियां उस मंजूषाके भीतर चंदनसे लेप करके एक थालमें रख-कर धोवें फिर भीतर मध्यमें व सब ओर चंदनसे साथिया बनावें। फिर सब देवियां खड़ी हो यह स्तुति पढ़ें—

छन्द-मात तोहि सेवके सुतृप्तिता हमें भई, रागद्वेष टार वीतराग बुद्धि परिणई।
तू ही लोकमाहिं श्रेष्ठ भार्या सुभाग है, इन्द्र तोरी भक्तिमें प्रवीण किये राग है॥

धन्य धन्य हस्त यह सफल भए सु आज हीं, अंग२ धन्य है कृतार्थ भए आज हीं ।

धन्य धन्य देवि पुण्य आतमा विशाल हो, पुत्रका सुलाभ हो सुधर्मका प्रचार हो ॥इतनेमें परदा गिर जावे ।

(४) माता रातको यही सोवे, देवियां भी यही रहें, उनके आरामका भी वही प्रबन्ध हो। इसतरह आज दिन रातकी क्रिया समाप्त की जावे । फिर यदि समय हो तो धर्मोपदेश दिया जावे । दूसरे दिन बड़े सवेरेसे गर्भकल्याणककी विशेष विधि की जावे ।

(४) माताका स्वप्न देखना–रात्रिको आचार्य प्रतिष्ठायोग्य प्रतिमाओंकी जांच कर वेदीमें स्थापित करे। उनको स्वच्छ करके विराजमान करे तथा जिसकी प्रतिष्ठा विधि करनी हो उसको केसर चंदनसे लेपकर मजूषामे बिराजमान करे, शेषमें भी केसर चदन लेपे तथा हरएक बिम्बको वस्त्रसे ढक देवे, मंजूषाके ऊपर भी वस्त्र ढकदेवे, प्रतिमाको मजूषामें रखते हुए नीचे लिखा श्लोक व मंत्र पढ़े—

यो गंगांबुसुरत्नपुष्पकृतभूपस्कारमिंद्रासन, द्रक्कूपं प्रमदाकुलीकृतजगद्गर्भं प्रविश्योत्तमे ।

लग्ने वामतिरंजयन् रविरिह प्राची परानुग्रह–ग्राहोद्यद्धृतिवर्द्धतेस्म सुदृशां सोऽयं जिनस्तन्मुदे ॥ २८ ॥

ॐ णमोर्हते केवलिने परमयोगिने शुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मेन्धनाय सौभाग्य शाताय वरदाय अष्टादशदोषविवर्जिताय स्वाहा ।

फिर सर्व प्रतिमापर पुष्प क्षेपे ।

बडे सवेरे सूर्योदय पहले मंडपमें नरनारी टिकटोंसे एकत्र होते रहें उधर मंगलीक वाजे मंडपके बाहर बजें । इधर दूसरे चबूतरेपर शय्यापर जिनमाता लेटी रहे उसके पास गोदके वहां प्रतिमा सहित मजूषा रक्खी रहे जो अभी कपड़ेसे ढकी रहे । देवियां आठों अर्दलीमें खडी हों, मंगलद्रव्य एक तरफ रक्खे हो तथा १६ स्वप्नोंकी मूर्तियां या चित्र एक मेजपर जो कुछ नीचे हो सुन्दरतासे रक्खे जांय जिनको सब कोई देख सकें । बाजा कुछ देर बज चुके तब परदा उठाया जावे, उस समय वे देवियां नीचे भांति मंगलगीत पढ़ें—

गीताछंद–अरहंत सिद्धाचार्य पाठक साधु पद वंदन करूं, निर्मल निजातम गुण मनन कर पाप ताप शमन करूं ।

अब रात्रि तम विघटा सकल ह्यां प्रात होत सुकाल है, भानु उदयाचलपे आया नभ किया सब लाल है ॥

पक्षी मनोहर शब्द बोलें गंध पवन चलात है, चहुंओर है भगवान सुमरण वृक्ष प्रफुलित पात है ।

बाजे बजें रमणीक माता गीत मंगल होरहे, तजिये शयन उठ जगत प्यारी वीनती हम कर रहे ॥

है समय सामायिक मनोहर ध्यान आतम कीजिये, है कर्म नाशन समय सुन्दर लाभ निज सुख लीजिये ।

इतने हीमें माता आंखें मलती उठकर बैठ जाती है, मंजूषा पासमें रक्खी है और बैठे ही वैसे स्तुति पढ़ती है—

* गीता—वंदौं परम अरहंत सिद्ध सु साधु संयम गुण धरे, अविकार परमातम निजातम सुख मनोहर संचरे।
धन धन प्रभात प्रकाश पाया जनो सम्यकृता पगी, अब रात्रि तम मिथ्यात जों सत्र विघट भानु कला जगी ॥

इतना कह हाथ जोड़ मस्तक झुका कर नमन करे फिर कुछ देर ठहरकर कहे—

गीत—मैंने देखे सखी सोलह सुपने, सोलह सुपने, सोलह सुपने, मैंने देखे सखी सोलह सुपने ॥ टेक ॥
शुक्र सु गज ऐरावत देखो, मेघ समान सु गरज घने। द्वितिय सफेद बैल दृढ़ देखा, उन्नत कंधा शब्द भने ॥ मैंने० ॥
तीजे सिंह धवल शुभ देखा, कंधे लाल सुवर्ण बने। सिंहासन थित धवल लक्ष्मी देखी, नाग सूंड़ घट न्हवन सने ॥ मैंने० ॥
पांचे फूल माल द्वय गंधित, भ्रमर भणत गुणनाथ तने। छट्ठे शशि पूरण तारात्रत, अमृत झरता जगत तने ॥ मैंने० ॥
सप्तम सूर्य निशातम हारी, पूर्व दिशासे उादत ठने। सुवरण कलश दोय जल पूरण, कमलपत्रसे ढकित घने ॥ मैंने० ॥
नोमे मीन युगल सर रमते, देखे चंचल भाव जने। दसवें हंस रमनयुत सरवर, कमल गंधयुत लहर ठने ॥ मैंने० ॥
सागर दर्पण सम निर्मल लख, उठत तरंगनि हंसत घने। बारम सिंहासन सुवरणमय, सिंह सहित मणि जड़ित बने ॥ मैंने० ॥
तेरम स्वर्ग विमान रतन मय, भेजत सुर अनुराग घने। चौदम नागभुवन भू उठतो, देखा क्रांति अपार जने ॥ मैंने० ॥
पंद्रम रत्न—राशि द्युति पूरण, दुख दलिद्र संसार हने। सोलम धूम रहित अग्नी शिख, कर्मबंध जलजात घने ॥ मैंने० ॥
उन्च वृषभ सुवरणमय आयो, मुख प्रवेश करता अपने। ऐसे स्वप्न कबहिं नहिं देखे, अचरज होत हृदय अपने ॥ मैंने० ॥

इतना जब पढ़ चुके तब परदा गिर जावे। तब आध घंटेकी छुट्टी होजावे।

(९) नित्य पूजा होम—फिर आचार्य व इन्द्र आदि स्नान करके शुद्ध वस्त्र पहन कर आवें, दूसरा चबूतरा खाली होजावे। वेदीमें स्थित मूल पूज्य प्रतिमाका अभिषेक पूजन व होम करे। प्रथम ही आचार्य तथा इन्द्र (ये दो अवश्य हों) व अन्य बैठकर अंगशुद्धि व सकलीकरण करें—जो पहले अध्यायमें कहे गए हैं उनमेंसे थोड़ी विधि करे अर्थात् नं० (१) (२) (३) (४) व (६) इनसे स्नान धोती, दुपट्टा, मुकुट आदिकी शुद्धि करे। फिर अंगरक्षाके लिये नं० (१) ॐ णमो अरहंताणं से नं० (११) तक पढ़कर

* (यद्यपि जिनधर्मका प्रचार ऋषभदेवके ज्ञान होने बाद हुआ था तथापि यहां प्रतिष्ठाका भाव बताना है इससे यथायोग्य कार्य ऋषभदेवके मिससे दिखाया गया है)।

रक्षा करे-अर्थात् हाथोंकी मस्तकादिकी व पगोंकी रक्षा करे। फिर जो अभिषेककी विधि संक्षेपमें यागमण्डलकी पूजामें कह चुके हैं उस तरह अभिषेक करके नित्य देव शास्त्र गुरु पूजा व सिद्ध पूजा करे। फिर तीनों कुण्डोंमें दो दो इन्द्र बैठकर होम करे। १०८ आहुति नीचे लिखा मंत्र पढकर डालें। "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा सर्वशांतिं कुरु कुरु स्वाहा" फिर शांतिपाठ विसर्जन करे। इसको सब नरनारी देखें। फिर पर्दा दोनो चबूतरोंपर व सर्व तरफसे पड जावे।

परदेके बाहर सूचक पात्र एक सितार लिये घूमता हुआ भजन गाता रहे जबतक तय्यारी न हो। जब तैयारी होजावे तब वह कहे—अब राजा नाभिरायकी सभा लगती है इसमें माता मरुदेवी आकर स्वप्नोका फल पूछेगी जिसको श्री नाभिराय बतायंगे। आपको और अपनी अर्द्धांगिनी तथा सभानिवासी जनोंको आनन्दित करेंगे।

(६) राजाकी सभामें प्रश्नोंका फल—दूसरे चबूतरे पर राजा नाभि सभासदों सहित बैठे हों, आगे एक उपदेशी भजन होरहा हो, इतनेमें परदा उठे। भजन होचुके तब माता मरुदेवी आठ देवियोंके साथ बस्त्राभूषणसे सज्जित आवे। देवियोंके हाथोंमें खड्ग आदि नानाप्रकारके सुन्दर शस्त्र हों। देवीको आते देखकर राजा कहें—प्रिये! आइये, विराजिये, अर्ध सिंहासनपर सुशोभित हूजिये, यह सभा आपके पधारनेसे प्रफुल्लित होरही है। रानी मरुदेवी बांईतरफ बैठजावे और नीचे लिखें गीतमें वर्णन करें—

छन्द गीता—हे नाथ! पिछली रातमें हम सुपन सोला देखिया, गज बैल सिंह सुदेवि कमला न्हवनं करत हिं पेखिया।
द्वय पुष्पमाल सु चन्द्र पूरण सूर्य सुवरण कलश दो, युग मीन सरवर कमल युत सागर सु सिंहासन भलो॥
रमणीक सुर्ग विमान उतरत नाग भवन सु आवतो, सुरतन राशि सुत्रांति पूरण अगनि धूम न पावतो।
तब अन्तमें इक वृषभ मेरे मुख प्रवेश करत भया। इनको सुफल कहिये प्रभू मुझ दीनपर करके दया॥

महाराज कुछ देर विचारते हैं और तब अवधिज्ञानसे सब हाल जानकर इसतरह कहते हैं—

गीता छंद—गज देखनेसे देवि तेरे पुत्र उत्तम होयगा। वर वृषभका है फल यही वह जगत गुरु भी होयगा॥ १॥
वर सिंह दर्शनसे अपूरब शक्ति धारी होयगा। पुष्पमालासे वह उत्तम तीर्थ करता होयगा॥ २॥
कमला न्हवनका फल यही सुरगिरि न्हवन सुरपति करैं। अर पूर्ण शशिके देखनेसे जगत जन सब सुख भरैं॥ ३॥
वर सूर्यसे वह हो प्रतापी कुंभ युगसे निधिपती। सर देखनेसे सुभग लक्षण धार होवे जिनपती॥ ४॥
युग मीन खेलत देखनेसे हे प्रिये चित धर सुनो। होवे महा आनन्दमय वह पुत्र अनुपम गुण सनो॥ ४ अ।

सागर निरखते जगतका गुरु सर्वज्ञानी होयगा। वर सिंह आसन देखनेसे राज्य स्वामी होयगा॥ ५॥
अर सुर विमान सुफल यही वह स्वर्गसे चय होयगा। नागेंद्र भवन विशालमे वह अवधिज्ञानी होयगा॥ ६॥
बहु रत्न-राशि दिखावसे वह गुण खजाना होयगा। वर धूम रहित जु अग्निसे वह कर्म ध्वंसक होयगा॥ ७॥
वर वृषभ मुख परवेश फल श्री वृषभ तुझ वपु अवतरे। हे देवि तू पुण्यातमा आनन्द मंगल नित भरे॥ ८॥

माताका मन इस फलको सुनकर प्रफुल्लित होगया तब सब देवियां मिलकर जो अबतक विनयसे खडी थीं मंगलगान करने लगीं।

गीत छंद धोदका-हम जिनराज जनम सुन पाये। हर्ष भयो नहीं अंग समाए॥
धन्य नाथ तुम जगत पिता हो। धन्य मात तुम सुखदाता हो॥
धन्य समय यह परम सुहावन। आज भए हम जन सब पावन॥
आज जगतका भाग्य सुहाया। वृषभनाथ सम्वाद सुनाया॥
या युगके तीर्थंकर प्रथमा। प्रगट होंयगे तारण अधमा॥
हम वन्दन कर दुःख नशावें। भव आताप सकल प्रशमावें॥
धन्य नाथ तुम दीन दयाला। करहु कृपा हम होय निहाला॥ अन्तमें परदा पड़ जावे।

तब सूचक पात्र परदेके बाहर सितार बजाता हुआ कुछ गाता हुआ, कुछ देर पीछे सूचित करे कि तीर्थंकरके गर्भमें आनेका सम्वाद जानकर इन्द्रादिक देव सब राजाके गृहमें आएंगे और भक्ति करके अपना जन्म सफल मनाएंगे

(७) इन्द्रोंका आकर गर्भकल्याणक करना-तब परदेके भीतर यह रचना की जाय। दूसरे चबूतरेपर तीर्थंकरकी प्रतिमा जिस मंजूषामें है उसको ऊंचे स्थानपर विराजमान करे, वस्त्र ऊपरसे निकाल देवे जिससे प्रतिमा शीशेके भीतरसे दिख सके। पास ही एक चौकीपर प्रतिमाकी मंजूषासे कुछ ही नीचे माता बैठी हो तथा पास ही पिता बैठे हों, देवियां विनय सहित खडी हों, मंगल द्रव्य आठों एक तरफ रक्खे हों और एक मण्डल २४ कोठोंका सुन्दर एक छोटी चौकीपर मांड़ा जावे, वह प्रतिमाके आगे विराजमान किया जावे। कुछ सभासद भी कायदेसे बैठे हों, आगे उपदेशी भजन होते हों तब परदा उठाया जावे। उधर इन्द्र इन्द्राणी व अनेक इन्द्र-समूह बाजा बजाते हुए व नीचे लिखा मंगलगीत गाते हुए मंडपकी तीन प्रदक्षिणा देकर राजसभामें प्रवेश करें—

गीत—जय तीर्थंकर जय जगतनाथ, अवतरे आज हम हैं सनाथ। धन भाग महारानी सुहाग, जो उर आए जिन सुरग त्याग ॥१॥
हम भक्ति करन उमगे अपार, आए आनंद धर राज्यद्वार। हम अंग सफल अपना करेंय, जिन मात पिता सेवा करेंय ॥२॥
यह जगत तात यह जगत मात, यह मंगलकारी जग त्रिख्यात। इनकी महिमा नहिं कही जाय, इन आतम निश्चय मोक्ष पाय॥३॥
जिनराज जगत उद्धार कार, त्रय जगत पूज्य अघ चूरकार। तिनके प्रगटावनहार नाथ, हम आए तुम घर नाय माथ ॥४॥

ऐसा गीत गाते हुए राजसभामे आकर मात पिताको देखकर आनंदित हो मस्तक नत हो भूमिपर दंडवत् करते हैं और दो थाल वस्त्राभूषणसे सज्जित हों जिनको देव साथ लावें, उनको उन माता पिताके आगे एक टेबुल हो उसपर रख भेट करते हुए नीचे लिखा गान पढते हैं। यहांपर इन्द्र नृत्य व गान कर सक्ते हैं।

गान इन्द्रका—तुम देखे दरश सुख पाए नयना। सुख पाए नयना, सुख पाए नयना ॥तुम०॥ टेक॥ तुम जग ताता तुम जग माता, तुम वन्दनसे भव भय ना ॥ तुम० ॥ १ ॥ तुम गृह तीर्थंकर प्रभु आए, तुम देखे सोलह सुपना ॥ तुम० ॥ २ ॥ तुम भव त्यागी मन वैरागी, सम्यक्दृष्टी शुचि वयना ॥ तुम० ॥३॥ तुम सुत अनुपम ज्ञान विराजे, तीन ज्ञानधारी सुजना ॥ तुम० ॥ ४ ॥ तुम सुत राज्य करै सुरनरपे, नीति निपुण दुखं उद्धरना ॥ तुम० ॥ ५ ॥ तुम सुत साधु होय वन विहरे, तप साधत कर्मन झरना ॥ तुम० ॥ ६ ॥ तुम सुत केवल ज्ञान प्रकाशे, जग मिथ्यातम सव हरना ॥ तुम० ॥ ७ ॥ तुम सुत धर्म तत्त्व सव भाषे, भवि अनेक भवसे तरना ॥ तुम० ॥ ८ ॥ कर्म वंध हर शिवपुर पहुंचे, फिर कबहूं नहिं अवतरना ॥ तुम० ॥ ९ ॥ हम सव आज जन्म फल मानो, गर्भोत्सव कर अघ दहना ॥ तुम ॥ १० ॥

फिर इन्द्र इन्द्राणी मिलकर खडे हो मंडलकी पूजा करें, सव बैठ जावें। यहां २४ तीर्थंकरोंकी माताओंकी पूजा करनी है—

प्रथम-स्तुति सहित स्थापना।

वंशक्षायिकदृक्समिद्धसुधियां योस्मिन्मनूनामभू-द्ये चेक्ष्वाकुकुरुग्रनाथहरियुग्वंशाः पुरोवेधसा
आधानादिविधिप्रबन्धमहिताः सृष्टास्तदुत्थार्यभू -भर्तृस्वामिकजीविता सुकुलजा जैन्यो जयंसंविकाः ॥ १० ॥
मृसादित्रयदृग्विशुद्ध्यनुगचित्सत्कर्मणोआगम-द्रव्यो गोतमगोत्रभागभिजनो नेमिस्तथा सुव्रतः।
तद्वत्काश्यपगोत्रिणस्तदितरे णोकर्मनो आगम-द्रव्योद्येष्वभवन स्वयं यदुदरेष्वंवाः प्रसीदंतु ताः ॥ ११ ॥

मरुदेवीं वृषस्यांबा विजयामजितस्य च । सुषेणां संभवेशस्य सिद्धार्थां नंदनप्रभोः ॥ १२ ॥
सुमंगलाह्वां सुमतेः सुसीमां पद्मरोचिषः । वसुंधरां सुपार्श्वस्य लक्ष्मणां चन्द्रलक्ष्मणः ॥ १३ ॥
रामां श्रीपुष्पदंतस्य सुनन्दां शीतलार्हतः । विष्णुश्रियं श्रेयसश्च वासुपूज्यप्रभोर्जयाम् ॥ १४ ॥
सुशर्मलक्ष्मीं विमलार्हतोऽनंतस्य सुव्रताम् । ऐरिणीं धर्मनाथस्य कमलां शांतिशिनः ॥ १५ ॥
सुमित्रां कुंथुनाथस्य अरभर्तुः प्रभावतीम् । मल्लेः पद्मावतीं वप्रां सुव्रतस्य मुनीशिनः ॥ १६ ॥
विनतां नमिनाथस्य शिवां नेमिजिनेशिनः । देवदत्तां च पार्श्वस्य वीरस्य प्रियकारिणीम् ॥ १७ ॥
चतुर्विंशतिमप्येताः सवित्रीस्तीर्थकारिणाम् । स्थापयामीह तद्गर्भपवित्रितजगत्त्रयाः ॥ १८ ॥

यह स्तुति पढ पुष्प क्षेपे ।

भाषा दोहा—श्री जिन चौविस मात शुभ, तीर्थंकर उपजाय । कियो जगत कल्याण बहु, पूजों द्रव्य मंगाय ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादि जिनेन्द्रमातरोऽत्रावतर २ संवौषट् आह्वाननम् । अत्र तिष्ठ २ ठः ठः स्थापनम् । अत्र मम सन्निहितो भव २ वषट् सन्निधिकरणम् ।

छंद चाली—भरि गंगा-जल अविकारी, मुनि चित सम शुचिता धारी । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्म प्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादि जिनेंद्रमातृभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

घसि केशर चंदन लाऊं, भव ताप सकल प्रशमाऊं । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्म प्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादि जिनेंद्र मातृभ्यो चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा ।

शुभ अक्षत दीर्घ अखण्डे, तृष्णा पर्वत निज खण्डे । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्म प्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादि जिनेंद्रमातृभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा ।

सुवरण मय पावन फूला, चित काम व्यथा निर्मूला । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्म प्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादि जिनेंद्रमातृभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।

ताजा पकवान बनाऊं, जासे क्षुद रोग नशाऊं । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्म प्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादिजिनेंद्रमातृभ्यो चरुं निर्वपामीति स्वाहा ।

दीपक रत्नन मय लाऊं, सब दर्शनमोह हटाऊं । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्मप्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादिजिनेन्द्रमातृभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

धूपायन धूप जलाऊं, कर्मनका वंश मिटाऊं । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्मप्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादिजिनेन्द्रमातृभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

फल उत्तम उत्तम लाऊं, शिव फल उद्देश बनाऊं । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्मप्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादिजिनेंद्रमातृभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा ।

शुचि आठों द्रव्य मिलाऊं, गुण गाकर मन हरपाऊं । जिन मात जजूं सुखदाई, जिनधर्मप्रभाव सहाई ॥

ॐ ह्रीं मरुदेव्यादिजिनेन्द्रमातृभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

प्रत्येक अर्घ गर्भकल्याणक तिथिका ।

गीताछंद–सर्वार्थसिद्धि विमानसे जिन ऋषभ चय आए यहां, मरुदेवि माता गरभ शोभे होय उत्सव शुभ तहां ।
आषाढ़ वदि दुतिया दिना सब इन्द्र पूजें आयके, हमहूं करैं पूजा सुमाता गुण अपूरव ध्यायके ॥

ॐ ह्रीं आषाढकृष्णा द्वितीयायां श्री वृषभनाथजिनेंद्र गर्भधारिकाय माता मरुदेव्यै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा । (१)

दोहा–जेठ अमावस सार दिन, गर्भ आय अजितेश । विजया माता हम जजें, मेटैं सर्व कलेश ॥

ॐ ह्रीं जेठकृष्णामावस्या श्री अजितजिनेंद्रगर्भधारिकाय श्री विजयादेव्यै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा । (२)

संकरछंद–फागुन असित सित अष्टमीको गर्भ आए नाथ, धन पुण्य मात सुसैनका संभव धरे सुख साथ ।
उपकार जगका जो भया सुर गुरु कथत थक जाय, हम ल्यायके शुभ अर्घ पूजें विघ्न सब टल जाय ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुणकृष्णाष्टम्यां श्री संभवतीर्थंकरगर्भधारिकाय माता सुसैनायै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा । (३)

गाथा छन्द–गर्भस्थिति अभिनन्दा, वैसाख सित अष्टमी दिना सारा । सिद्धार्था शुभ माता पूजूं चरण सुजान उपकारा ॥

ॐ ह्रीं वैशाख शुक्लाष्टम्यां श्री अभिनंदननाथं गर्भधारिकाय श्री सिद्धार्थादेव्यै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा । (४)

सोरठा-श्रावण सित पख आप, मात मंगला उर वसे। श्री सुमतीश जिनाय, पूजूं माता भावसों ॥

ॐ ह्रीं श्रावण शुक्ला द्वितीयायां श्री सुमति जिनेन्द्र गर्भे धारिकाय श्री मंगलादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (५)

छंद शिखरणी-वदी षष्ठी जानो सुभग महिना माघ सुदिना, सु सीमा माताके गर्भ तिष्ठै पद्म सुजिना।
जजों लेके अर्घं मात देवी द्वन्द चरणा, कटैं जासे हमरे सकल कर्म लेहु शरणा ॥

ॐ ह्रीं माघ कृष्ण षष्ठयां श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्रं गर्भे धारिकाय श्री सुसीमादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (६)

छंद धोदका-भादव शुक्ल छठी तिथि जानी, गर्भ धरे पृथवी महरानी। श्री सुपार्श्व जिननाथ पधारे, जजूं मात दुख टाल हमारे ॥

ॐ ह्रीं भाद्वशुक्लाष्टम्यां श्री सुपार्श्वजिनेंद्र गर्भधारिकाय पृथ्वीदेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (७)

छंद शिखरणी-सुभग चैतर महिना असित पखमें पांचम दिना, सुलखना माताने गर्भ धारे चंद्र सु जिना ॥
जजों लेके अर्घं मात जिनके शुद्ध चरणा, कटैं जासे हमरे सकल कर्म लेहु शरणा ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णपचम्यां श्री चन्द्रप्रभुजिनेंद्र गर्भे धारिकाय सुलक्षणादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (८)

सोरठा-पुष्पदंत भगवान, मात रमाके अवतरे। फागुन नौमि महान, जजौं मातके चरण जुग ॥

ॐ ह्रीं फागुणकृष्णनवम्यां पुष्पदंतजिनेंद्र गर्भे धारिकाय रमादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (९)

चाली-वदि चैत तनी छठ जानी, सीतल प्रभु उपजे ज्ञानी। नंदा माता हरखानी, पूजूं देवी उर आनी ॥

ॐ ह्रीं चैत्र कृष्ण अष्टम्यां श्री सीतल जिनं गर्भे धारिकाय श्री नंदादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा (१०)

चाली-वदि जेठ तनी छठि जानी, विष्णुश्री मात वखानी। श्रेयांसनाथ उपजाए, पूजूं माता गुण गाए ॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठ कृष्ण षष्ठयां श्री श्रेयांसनाथं गर्भे धारिकाय श्री विष्णुश्रीदेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (११)

चाली-आषाढ़ वदी छठि गाई, श्री वासपूज्य जिनराई। सु जया माता हरखानी, पूजूं ता पद उर आनी ॥

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णाषष्ट्यां श्री वासपूज्यजिनं गर्भे धारिकाय श्री जयादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१२)

छंद मालती-जेठ वदी दसमी गणिये शुभ, मात सुश्यामा गर्भ पधारे, नाथ विमल आकुलता हारी, तीन ज्ञानधर धर्म प्रचारे।
ता माताका धन्य भाग है, पूजत हैं हम अर्घ सुधारे, मंगल पावें विघ्न नशावें, वीतरागता भाव सम्हारे ॥

ॐ ह्रीं ज्येष्टकृष्णदशम्यां श्री विमलनाथं गर्भे धारिकाय श्री श्यामादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१३)

अडिल्ल—एकम कातिक कृष्ण गर्भमें आयके, नाथ अनंत सु सुरजा माता पायके ।
पूजूं देवी सार धन्य तिस भाग है, जासे विघ्न पलाय उदय सौभाग है ॥

ॐ ह्रीं कातिककृष्णा एकम् श्री अनंतनाथं गर्भे धारिकाय श्री सुरजादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१४)

अडिल्ल—मात सुव्रता धर्म जिनं उर धारियो, तेरसि सुदि वैशाख सु सुख संचारियो ।
पूजूं माता ध्याय धर्म उद्धारणी । शिवपद जासे होय सुमंगल कारिणी ॥

ॐ ह्रीं वैशाख शुक्ल त्रयोदश्यां श्री धर्म जिनं गर्भे धारिकाय श्रीसुव्रतादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१५)

शिखरनी—महा ऐरादेवी परम जननी शांति जिनकी । सुदी सातें भादों करत पूजा इन्द्र तिनकी ।
जजूं मै ले अर्घ मात जिनके द्वंद चरणा । भजे मम अघ सारे नसत भव है जास शरणा ॥

ॐ ह्रीं भादो शुक्ला सप्तम्यां श्री शांतिजिनं गर्भे धारिकाय श्री ऐरादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१६)

चाली—सावन दशमी अंधियारी, जिन गर्भ रहे सुखकारी । प्रभु कुन्थु श्रीमती माता, पूजूं जासों लहुं साता ॥

ॐ ह्रीं श्रावण कृष्ण दशम्यां श्रीकुंथ जिनं गर्भे धारिकाय श्रीमती देव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१७)

छंदमालती—है गुण शील तनी सरिता, अरनाथ तनी जननी सुख खानी, मित्रा नाम प्रसिद्ध जगतमें, सेव करत देवी हरखानी ।
मुक्ति होनको यश धारत है, सम्यक् रत्नत्रय पहचानी, फागुनकी सित तीज दिना अर, गर्भ धरे जजिहों महरानी ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुणशुक्ला तृतीयायां श्री अरनाथं गर्भे धारिकाय श्री मित्रादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१८)

दोहा—चैत्र शुक्ल पड़िवा वसे, मल्लिनाथ जिनदेव । प्रजावतीके गर्भमें, जजूं मात कर सेव ॥

ॐ ह्री चैत्रशुक्ल एकं श्री मल्लिजिनं गर्भे धारिकाय श्री प्रजावतीदेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१९)

अडिल्ल—श्रावण वदि दुतिया दिन सुव्रतनाथ जू, श्यामा उरमें वसे ज्ञान त्रय साथ जू ।
ता माताके चरणकमल पूजें सदा, मंगल होय महान विघ्न जावैं विदा ॥

ॐ ह्रीं श्रावणकृष्णा द्वितीयाया श्री मुनिसुव्रतजिनं गर्भे धारिकाय श्यामादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (२०)

सोरठा—नमिनाथ भगवान, विपुला माता उर वसे । क्वार वदी दुज जान, ता देवी पूजूं मुदा ॥

ॐ ह्रीं आश्विन कृष्ण द्वितीयायां श्रीनमिनाथं गर्भे धारिकाय विपुलादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (२१)

मालती—कार्तिक मास सुदी छठिके दिन श्री जिन नेम प्रभू सुखकारी । मात शिवाके गर्भ पधारे मुदित भए जगके नरनारी ॥
धन्य मात शिव–पथ अनुगामी मोक्ष नगरकी है अधिकारी । पूजूं द्रव्य आठ शुभ लैके मिटत कालिमा कर्म अपारी ॥

ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्ला षष्ठ्यां श्रीनेमिजिनं गर्भे धारिकाय शिवादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (२२)

चाली छन्द—वैसाख वदी दुज जाना, श्रीपार्श्वनाथ भगवाना । वामा देवी उर आए, पूजत हम भाव लगाए ॥

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्णा द्वितीयाया श्रीपार्श्वजिनं गर्भे धारिकाय वामादेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (२३)

छन्द मालती—मास अषाढ़ सुदी छठिके दिन, श्री जिन वीर प्रभू गुणधारी । त्रिशला माता गर्भ पधारे, सकल लोकको मंगलकारी ॥
मोक्षमहलकी है अधिकारी, शांत सुधाकी भोगनहारी । जजूं मातके चरण युगलको, हरूं विघ्न होऊं अविकारी ॥

ॐ ह्रीं आषाढ़ शुक्ला षष्ठ्या श्री वीर प्रभु गर्भे धारिकाय श्री त्रिशलादेव्यै अर्घ निर्वपामीति स्वाहा । (२४)

जयमाल ।

छंद स्रग्विणी—धन्य है धन्य हैं मात जिननाथकी, इन्द्र देवी करैं भक्ति भावां थकी । पूजि हों द्रव्य ले विघ्न सारे टलें, गर्भ कल्याण पूजन सकल अघ दलें ॥ १ ॥ रूपकी खान हैं शीलकी खान हैं, धर्मकी खान हैं ज्ञानकी खान हैं । पुण्यकी खान हैं, सुक्खकी खान हैं, तीर्थजननी महा शांतिकी खान हैं ॥ २ ॥ भेद विज्ञानसे आप पर जानतीं, जैन सिद्धांतका मर्म पहचानतीं । आत्म–विज्ञानसे मोहको हानतीं, सत्य चारित्रसे मोक्ष पथ मानतीं ॥ ३ ॥ होत आहार नीहार नहिं धारतीं, वीर्य अनुपम महा देह विस्तारती । गर्भ धारण किये दुःख सब टालतीं, रूपको ज्ञानको वृद्धि कर डालतीं ॥४॥ मात चौविस महा मोक्ष अधिकारिणी, पुत्र जनती जिन्हें मोक्षमें धारिणी । गर्भ कल्याणमें पूजते आपको, हो सफल यज्ञ यह छांड़ संतापको ॥५॥

घत्ता त्रिभंगीछंद—जय मंगलकारी मात हमारी बाधाहारी कर्म हरो, तुम गुण शुचिधारी हो अविकारी सम दम यम निज मांहि धरो ।
हम पूजें ध्यावें मंगल पावें शक्ति बढ़ावें तृप पाके । जिन यज्ञ मनोहर शांत सुधाकर सफल करैं तव गुण गाके ॥

ॐ ह्रीं चतुर्विंशति जिन मातृभ्यः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

फिर इन्द्र व अन्य जो यज्ञके पात्र वहां हों माता पिता सब खडे हो सिद्धभक्ति, चारित्रभक्ति व शांतिभक्ति करें (जो पाठके अन्तमें हैं) और कायोत्सर्ग रूपमें १०८ दफे णमोकारमंत्र जपकर मंजूषापर पुष्प क्षेपण करें तथा अन्य प्रतिमाओंपर जो प्रतिष्ठाके लिये हों पुष्प क्षेपण करें–विसर्जन पढ़ इस समयकी पूजा समाप्त करें।

(८) देवियोंका माताकी सेवा व प्रश्नोत्तर करना–तीसरे पहर या रात्रिको जब अवसर हो तब फिर मण्डप नरनारियोंसे भरा जावे। परदेके भीतर दूसरे चबूतरेपर इस भांति दर्शनीय रचना रची जावे–एक सिंहासनपर माता बैठी हो, मंजूषा वस्त्रसे ढकी पासमें विराजित हो। आठ कुमारिका देवियें तरह २ सेवा कर रही हो, आठ मंगल द्रव्य एक ओर रक्खे हों, एक देवी तलवार लिये पीछे खड़ी हों, दो देविया दोनों ओर चमर कर रही हों, एक देवी पखा लिये धीरे २ पंखा कर रही हो, एक अतरदान लिये हो, एक फूलोंका गुलदस्ता, एक पानीकी झारी, एक माताके चरण दाबती हो। ऐसी दशामें परदा उठे। पहले ही सूचक पात्र यह सभाको कहे कि दिक्कुमारिया माताकी सेवा कर रही हैं तथा तरह २ के प्रश्नोत्तर करके माताको प्रसन्न कर रही हैं। जब परदा उठ जावे तब दो मिनट पीछे दो चमर १ तलवार व १ पंखेवाली इन चारको छोड़कर शेष चार देवियां अपने हाथकी वस्तु एक ओर रखकर बैठ जावें और नम्बरवार या क्रमवार मातासे प्रश्नोत्तर करें।

प्रश्न १–दोहा–सरल उच्च छाया सहित, वृक्ष नाम क्या होय। कौन मनोहर अंग तव, एक शब्द क्या होय ॥

उत्तर माता–सालकानन–अर्थात् दोहा–साल वृक्ष वन और सुन, केश सहित मुख अंग। सालकानन वाक्यमें, उभय अर्थका संग॥

प्रश्न (२)–कः सुपिंजरेमें रहें, कः निष्ठुर वाणि। कः आधार जीवका, कः अखर चुत जाणि ॥ इस दोहेको पूरा कीजिये।

माता उ०–शुकः सुपिंजरमें रहे, काकः निष्ठुर वाणि। लोकः अधार जीवका, श्लोक अखर चुत जाणि ॥

प्रश्न (३)–कौन गर्भमें आपके, कौन नहीं तुझ पास। कौन हते भूखा मनुष, उत्तरकी अरदास ॥

उ० माता–तुक् अर्थात् पुत्र, शुक् अर्थात् शोक, रुक् अर्थात् रोग। दोहा–पुत्र देवि मम गर्भमें, शोक नहीं मुझ पास। रोग हने भूखा मनुष, यही बात है खास।

प्रश्न (४)–रुचिकर भोजन कौन है, गहराको जल थान। कौन नाथ है आपका, उत्तर दीजे जान ॥

उत्तर–रूप, कूप, भूप, अर्थात्–रुचिकर भोजन दाल है, गहरा कूप वखान। भूप नाथ मेरा सही, देवी उत्तर जान ॥

प्रश्न (५)—नाम जिनेन्द्र बखानिये, हाथी लक्षण और। एक वाक्यमें अर्थ दो, कह दीजे बुधि खोल ॥
उत्तर—सुरवरद अर्थात्—देवोंको वर देत है, प्रभु सुखरद बखान। सुन्दर शब्द सुदातको, धारक नाग प्रमाण ॥

प्रश्न (६)—तुमसी त्रिया कौन जग आन। उत्तर माता—तीर्थंकर सुत जनै महान।
प्रश्न (७)—जगमें सुभट कौनसे माय। उत्तर—जे नर जीतें विषय कषाय।
प्रश्न (८)—कौन कहावे कायर दीन। उत्तर—इन्द्रीमद मेटन बल हीन।
प्रश्न (९)—कौन सत्पुरुष नर भव धार। उत्तर—जो साधै पुरुषारथ चार।
प्रश्न (१०)—कौन कापुरुष कहिये मर्म। उत्तर—जो शठ साध न जाने धर्म।
प्रश्न (११)—धिक किनको कहिये सर्वंग। उत्तर—जे नर करें प्रतिज्ञा भंग।
प्रश्न (१२)—कहे कौन नर नित्य पवित्त। उत्तर—ब्रह्मचर्य धारी दिढ़ चित्त।
प्रश्न (१३)—कौन पशू मानुष आकार। उत्तर—जिनके हिरदे नाहिं विचार।
प्रश्न (१४)—वधिर कौनसे उत्तर देह। उत्तर—जैन सिद्धांत सुनैं नहिं जेह।
प्रश्न (१५)—मूक नाम नर कैसे लहैं। उत्तर—जो हित सांच वचन नहिं कहैं।
प्रश्न (१६)—लाम्बी भुजा कौन कर हीन। उत्तर—जिन पूजा मुनि दान न कीन।
प्रश्न (१७)—कौन पांगले पांव समेत। उत्तर—जे तीरथ परसे न अचेत।
प्रश्न (१८)—कौन कुरूप जननि कहु एह। उत्तर—शील सिंगार विना नर जेह।
प्रश्न (१९)—वेग कहा करिये वड़ भाग। उत्तर—दिक्षा ग्रहण जगतको त्याग।
प्रश्न (२०)—जियको कौन शरण है माय। उत्तर—पंच परम गुरु सदा सहाय।
प्रश्न (२१)—कौन तपस्वी भव-दुख भरैं। उत्तर—आतम अनुभव विन तप करैं।
प्रश्न (२२)—जगमें कौन रतन है सार। उत्तर—सम्यग्दर्शन रत्न अपार।
प्रश्न (२३)—को विन नर यह पशू समान। उत्तर—विद्या विन नर पशू समान।

प्रश्न (२४)-कौन हते त्रय जग वश होय। उत्तर-मोह हते त्रय जग वश होय।
प्रश्न (२५)-क्या बिन गृहधारी दुख पाय। उत्तर-पैसे बिन नित ही दुख पाय।
प्रश्न (२६)-नाम पुरुष कैसे सफलाय। उत्तर-जो पुरुषारथ करै बनाय।
प्रश्न (२७)-कौन पुत्र है मृतक समान। उत्तर-विद्या विनय हीन सुत जान।
प्रश्न (२८)-काकी भक्ति करे सुख होय। उत्तर-श्री जिनराज भक्ति सुख होय।
प्रश्न (२९)-कासे नर जग उन्नति करै। उत्तर-वृथा समय नहिं खोवै करै।
प्रश्न (३०)-प्रात प्रथम क्या करिये माय। उत्तर-सामायिक शुभ ध्यान लगाय।
प्रश्न (३१)-कन्या कैसे सार गनाय। उत्तर-जो विद्या पढ़ विनय कराय।
प्रश्न (३२)-कौन समय कन्या वर जोगं। उत्तर-जब युवति दृढ़ हो सुत जोग।
प्रश्न (३३)-कैसा वर कन्या वर जोग। उत्तर-उद्योगी युवान दृढ़ योग।
प्रश्न (३४)-कौन नार ग्रह सुमति बढ़ाय। उत्तर-मिष्ट वचन भावी सुख दाय।
प्रश्न (३५)-कौन काज उत्तम है माय। उत्तर-आतम ध्यान परम सुखदाय।
प्रश्न (३६)-कौन कथासे पाप नशाय। उत्तर-धर्म कथासे पाप नशाय।
प्रश्न (३७)-को व्यवहार धर्म सुखदाय। उत्तर-धर्म अहिंसा जग सुखदाय।
प्रश्न (३८)-कौन धनी जगमें सुख पाय। उत्तर-सन्तोषी दानी सुख दाय।
प्रश्न (३९)-कौन माय जगको वश करै। उत्तर-हितमित मिष्ट वचन उच्चरै।
प्रश्न (४०)-कौन उपाये मन बदलाय। उत्तर-हितमित धर्म उपदेश सुनाय।
प्रश्न (४१)-कौन भांति त्रय लोक जिताय। उत्तर-शुक्ल ध्यान जो धरै स्वभाय।
प्रश्न (४२)-कौन करै अविरतिका नाश। उत्तर-समदमसहित समय अभ्यास।
प्रश्न (४३)-कौन उतारे कर्मन भार। उत्तर-जो द्वादश तप करै सम्भार।

प्रश्न (४४)—कौन ग्रही मनमें सुख पाय। उत्तर—न्याय मार्गे धन जो कमाय।
प्रश्न (४५)—मात कौन रोगी नहिं होय। उत्तर—जो विवेकसे भोगी होय।
प्रश्न (४६)—संकट समय कौन सहकार। उत्तर—धैर्य धर्म सत तत्त्व विचार।
प्रश्न (४७)—मरण समय क्या करिये काम। उत्तर—समता भाव शांत परिणाम।
प्रश्न (४८)—मित्र कौन है जग हितकार। उत्तर—जो कुमार्गसे लेय निकार।
प्रश्न (४९)—शत्रु कौन है मात बताय। उत्तर—धर्म छुड़ाय कुपथ ले जाय।
प्रश्न (५०)—शरण कौनकी है सुखकार। उत्तर—आतम निज तीर्थंकर सार।

इसी तरह और भी उपयोगी प्रश्नोत्तर होसक्ते हैं। पीछे पखेवाली जोरसे पखा करे, पुष्पवाली फूल सुघावे, अतरवाली अतर सुंघावे, व कपडोंमें लगावे, चमरोंवाली जोरसे चमर करें। इतनेमें बाजे बाहर बजें। इधर ऊपरसे पहलेकी तरह रतनकी वर्षा हो। यदि रत्न या सितारे या चांदी सोनेके फूल कम हों तो रंगे हुए पीले चावल साथमें मिलाले। दो मिनट तक खूब वर्षा हो तब सब लोग जयजयकार कहें। पश्चात् देवियां माताके सामने खड़ी हो स्तुति पढ़ें—

चौपाई—जय जय मात परम अविकारी, देखत हमको सुख है भारी। तुम सेवातें पुण्य कमाया, अपना सुर भव सफल कराया ॥१॥
धन तीर्थंकर तीर्थ प्रचारें। मिथ्यादृष्टी जीव उबारें ॥१॥ आप तरें औरनको तारें। धर्म जहाज जगत विस्तारें ॥२॥
तिनको जनने हारी माता। यातें जग उद्धारी माता ॥ तीन लोक सिरताजा माता। नमन करत तोकूं जगमाता ॥३॥
तू है श्री जिन गृह सुखकारी। जिन तीर्थंकर उरमें धारी ॥ यातें परम पूज्य सुखदाई। नमन करत पुन पुन हे माई ॥४॥
तुम शिवगामी उत्तम नारी। शीलाभूषण उत्तम धारी ॥ श्री जिनमात कृपा अब करिये। सेवकके सब पातक हरिये ॥५॥
इस तरह देवियां गाती रहें, परदा गिर जावे। यहांतक गर्भकल्याणककी विधि पूर्ण हुई।

अध्याय चौथा।

जन्मकल्याणक ।

गर्भकल्याणकसे दूसरे दिन सवेरे जन्मकल्याणककी क्रिया करनी उचित है।

(१) प्रभुका जन्म होना व इन्द्रका आना—बडे सवेरे ही सब लोगोंको आमंत्रण किया जावे, टिकटों द्वारा मंडपमें बैठें। प्रतिष्ठाके पात्र शीघ्र ही वेदीके निकट आवें। खास कर आचार्य व इन्द्र तथा पिता आकर गर्भकल्याणकमें कही हुई विधिके अनुसार जैसा न० (५) मे कहा है अगशुद्धि, व सकलीकरण करें, अंगरक्षा करें व अभिषेक करके नित्यपूजा व सिद्धपूजा करें। फिर उसी प्रमाण तीनों कुंडोंमें होम उसीतरह कहेहुए प्रमाण होजावे। यह सब काम होचुकनेपर फिर आगेकी क्रिया बताते हैं।

अति प्रातःकालसे यह काम शुरू हो क्योंकि जबतक जन्मकल्याणक पूर्ण न हो तबतक सब पात्रोंको व दर्शकोंको यथाशक्ति भोजन न करना योग्य है। तब सब इन्द्र इन्द्राणी वहांसे चले जावें, आचार्य व माता पिता आदि रहें। आगे परदा पड़ जावे। परदेके भीतर सिंहासनपर माता बैठी हो, पासमें प्रतिमा सहित मंजूषा विराजमान हो व आठ मगलद्रव्य रक्खे हों व आठों देवियां सेवामें हाजिर हों। ऐसा प्रबन्ध किया जावे कि बाहर खूब बाजे बजें, घंटा घडियालके बजनेका प्रबन्ध हो तथा बाहर इन्द्र अपनी सेना तैयार करे। भवनवासीके दस, व्यंतरके आठ, कल्पवासीके बारह व ज्योतिषीके एक ऐसे कुल इन्द्र ३१ हैं। ३१ सब इन्द्र जरूर बने जो शुद्ध धोती दुपट्टा पीला पहने हों, मुकुट लगाए हों। यदि ३१ प्रत्येन्द्र और होसकें तो वे भी बन जावें। २७ इन्द्रोंके व प्रत्येन्द्रोंके मुकुटोंपर उनके जातिवाचक नाम अंकित होसकें तो कराए जावें। इनका प्रयोजन ऐसा कि दर्शकोंको शोभनीक विदित हों। वे नाम ऐसे रहें–(१) असुरेन्द्र (२) नागेन्द्र (३) विद्युतेन्द्र (४) सुपर्णेन्द्र (५) अग्नीन्द्र (६) वातेन्द्र (७) स्तनितेन्द्र (८) उदधीन्द्र (९) द्वीपेन्द्र (१०) दिगिन्द्र (११) किन्नरेन्द्र (१२) कि पुरुपेन्द्र (१३) महोरगेन्द्र (१४) गन्धर्वेन्द्र (१५) यक्षेन्द्र (१६) राक्षसेन्द्र (१७) भूतेंद्र (१८) पिशाचेन्द्र (१९) चन्द्रेन्द्र (२०) सौधर्मेन्द्र (२१) ईशानेन्द्र (२२) सानतकुमारेन्द्र (२३) माहेन्द्रेन्द्र (२४) ब्रह्मेन्द्र (२५) लान्तवेन्द्र (२६) शुक्रेन्द्र (२७) शतारेन्द्र (२८) आनतेन्द्र (२९) प्राणतेन्द्र (३०) आरणेन्द्र (३१) अच्युतेन्द्र। यदि प्रत्येन्द्र बने तो इन्द्रके स्थानमें हरएकके आगे प्रत्येन्द्र जोड़ा जावे जैसे असुर प्रत्येन्द्र, चन्द्रका प्रत्येन्द्र सूर्य हैं।

ऐरावत हाथीके समान हाथीपर इंद्राणीसहित सौधर्म, ईशान, सनतकुमार, माहेन्द्र ये चार इन्द्र बैठे हों। अन्य इन्द्र दूसरे बाहनोंपर बैठ सक्ते हैं, जैसे घोडे बैल आदि पर सब सजे हुए हों। इन्द्रकी सेना ७ प्रकारकी होती है–हाथी, घोड़े, रथ, गंधर्व, नृत्यकारिणी, अप्सराएं, गंधर्व और वृषभ। यथासंभव ये सामान एकत्र किया जाय। मंडपकी कुछ दूरीसे यह जुलूस निकल चुके व बाजे गाजेके साथ मंडपकी तरफ आरहा हो, साथमें नरनारी भी हों, इधर मंडपमें दूसरे चबूतरे पर नित्यपूजा व होमके पीछे जब परदेके भीतर सब सामान एकत्र होजावे और बाजे बजते हों, घंटा घड़ियाल बजते हों और सब पात्र अपने २ हाथोंमें पुष्प लेलेवें, तथा भगवानके विराजमान करनेका एक भद्रासन ऊंचा विराजमान हो जहांसे भगवान सबको दीख सकें। इस आसनको नीचे लिखा मंत्र पढ़ पवित्र करें। "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रजलेन श्री पीठप्रक्षालनं करोमि स्वाहा" जलके छींटे देवे। फिर नीचे लिखा मंत्र पढ़ उसपर श्री लिखे–"ॐ ह्रीं श्रीं हैं श्रीलेखनं करोमि स्वाहा" अब परदा उठाया जावे तब यकायक आचार्य कायोत्सर्ग ध्यानकर नीचे लिखा मंत्र पढ़ प्रतिमाको भद्रासन पर विराजमान करे।

"ॐ ह्रीं त्रैलोक्योद्धरणधीरं जिनेन्द्रं भद्रासने उपवेशयामि स्वाहा।" इस समय सब नरनारी चारों तरफ जय जय नंद नंद शब्द कहें व खूब बाजे बजें। फिर नीचे लिखा मंत्र पढ़ पुष्प प्रतिमा पर क्षेपें। "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रू ह्रौं ह्रः श्री सिद्धचक्राधिपतये अष्टगुणसमृद्धाय फट् स्वाहा" तथा यदि और प्रतिमा प्रतिष्ठाकी हों तो उनपर भी क्षेपण करें। फिर आचार्य नीचेके श्लोक पढ़ें–

देव त्वय्यद्य जाते त्रिभुवनमखिलं चाद्य जातं सनाथं। जातो मूर्तोद्य धर्मः कुमतबहुतमो ध्वस्तमद्यैव जातम्॥
स्वर्मोक्षद्वाः कपाटं स्फुटमिह निवृत्तं चाद्य पुण्याहमाशी। जीतं लोकाग्रचक्षुर्जय जय भगवज्जीव वर्धस्व नंद॥ ७॥

तथा भाषामें स्तुति पढ़े।

चौपाई–धन्य नाथ तुम आज प्रकाशे। तीन भवन जन अब हुल्लासे॥ धर्म तीर्थ मानो उपजाया। कुमति मार्गका ध्वंश कराया॥ मोक्षद्वार पट अब उघड़ाए। जीवो वर्धौरे नाथ स्वभाए॥

इतना पढ़ फिर मूल प्रतिमापर व अन्यपर पुष्प क्षेपे। इधर मंगल पाठ पढ़ा जाता हो कि इन्द्रकी सेना आकर पहुंचे तथा मण्डपकी तीन प्रदक्षिणा देवे। सर्व समाज बाहर खड़ा हो–(जो इन्द्र बने हों उनको विशेष टिकट दिया जावे) विना टिकट कोई भीतर प्रवेश न कर सके) तब इन्द्र इन्द्राणी हाथीसे उतरे और इन्द्र इन्द्राणीसे कहे—

दोहा-देवी जाहु प्रसूति घर, लावो तीर्थ कुमार। माता कष्ट न होय कछु, राखो यही विचार।

मात्र इन्द्राणी भीतर चवूतरेपर आवे, इन्द्र बाहर रहे। प्रतिमाजीके पास उस समय माता हो व देवियां हों व आचार्य हो तथा और कोई न हो। इन्द्राणी विनय सहित जाकर पहले कुछ देर तीर्थंकर व माताका दर्शन करे फिर तीर्थंकरकी मूर्तिकी व माताकी तीन प्रदक्षिणा देकर पहले मूर्तिको नमस्कार करे फिर सामने खड़े होकर स्तुति पढे—

चौपाई-धन धन मात परम सुखकारी, तीन लोक जननी हितकारी। मंगलकारी पुण्यवती तू, पुत्रवती शुचि ज्ञानमती तू॥
तव दर्शनते हम सुख पाए, हर्ष हृदयमें नाहिं समाए। धन्य जन्म माता हम जाना, देख तुझे अर श्रीभगवाना॥

स्तुति करनेके पीछे कुछ देर विनयसे खड़ी रहे। इतनेमें माताको नींदसी आजावे तब एक नारियलको कपड़ेसे ढका हुआ जो वहां रक्खा है पहलेसे ही उसको उस भद्रासनपर रखकर और भगवानको दोनों हाथोंसे उठाले और बार २ देखकर प्रसन्न हो और अपना मस्तक नमावे, तब आठों देविया आठ मंगल द्रव्य हाथमें लेकर आगे२ चलें-(मंगल द्रव्य-छत्र, ध्वजा, कलश, चमर, ठोना (सुप्रतिष्ठ), झारी, दर्पण, पंखा (ताड़का)। माता वडी विनयसे भगवानको लेजा रही है, सब नरनारी खड़े होजाते हैं और चांदी सोनेके पुष्प या रंगे हुए चावलोंकी वृष्टि प्रभुपर करते हैं जो नरनारियोंको अपने पास पहलेसे रखने चाहिये। मडपके बाहर सब इंद्रोंके आगे सौधर्म इंद्र राह देख रहा है। इंद्राणी जाकर इद्रके दोनों हाथोंकी हथेलीपर भगवानको विराजमान कर देती है, तब इंद्र वडे भावसे भगवानका स्वरूप देखता है। जिस समय इद्राणी प्रतिमाजीको लेजावे उस समय आचार्य अन्य प्रतिष्ठायोग्य मूर्तियों पर भी पुष्प क्षेपण करे। फिर इंद्र नीचे प्रकार स्तुति पढता है, सब समाज चुप है। मंडपसे नरनारी भी धीरे २ आजाते हैं और जलूसमें शरीक होजाते हैं।

पद्धरी छन्द-तुम जगत ज्योति तुम जगत ईश। तुम जगत गुरू जग नमत शीस॥ तुम केवलज्ञान प्रकाशकार, तुम ही सूरज तम मोहहार। तुम देखे भव्य कमल फुलाय, अघ भ्रमर तुरत तहंसे पलाय, ॥१॥ जय महा गुरु जय विश्वज्ञान, जय गुणसमुद्र करुणानिधान ॥२॥ जो चरण कमल माथे धराय, वह भव्य तुरत सद्ज्ञान पाय। हे नाथ! मुक्ति लक्ष्मी भरतार, तुमको देखत है प्रेम धार ॥३॥ कृतकृत्य भए हम दर्श पाय, हम हर्ष नहीं चिनमें समाय। हम जन्म सफल मानो भरतार, तुमको परशे हे भव उतार ॥ ४ ॥

इस तरह स्तुति पढ़के मस्तक नमावे तब सर्व इन्द्रादिक देव जय जय शब्द करें व मस्तक नमावें, तब इन्द्र उच्च स्वरसे आज्ञा करे,

हाथ ऊंचा कर कहे—"हे देवगणों ! श्री तीर्थंकर महाराजकी भक्तिमें आनन्द मनाते हुए, जय जयकार शब्द कहते हुए, मंगल गीत गाते हुए, भगवानके गुणोंमें अनुरागी होते हुए, भाव क्रम व नियमसे चलते हुए शीघ्र ही सुमेरु पर्वतपर पधारो और क्षीरसागरके पवित्र जलसे प्रभुका पाण्डुक शिलापर अभिषेक करके अपने जन्मको सुधारो।" इतना कह इन्द्र इन्द्राणी ऐरावत हाथीपर चढ़ जाते हैं। भगवान् सौधर्म इन्द्रकी गोदमें हैं, ईशान इन्द्र पीछे बैठे छत्र सफेद किये हुए हैं। सनतकुमार और माहेन्द्र इन्द्र दोनों ओर खड़े होकर चमर ढार रहे हैं। इस तरह जुलूस बडे नियमके साथ १ घण्टेके भीतर सुमेरु पर्वतपर पहुंच जावे।

(२) सुमेरू पर्वतकी, क्षीर समुद्रकी तथा मंडपकी रचना—मुख्य मंडपसे उत्तरदिशाकी ओर किसी एकांत स्थानमें जो पवित्र हो, सुमेरु पर्वत बनाया जावे। जो तीन कटनीदार सुन्दर हो उसको सुवर्णमई पीतरंगसे पोता जावे। ऊपर जानेके लिये दोतरफ सीढ़ियां हो। ऊपर वीचमें ऐसा एक गड्ढा किया जावे कि भगवानके न्हवनका जल भीतरसे जाकर जमीनके भीतर ही चला जावे, ऊपरसे गिरकर वहे नहीं कि पैरोंमें आवे। सबके ऊपर पांडुकशिला अर्धचंद्राकार बनाई जावे जो सफेद रंगसे पुती हो, स्फटिकके समान चमकती हो। इसके ऊपर कमलाकार सिंहासन बने जो पीतरगका हो। उसके इधर उधर इन्द्रोंके खड़े होनेके दो कुछ ऊंचे आसन हों जो सिंहासनसे नीचे हों। सीढ़ियोंको छोडकर कटनीके सब तरफ छोटे २ वृक्षोंके नांदे सुन्दरताके लिये रक्खे जावें व १६ मंदिरोंके स्थानमें १६ मंदिरोंके आकार ४ नीचे भूमिपर चारो ओर, चार चार चारों ओर तीन कटनीके वहां बना दिये जावें। यह विचित्ररंगोंसे पुते हुए हो जिससे प्रगट हो कि मेरुके चारों वनोंमें १६ मंदिर हैं। इस पर्वतसे इतनी दूर जितनी दूर दो पंक्तियोंसे इन्द्र या देव खडे होकर हाथोंहाथ कलश लासकें, एक नहर क्षीरसमुद्रके स्थापनमें बनाई जावे, जिसमें न्हवन होनेके पहले शुद्ध दूधसे मिला हुआ पानी भर दिया जावे जिसमे लहरे आती हो व पानी दूध समान दीखे। धूपके बचाव आदिके निमित्त मण्डप ऊपर छा दिया जावे ताकि सब समूह मण्डपके भीतर आजावे। पर्वत भी उसीके नीचे रहे। १०८ कलश व १ कलश गन्धोदकका ऐसे १०९ कलश सुवर्ण, चादी व अन्य धातुके एकसे तय्यार रहें। यदि धातुके न हों तो मिट्टीके ही लिये जावें। ये सब कलश धोकर उस नहरके दो तरफ ५४, ५४ रख दिये जावें, उनमे साथिया किया जावे, ढकनेको कमलका पुष्प हो या कोई पत्ता हो या नारियल हो या सुन्दर रकाबी हो। कलशोंके स्थापनके समय "ॐ ह्रीं स्वस्त्यै कलशस्थापनं करोमि स्वाहा।" यह मंत्र पढ़े। गन्धोदकके कलशमें चंदन, केशर, अगर आदि सुगंधित द्रव्योंसे मिला हुआ जल भरा जावे। ये १०८ कलश खाली रक्खे रहें। सामग्री तय्यार की जावे तथा एक छोटी चौकी या तख-

तपर २४ कोठोंका मण्डल तैयार किया जावे। भगवानके पहुंचनेके पहले ही आचार्य **नीरजसे नमः** इस मंत्रसे सर्व भूमिको शुद्ध कर आवे। यहांपर दर्शकोंके बैठनेका स्थान नियत किया जावे। पूजा व अभिषेकका स्थान अलग किया जावे। पर्वतसे नहरतकका मार्ग जानेका साफ रक्खा जावे। बैठनेवाले इससे हटकर बैठें। चारों तरफ पर्वतके कुछ भूमि छोड़कर दर्शक बैठें।

(३) **तीर्थंकर भगवानका अभिषेक**—अभिषेकके समय आठ दिक्पाल—अग्नि, यम, नैऋत्य, वरुण, पवन, कुवेर, ईशान और धरणेंद्र आठ दिशाओंमें सुन्दर छडी लिये हुए मंडपमें खड़े रहें, इनपर भी मुकुट हो। ऐरावत हाथी सहित सर्व समूह पहले इस पर्वतकी तीन प्रदक्षिणा देवे। जिस सिंहासनपर भगवान विराजमान होंगे उसको नीचे लिखे मंत्रसे जलके छींटे देकर पवित्र करे।

"ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रजलेन पीठप्रक्षालनं करोमि स्वाहा" फिर उसपर नीचेलिखा मंत्र पढ़ श्री लिखे।

"ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं श्रीलेखनं करोमि स्वाहा।" तीन प्रदक्षिणा देनेके पीछे हाथीसे उतारकर इंद्र श्री भगवानको नीचेलिखा मंत्र पढ़कर सिंहासनपर विराजमान करे तब सब जय जय शब्द कहें।

ॐ ह्रीं ह श्री धर्मतीर्थाधिनाथभगवन्निहपांडुकशिलापीठे तिष्ठ तिष्ठेति स्वाहा।" फिर नीचे लिखा मंत्र पढ़ प्रतिमाको स्पर्श करे।

ॐ उसहाय दिव्वदेहाय सज्जोजादाय महप्पण्णाय अणंतचउट्ठयाय परमसुहपइट्ठयाय णिम्मलाय सयंभुवे अजरामरपरमपदपत्ताय परमपदाय मम इत्थवि सण्णिहिदाय स्वाहा। फिर सौधर्म व ईशान इन्द्र प्रतिमाके दोनों तरफ खडे होजावें और ऊपर कोई न रहे, आचार्य भी नीचे आजावे। क्षीरसमुद्र तक दोनों ओर पंक्ति बन्ध सीढ़ीसे लेकर इन्द्रगण एक एक इतने२ दूर खड़े हों कि कलशको हाथोंहाथ देसकें। नहरके पास ५४-५४ कलश रक्खे हों, एक एक कलश भरके व ढकके एक२ दूसरेको देता जावे। कलश दोनों इन्द्रोंके हाथमें आवें तब मंगलीक मनोहर बाजे बजने लगें, स्त्रियां मंगल पढ़ने लगे। जय जय शब्द होवे। ऊचा हाथ करके सौधर्म व ईशान इंद्र नवन करें। न्हवनका जल नीचे न आवे, सिंहासनसे नीचे जाकर मेरुके भीतर चला जावे। एक दो वर्तन पास रख दिये जावें जो भरते जावें। न्हवन शुरू करनेके पहले आचार्य नीचे खड़े हुए यह मंत्र पढ़े—

"ॐ क्षीरसमुद्रवारिपुरितेन मणिमयमंगलकलशेन भगवदर्हत् प्रतिकृति स्नापयामः ॐ श्रीं ह्रीं ह्रूं व मं हं सं तं प झ्वी क्ष्वी हं सः नमोऽर्हते स्वाहा।" यह मंत्र बराबर पढ़ता रहे जबतक १०८ कलशका न्हवन न होजावे। दोनों इन्द्र बराबर न्हवन कराके एक एक भाई नीचेकी कटनीपर दोनो ओर खडा रहे जो खाली कलशोंको इन्द्रोके हाथसे लेकर नीचे रखवाता जावे। उसीको वह नारि-

यल व ढकना भी इन्द्र न्हवन करनेके पहले दे दे–जितने इन्द्र पंक्ति बांधकर नहर तक खड़े हों जब वहांके सब कलश उठाकर एक२ ही हरएकके हाथमें रह जावे तब सौधर्म ईशान इन्द्र नीचे आजावें और वारी वारीसे एक २ इन्द्र चढ़कर स्नान करावें और नीचे आजावें इसतरह १०८ कलशका स्नान पूर्ण होजावें। जिस समय अभिषेक हो उस समय बड़े धूपायनमें धूप भी खेई जाती हो जिसकी सुगंध सब ओर फैले। फिर सौधर्म इन्द्र ऊपर जाता है और गंधोदकके कलशसे अभिषेक करता है। उस समय आचार्य वही मंत्र पढ़ते हैं परंतु "क्षीरसमुद्रवारिपरिपूरितेन" के स्थानमें गंधोदकपूरितेन इतना बदल देते हैं। फिर इन्द्र भगवानके ऊपर स्वच्छ जलसे स्नानकी धारा डालता है तब शांतिपाठ सब इन्द्र पढ़ते हैं–

दोधकवृत्तम्–शान्तिजिनं शशिनिर्म्मलवक्त्रं शीलगुणव्रतसंयमपात्रम्। अष्टशतार्च्चितलक्षणगात्रं नौमि जिनोत्तममम्बुजनेत्रम् ॥

पञ्चममीप्सितचक्रधराणां पूजितमिन्द्रनरेन्द्रगणैश्च। शांतिकरं गणशान्तिमभीप्सुः षोडशतीर्थकरं प्रणमामि ॥ २ ॥

दिव्यतरुः सुरपुष्पसुवृष्टिर्दुन्दुभिरासनयोजनघोषौ। आतापवारणचामरयुग्मे यस्य विभाति च मण्डलतेजः ॥ ३ ॥

तं जगदर्चितशान्तिजिनेन्द्रं शांतिकरं शिरसा प्रणमामि। सर्वगणाय तु यच्छतु शांतिं मह्यमरं पठते परमां च ॥ ४ ॥

वसन्ततिलका–येऽभ्यर्चिता मुकुटकुण्डलहाररत्नैः शक्रादिभिः सुरगणैः स्तुतपादपद्माः।

ते मे जिनाः प्रवरवंशजगत्प्रदीपास्तीर्थकराः सततशांतिकरा भवन्तु ॥ ५ ॥

इंद्रवज्रा–संपूजकानां प्रतिपालकानां यतीन्द्रसामान्यतपोधनानाम्। देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः करोतु शांतिं भगवान् जिनेन्द्रः ॥६॥

स्रग्धरावृत्तम्–क्षेमं सर्वप्रजानां प्रभवतु बलवान् धार्मिको भूमिपालः। काले काले च सम्यग्वर्षतु मघवा व्याधयो यान्तु नाशम् ॥

दुर्भिक्षं चौरमारी क्षणमपि जगतां मास्मभूज्जीवलोके। जैनेन्द्रं धर्मचक्रं प्रभवतु सततं सर्वसौख्यप्रदायि ॥ ७ ॥

अनुष्टुप–प्रध्वस्तघातिकर्माणः केवलज्ञानभास्कराः। कुर्वन्तु जगतः शांतिं वृषभाद्याः जिनेश्वराः ॥ ८ ॥

फिर नीचे लिखा श्लोक आचार्य पढ़े।

"यो नैर्मल्यगुणादिभूपिततनुर्दीप्त्या बलेनोर्जसा। युक्तश्चानपवर्त्यकायुरनिशं सक्तश्च मुक्तिश्रिया ॥

नार्थस्तस्य जगत्प्रभोः स्नपनतः किं त्वाप्तुमेतान्गुणा। निंद्राद्यैरभिषिक्त एष भगवान्पायदपायाज्जिनः ॥

शांतिं च कांतिं विजयं विभूतिं तुष्टिं च पुष्टिं सकलस्य जंतोः। दीर्घायुरोग्यमनीष्टसिद्धिं कुर्याज्जिनस्नानजलप्रवाहः ॥

यह मंत्र पढकर मस्तकपर लगावें ।

" निर्मलं निर्मलीकरणं पावनं पापनाशनं । जिनगंधोदकं वंदे अष्टकर्मविनाशकम् ॥

अथवा नीचेका श्लोक पढ़ गंधोदक लगावे ।

घातिव्रातविघातजातविपुलश्रीकेवलज्योतिषो । देवस्यास्य पवित्रगात्रकलनात्पूतं हितं मंगलं ॥
कुर्याद् भव्यभवार्तिदावशमनं स्वर्मोक्षलक्ष्मीफल–। प्रोद्यद्धर्मलताभिवर्धनमिदं सद्गंधगंधोदकम् ॥ ७ ॥

फिर २ बडे ग्लासोमें गन्धोदक भरा जाय। दो ग्लास प्राशुक जलसे भरे हों। एक गन्धोदक व एक पानीका ग्लास स्त्रियोंमें किसी कन्या द्वारा व १ गन्धोदक व १ पानीका ग्लास पुरुषोंमें किसी पुरुष द्वारा भेजा जावे। ऊपरसे थोड़ासा गंधोदक लेकर नीचे आचार्य आदि सब इंद्र पूजाके पात्र लगाकर जन्म सफल करें। इन्द्र नीचे आजावें और इन्द्राणी जाकर पहले भगवानके अंगमें केशर चंदनका लेप करे, मस्तकमें मुकुट धारे, तिलक लगावे, कर्णोमें कुण्डल, गलेमें हार, भुजामें बाजुबन्ध, हाथोंमें कडे, कमरमें करधनी, चरणोंमें घूघुरूं। शुद्ध सुन्दर धोती व कपडे पहनावे। (पहले ही एक देवी इन वस्त्राभूणोंको लिये हुए इन्द्राणीके पास पहुंचे।) अन्य सब इन्द्रादि बैठ जावें। इन्द्राणी भी नीचे आजावे–बैठ जावे, मात्र सौधर्म इन्द्र खड़े होकर नीचेकी स्तुति पढ़े—

स्तुति ।

त्वं देव ! वीतरागोऽसि नार्थः स्तवननिंदने । तथापि भक्तिवशगः स्तवीमि कतिचित्पदैः ॥ ७७४ ॥
मंगलं शरणं लोकोत्तमोऽर्हन् जिनराड् जिनः । सिद्ध आचार्यसंपूज्यः साधुः साधुपितामहः ॥ ७७५ ॥
प्राग्र्यः पापहरोऽधीशो निःकषायो गुणाग्रणीः । पावनं परमंज्योतिः परमेष्ठी सनातनः ॥ ७७६ ॥
अव्यक्तो व्यक्तमूर्तिस्तमलक्ष्यो लक्षणातिगः । सुलक्ष्म्यो लक्षणज्ञेयः पापशत्रुरुदारधीः ॥ ७७७ ॥
प्रणीतार्थः प्रमाणात्मा सुनयो नयतत्त्ववित् । प्रणधिः प्रणवो नाद्यो ज्ञानदर्शननायकः ॥ ७७८ ॥
पुराणपुरुपोऽहार्यरूपो रूपातिगो महान् । कामहा कमनो काम्यः कामगामी कलानिधिः ॥ ७७९ ॥
कम्रः कामयिता कांतः कामनातीतकामुकः । कालुष्यहंता कामारिः कोपावेशहरो हरः ॥ ७८० ॥
स्वयंभूर्विधिरुत्साहधीरः सुकृतभावनः । स्रष्टा भूतपतिः साक्षी त्रैलोक्यपरमेश्वरः ॥ ७८१ ॥

प्रभूष्णुरधिदेवात्मा विश्वराड् विश्वतोमुखः। विश्वयोनिर्जिष्णुरीशः संवदः पुण्यनायकः ॥ ७८२ ॥
धर्मानुवाहो धर्मज्ञो वेदविद् वदतांवरः। भव्यभानुर्मखज्येष्ठस्त्वं हि ब्रह्मपदेश्वरः ॥ ७८३ ॥
भूष्णुः स्थिरतरः स्थाष्णुरचलो विमलो विभुः। महीयान् जातिसंस्कारः कृतकृत्यो महस्पतिः ॥ ७८४ ॥
वाग्मी वाचस्पतिः प्राज्ञो गुणरत्नाकरो निधिः। शास्ता सर्वज्ञ ईशानः आप्तः सर्वत्रलोचनः ॥ ७८५ ॥
कूटस्थो निर्विकारोऽस्तिनास्त्यवाच्यगिरांपतिः। स्याद्वादनायको नेता मोक्षमार्गोपदेशकः ॥ ७८६ ॥
निरीहः सुगतो भास्वान् लोकालोकविभावसुः। अनंतगुणसंपूज्यो निसयज्ञोऽसि विश्वराड् ॥ ७८७ ॥
एवमष्टोत्तरशतां नाम्नां पातु मां भवबंधनात्। मोचय स्वात्मसंभूतिं देहि देहि महेश्वर ॥ ७८८ ॥

फिर भाषामें स्तुति पढ़े—

पद्धरी छन्द—जय वीतराग हत राग दोष। रापत दर्शन क्षायिक अदोष ॥ तुम पाप हरण हो निःकषाय। पावन परमेष्ठी गुणनिकाय ॥१॥ तुम नय प्रमाण ज्ञाता अशेष। श्रुतज्ञान सकल जानो विशेष ॥ तुम अवधिज्ञान धारी विशाल। मति ज्ञान धरण सुखकर कृपाल ॥२॥ तुम काम रहित हो काम जीत। तुम विद्यानिधि हो कर्म जीत ॥ तुम शांत स्वभावी स्वयं बुद्ध। तुम करुणानिधि धर्मी अक्रुद्ध ॥३॥ तुम वदतांवर कृतकृत्य ईश। वाचस्पति गुणनिधि गिरा ईश ॥ तुम मोक्षमार्ग उपदेशकार। महिमा तुमरी को लहे पार ॥ ४ ॥

दोहा—नाम लिये श्रुतिके किये, पातक सर्व पलाय। मंगल होवे लोकमें, स्वात्मभूति प्रगटाय ॥

फिर इन्द्र मण्डलकी पूजा करे। पहले नीचे प्रमाण करे—

यस्योदारदयस्य जन्महरतो जन्माभिषेकोत्सवं। चारौ मेरुमहीधरस्य शिखरे दुग्धैस्तु दुग्धोदधेः ॥
चक्रे शक्रगणो महागुणनिधेः श्रीपादपद्मद्वयं। तस्यैकादशधा महेन महतामाराध्यमाराधये ॥ ८ ॥

ॐ ह्रीं श्री रिषभ जिनेन्द्र अत्रावतर २ संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ २ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव २ वषट् सन्निधिकरणम्।

यत्रागाधविशालनिर्मलगुणे लोकत्रयं सर्वदा। सालोकं प्रतिबिंबितां प्रविशतां नित्यामृतानंदनम् ॥ सर्वाब्जानिमिषास्पदं स्मृतिगतं तापापहं धीमता—मर्हत्तीर्थमपूर्वमक्षयमिदं वार्धारया धारये ॥१॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे अनंतानंतज्ञानशक्तये जलं नि०।

गन्धश्चन्दनगन्धबन्धुरतरो यद्दिव्यदेहोद्भवो । गन्धर्वाद्यमरस्तुतो विजयते गन्धांतरं सर्वतः ॥ गन्धादीनखिलानवैति विशदं गन्धादिमुक्तोऽपि य-स्तं गन्धाद्यघगन्धमात्रहतये गंधेन संपूजये ॥ ॐ ह्रीं परमसहजसौगंध्यबंधुराय गन्धं निर्वपामीति स्वाहा ।

इंद्राहींद्रसमर्चितैरनुपमैर्दिव्यैर्बलक्षाक्षतैः । यस्य श्रीपदसन्नखेंदुसविधे नक्षत्रजालायितम् ॥ ज्ञानं यस्य समक्षमक्षतमभूद्वीर्यं सुखं दर्शनम् । यायज्म्यक्षतसम्पदे जिनमिमं सूक्ष्माक्षतैरक्षतैः ॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे अक्षयफलप्रदाय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा ।

यस्य द्वादशयोजने सदसि सद्गंधादिभिः स्वोपमा-नप्यर्थान्सुमनोगणान्सुमनसो वर्षंति विष्वक्सदा ॥ यः सिद्धिं सुमनः सुखं सुमनसां स्वं ध्यायतामावहे-त्तं देवं सुमनोमुखैश्च सुमनोभेदैः समभ्यर्चये ॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे सुमनःसुखप्रदाय पुष्पं नि० ।

यद्व्याबाधविवर्जितं निरुपमं स्वात्मोत्थमत्यूर्जितं । नित्यानन्दसुखेन तेन लभते यस्तृप्तिमात्यंतिकीम् ॥ यं चाराध्य सुधाशिनो ननु सुधास्वादं लभंते चिरम् । तस्योद्यद्रसचारुणैव चरुणा श्रीपादमाराधये ॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणेअनंतानंतसुखसंतृप्ताय चरुं नि० ।

स्वस्यान्यस्य सहप्रकाशनविधौ दीपोपमोऽप्यन्वहं । यः सर्वं ज्वलयन्ननंतकिरणैस्त्रैलोक्यदीपोऽस्यतः ॥ येनोद्दीपितधर्मतीर्थमभवत्सत्यं विभोस्तस्य स-द्दीप्त्या दीपितदिङ्मुखस्य चरणौ दीपैः समुद्दीपये ॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे अनंतदर्शनाय दीपं नि० ।

येनेदं भुवनत्रयं चिरमभूद्धूपितं सोप्यहो । मोहो येन सुधूपितो निजमहोध्यानाग्निना निर्दयम् ॥ यस्यास्थानपदस्थधूपघटजैर्धूमैर्जगद्धूपितम् । धूपैस्तस्य जगद्वशीकरणसद्धूपैः पदं धूपये ॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे वशीकृतत्रिलोकनाथाय धूपं नि० ।

यद्भक्त्या फलदायि पुण्यमुदितं पुण्यं नवं बध्यते । पापं नैव फलप्रदं किमपि नो पापं नवं प्राप्यते ॥ आर्हन्त्यं फलमद्भुतं शिवसुखं नित्यं फलं लभ्यते । पादौ तस्य फलोत्तमादिसुफलैः श्रेयःपदायार्चये ॥ ॐ ह्रीं परमब्रह्मणेअभीष्टफलप्रदाय फलं नि० ।

मंगं लाति मलं च गालयति यन्मुख्यं ततो मंगलं । देवोर्हन्त्यपमंगलोऽभिविनुतस्तैर्मंगलैः साधुभिः ॥
चञ्चच्चामरतालवृन्तमुकुरैर्मुख्यैनरैर्मंगलै-र्मुख्यं मंगलमिद्धसिद्धसुगुणान्सम्प्राप्तुमाराध्यते ॥ ९ ॥

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं अरहंत इदं सकलमंगलद्रव्यार्चनं गृहीत्वं२ नमः परम मंगलेभ्यः स्वाहा ।

यहां मंगल द्रव्योंमेंसे किसीको लेकर उतारे व रक्खे—

ज्वलितसकलोकालोकलोकोत्तरश्री-कलितललितमूर्तं कीर्तितेन्द्रैर्मुनीन्द्रैः ॥
जिनवर तव पादोपांततः पातयामः । भवदवशमनार्थामर्थतः शांतिधाराम् ॥ १० ॥

ॐ ह्रीं श्री क्लीं ऐं अर्हं अरहंत इदं शांतिधारां गृहीध्वं२ अर्हं नमः भद्रं भवतु जगतां शांतिधारां निःपातयामि शांतिकृद्भ्यः स्वाहा।
यहां जलकी तीन धारा देवे।

पुष्पेपोरिपवो वयं पुनरिदं पुष्पेषु निःशेषकम्। निष्पीतानि मधुव्रतैर्वयमिदं निष्पापसंसेवितम् ॥
इत्यालोच्य नमंत्यपास्य मदमित्याशंकयतीशते। निष्पीताखिलतत्वपादकमले पुष्पाणि निःपातये ॥

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं अरहंत इदं पुष्पांजलिप्राचनं गृण्हीध्वं २ नमोऽर्हद्भ्यो ध्यातृभिरभीप्सितफलदेभ्यः स्वाहा।
यहां पुष्पोंकी अंजली देवे। फिर मण्डलमें स्थापित २४ जन्म तिथियोंको स्मरण कर २४ तीर्थंकरकी पूजा करे।

स्थापना गीताछन्द–जिन नाथ चौविस चरण पूजा करत हम उमगाय। जग जन्म लेके जग उधारो जजैं हम चितलाय ॥
तिन जन्म कल्याणक सु उत्सव इन्द्र आय सुकीन। हम हूं सुमर ता समयको पूजत हिये शुचि कीन ॥

ॐ ह्रीं श्री ऋषभादि महावीरपर्यंत चतुर्विंशतितीर्थंकराः जन्मकल्याणक प्राप्ताः अत्र अवतर २ संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

छन्द चाली–जल निर्मल धार कटोरी, पूजूं जिन निज करजोड़ी। पद पूजन करहुं वनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन केशरमय लाऊं, भवकी आताप शमाऊं। पद पूजन करहुं वनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत शुभ धोकर लाऊं, अक्षय गुणको झलकाऊं। पद पूजन करहु वनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

सुन्दर पुहपनि चुनि लाऊं, निज काम व्यथा हटवाऊं। पद पूजन करहुं वनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो कामबाणविध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामीति०।

पकवान मधुर शुचि लाऊं, हनि रोग क्षुधा सुख पाऊं। पद पूजन करहुं वनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय चरुं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक करके उजियारा, निज मोह तिमिर निरवारा। पद पूजन करहुं बनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्री ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूपायन धूप खिवाऊं, निज अष्ट करम जलवाऊं। पद पूजन करहुं बनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल उत्तम उत्तम लाऊं, शिवफल जासे उपजाऊं। पद पूजन करहुं बनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो मोक्षफलप्राप्तेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

सब आठों द्रव्य मिलाऊं, मैं आठों गुण झलकाऊं। पद पूजन करहुं बनाई, जासे भवजल तरजाई ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिमहावीरपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्येकके २४ अर्घ।

वदि चैत नवमि शुभ गाई, मरुदेवि जने हरषाई। श्री रिषभनाथ युग आदी। पूजूं भवमेट अनादी ॥
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णा नवम्यां श्री वृषभनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१)

दसमी शुभ माघ वदीकी, विजया माता जिनजीकी। उपजे श्री अजित जिनेशा, पूजूं मेटो सब क्लेशा ॥
ॐ ह्री माघवदी दशम्यां श्री अजितनाथजिनेन्द्राय जन्कल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२)

कातिक सुदि पूरणमासी, माता सुसैन हुलासी। श्री संभवनाथ प्रकाशे, पूजत आपा पर भाशे ॥
ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्ला पूर्णमास्यां श्री संभवनाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (३)

शुभ चौदस माघ सुदीकी, अभिनंदननाथ विवेकी। उपजे सिद्धार्था माता, पूजूं पाऊं सुख साता ॥
ॐ ह्रीं माघशुक्ला चतुर्दश्यां श्री अभिनन्दननाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (४)

ग्यारस है चैत सुदीकी, मंगला माता जिनजीकी। श्री सुमति जने सुखदाई, पूजूं मैं अर्घ चढ़ाई ॥
ॐ ह्रीं चैत्र शुक्ला एकादश्यां श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (५)

कातिक वदि तेरसि जानो, श्री पद्मप्रभू उपजानो। है मात सुसीमा ताकी, पूजूं ले रुचि समताकी ॥

ॐ ह्रीं कार्तिक कृष्णा त्रयोदश्यां श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (६)

शुचि द्वादश जेठ सुदीकी, पृथवी माता जिनजीकी । जिननाथ सुपारश जाए, पूजूं हम मन हरषाए ॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठ शुक्ला द्वादश्यां श्री सुपार्श्वनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (७)

शुभ पूस वदी ग्यारसको, है जन्म चन्द्रप्रभु जिनको । धन्य मात सुलखनादेवी, पूजूं जिनको मुनिसेवी ॥

ॐ ह्रीं पौष कृष्णा एकादश्यां श्रीचंद्रप्रभुजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (८)

अगहन सुदि एकम जाना, जिन मात रमा सुख खाना । श्री पुष्पदंत उपजाए, पूजतहूं ध्यान लगाए ॥

ॐ ह्रीं अगहनशुक्ला एकं श्री पुष्पदंतजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (९)

द्वादश वदि माघ सुहानी, नंदा माता सुखदानी । श्री शीतल जिन उपजाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णा द्वादश्यां श्री सीतलनाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१०)

फागुन वदि ग्यारस नीकी, जननी विमला जिन जीकी । श्रेयांसनाथ उपजाए, हम पूजत हीं सुख पाए ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णा दशम्यां श्री श्रेयांशनाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (११)

वदि फाल्गुन चौदसि जाना, विजया माता सुख खाना । श्री वासपूज्य भगवाना, पूजू पाऊं निज ज्ञाना ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशा श्रीवासपूज्यजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१२)

शुभ द्वादश माघ वदीकी, श्यामा माता जिनजीकी । श्रीविमलनाथ उपजाए, पूजत हम ध्यान लगाए ॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णा द्वादश्यां श्रीविमलनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१३)

द्वादशि वदि जेठ प्रमाणी, सुरजा माता सुखदानी । जिननाथ अनन्त सुजाए, पूजत हम नाहिं अघाए ॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठ कृष्णा द्वादश्यां श्री अनन्तनाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१४)

तेरसि सुदि माघ महीना, श्रीधर्मनाथ अघ छीना । माता सुव्रता उपजाये, हम पूजत ज्ञान बढ़ाए ॥

ॐ ह्रीं माघ शुक्ला त्रयोदश्यां श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१५)

वदि चौदस जेठ सुहानी, ऐरादेवी गुण खानी । श्रीशांति जने सुख पाए, हम पूजत प्रेम बढ़ाए ॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठ कृष्णा चतुर्दश्यां श्रीशांतिनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१६)

पडिवा वैशाख सुदीकी, लक्ष्मीमति माता नीकी। श्रीकुन्थनाथ उपजाए, पूजत हम अर्घ चढ़ाए॥

ॐ ह्रीं वैशाख शुक्ला एकं श्रीकुन्थुनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१७)

अगहन सुदि चौदस मानी, मित्रादेवी हरषानी। अरि तीर्थंकर उपजाए, पूजे हम मन वच काए॥

ॐ ह्रीं अगहन शुक्ला चतुर्दश्यां श्रीअरितीर्थंकराय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१८)

अगहन सुदि ग्यारस आए, श्रीमल्लिनाथ उपजाए। है मात प्रजापति प्यारी, पूजत अघ विनशै भारी॥

ॐ ह्रीं अगहन शुक्ला एकादश्यां श्रीमल्लिनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१९)

दशमी वैसाख वदीकी, श्यामा माता जिनजीकी। मुनिसुव्रत जिन उपजाए, हम पूजत पाप नशाए॥

ॐ ह्रीं वैशाख कृष्णा दशम्यां श्रीमुनिसुव्रतजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२०)

दशमी आषाढ़ वदीकी, विपुला माता जिनजीकी। नमि तीर्थंकर उपजाए, पूजत हम ध्यान लगाए॥

ॐ ह्रीं आषाढ़ कृष्णा दशम्यां श्रीनमिजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२१)

श्रावण शुकला छठि जानो, उपजे जिननेमि प्रमाणो। जननी सु शिवा जिनजीकी, हम पूजत हैं थल शिवकी॥

ॐ ह्रीं श्रावण शुक्ला षष्ठ्या श्रीनेमनाथजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२२)

वदि पूष चतुर्दशि जानी, वामादेवी हरषानी। जिन पार्श्व जने गुणखानी, पूजें हम नाग निशानी॥

ॐ ह्रीं पौष कृष्णा चतुर्दश्यां श्रीपार्श्वजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२३)

शुभ चैत्र त्रयोदश शुकला, माता गुणखानी त्रिशला। श्रीवर्द्धमान जिन जाए, हम पूजत विघ्न नशाए॥

ॐ ह्रीं चैत्र शुक्ला त्रयोदश्या श्रीवर्द्धमानजिनेंद्राय जन्मकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२४)

जयमाल।

भुजंगप्रयात–नमो जै नमो जै नमो जै जिनेशा, तुम्हीं ज्ञान सूरज तुम्हीं शिव प्रवेशा। तुम्हें दर्श करके महामोह भाजे, तुम्हें पर्श करके सकल ताप भाजे॥१॥ तुम्हें ध्यानमें धारते जो गिराई, परम आत्म अनुभव छटा सार पाई। तुम्हें पूजते

निस इन्द्रादि देवा, लहैं पुण्य अदभुत परम ज्ञान मेवा ॥२॥ तुम्हारो जनम तीन भू दुख निवारी, महामोह मिथ्यात हियसे निकारी। तुम्ही तीन बोधं धरे जन्महीसे, तुम्हें दर्शनं क्षायिकं जन्महीसे ॥३॥ तुम्हें आत्मदर्शन रहे जन्महीसे, तुम्हें तत्त्व बोधं रहे जन्महीसे। तुम्हारा महा पुण्य आश्चर्यकारी, सु महिमा तुम्हारी सदा पापहारी ॥४॥ करा शुभ न्हवन क्षीरसागर सु जलसे, मिटी कालिमा पापकी अंग परसे। हुआ जन्म सफलं करी सेव देवा, लहूं पद तुम्हारा इसी हेतु सेवा ॥ ५ ॥

दोहा—श्रीजिन चौविस जन्मकी, महिमा उरमें धार। पूज करत पातक टलें, बढ़े ज्ञान अधिकार ॥

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतिजिनेभ्यो जन्मकल्याणकप्राप्तेभ्यो महाअर्घ निर्वपामीति स्वाहा। फिर इन्द्र ऊपर जाता है और भगवानका नाम व चिह्न प्रगट करता है। चरणको स्पर्शकर यह मंत्र पढ़कर पुष्प भगवानपर क्षेपण करता है—

ॐ ह्रीं इक्ष्वाकुकुले नाभिभूपतेर्मरुदेव्यामुत्पन्नस्यादिदेवपुरुषस्य ऋषभदेवस्वामिनोऽत्र बिम्बे वृषभांकितत्वात् तद्गुणस्थापनं तेजोमयं करोमि स्वाहा। ॐ अयं महानुभावः परमेश्वरो वृषभेश्वरो भवतु।

फिर नीचे लिखे मंत्रको पढ़ते हुए इन्द्र अंग स्पर्शे व पुष्प प्रभुपर डाले। (मंत्रको आचार्य पढ़ सक्ता है नीचेसे।)

ॐ ऋषभादिदिव्यदेहाय सद्योजाताय महाप्रज्ञाय अनन्तचतुष्टयाय परमसुखप्रतिष्ठिताय निर्मलाय स्वयंभुवे अजरामरपदप्राप्ताय चतुर्मुखपरमेष्ठिनेऽर्हते त्रैलोक्यनाथाय त्रैलोक्यपूज्याय अष्टदिव्यनागप्रपूजिताय देवाधिदेवाय परमार्थसंनिहितोऽसि स्वाहा।

(१) ॐ अस्मिन्बिम्बे निःस्वेदत्वगुणो विलसतु स्वाहा। (२) ॐ अस्मिन् बिम्बे मलरहितत्वगुणो विलसतु स्वाहा। (३) ॐ अस्मिन् बिम्बे क्षीरवर्णरुधिरत्वगुणो विलसतु स्वाहा। (४) ॐ अस्मिन्बिम्बे समचतुरस्रसंस्थानगुणो विलसतु स्वाहा। (५) ॐ अस्मिन्-बिम्बे वज्रवृषभनाराचगुणो विलसतु स्वाहा। (६) ॐ अस्मिन्बिम्बे अदभुतरूपगुणो विलसतु स्वाहा। (७) ॐ अस्मिन् बिम्बे सुगंध-शरीरगुणो विलसतु स्वाहा। (८) ॐ अस्मिन्बिम्बे अष्टोत्तरसहस्रलक्षणव्यंजनत्वगुणो विलसतु स्वाहा। (९) ॐ अस्मिन् बिम्बे अतुल-वीर्यत्वगुणो विलसतु स्वाहा। (१० ॐ अस्मिन्बिम्बे हितमितप्रियवचनत्वगुणो विलसतु स्वाहा।

यहां आचार्य सबको कहे कि नाम व चिह्न यह प्रगट किया गया व दश अतिशय जन्म सम्बन्धी समझावे व कहे कि इनका स्थापन इस बिंबमें किया गया। फिर आचार्य नीचेके मंत्रोंको पढ़ता जावे। इंद्र अंग स्पर्शे व पुष्प मूर्तिपर क्षेपे।

(१) ॐ अर्हद्भ्यो नमः, (२) ॐ नवकेवललब्धिभ्यो नमः, (३) ॐ क्षीरस्वादुलब्धिभ्यो नमः, (४) ॐ मधुरस्वादुलब्धिभ्यो नमः,

(५) ॐ संभिन्नश्रोतृभ्यो नमः, (६) ॐ पादानुसारिभ्यो नमः, (७) ॐ कोष्ठबुद्धिभ्यो नमः, (८) ॐ बीजबुद्धिभ्यो नमः, (९) ॐ सर्वावधिभ्यो नमः, (१०) ॐ परमावधिभ्यो नमः, (११) ॐ ह्रौं वल्गुवल्गुनिवल्गुसुश्रवणे, (१२) ॐ ऋषभादिवर्धमानांतेभ्यो वपट्वपट् स्वाहा। (१३) ॐ णमोभयवदो वड्ढमाणस्स रिसहस्स जस्स चक्कं जलंतं गच्छई आयासं पायालं लोयाणं भूयाणं जूए वा विवादे वा रयंगणे वा थंभणे वा मोहणे वा सव्वजीवसत्ताण अपराजिदो भवदुक्खक्ख स्वाहा।

ऊपर लिखित वर्द्धमान मंत्र कहलाता है। इसप्रकार आकारशुद्धि करे। व नीचे प्रकार श्लोक पढ़कर विसर्जन करें।

ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि शास्त्रोक्तं न कृतं मया। तत्सर्वं पूर्णमेवास्तु त्वत्प्रसादाज्जिनेश्वर ॥ १ ॥

आह्वानं नैव जानामि नैव जानामि पूजनम्। विसर्जनं न जानामि क्षमस्व परमेश्वर ॥ २ ॥

मंत्रहीन क्रियाहीनं द्रव्यहीनं तथैव च। तत्सर्वं क्षम्यतां देव रक्ष रक्ष जिनेश्वर ॥ ३ ॥

आहूता ये पुरा देवा लब्धभागा यथाक्रमम्। ते मयाभ्यर्चिता भक्त्या सर्वे यान्तु यथास्थितिम् ॥ ४ ॥

फिर इन्द्र आज्ञा करे–हे इन्द्रादिदेवो! जिसतरह श्री तीर्थंकर महाराजको लाए थे उसी तरह लेजाकर मातापिताकी गोदमें अर्पण कर व उन्हें भक्तिद्वारा प्रसन्नकर हम सबको पुण्य कमाना योग्य है। आज्ञा करनेके पीछे आचार्य व इंद्रादि पूजा समयके पात्र मेरुकी तीन प्रदक्षिणा कोई स्तुति पढ़ते हुए देवें। फिर भगवानको इन्द्र उठावे। पूर्वके समान ऐरावत हाथीपर इन्द्रादि बैठें और खूब जय जय शब्द हों और बाजे बजें। जुलूस १ घंटेके भीतर भीतर मंडपमें आजावें।

(४) राज्यांगणमें भगवानका पधारना और मात पिताको अर्पण व नृत्य–मंडपमें बैठनेका प्रबन्ध टिकटोंद्वारा रहे। जुलूस पहुंचनेपर इंद्र इन्द्राणी थोडेसे और इन्द्रों व देवोंके साथ मंडपमें आवें। इसके पहले ही दूसरे चबूतरेपर महाराज नाभिराज एक सिंहासनपर बैठे हों। दूसरे एक सिंहासनपर माता मरुदेवी निद्रित दशामें सहारेसे बैठी हो, पासमें वस्त्रसे लिपटा नारियल रक्खा हो, कुछ सभासद भी हो तथा माता पिताके बीचमें ऊचा सिंहासन भगवानके बैठनेका हो, परदा उठे। इन्द्र गोदमें तीर्थंकर भगवानको लिये हुए आवे और सिंहासनपर विराजमान करे तब यह मंत्र पढ़े।

ॐ नमोऽर्हते केवलिने परमयोगिने अनंतविशुद्धपरिणामपरिस्फुरच्छुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मबीजाय प्राप्तानंतचतुष्टयाय सौम्याय शांताय मंगलाय वरदाय अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा।

तब सब बैठ जावें । इन्द्राणी उठकर माताके पास आवे और हाथ फेरदे, मायामयी निद्रा हटावे, उस नारियलको उठाले । तब माता आश्चर्यमें उठ खडी हो । माता पिता दोनों खडे हो तीर्थंकरकी छबिको देख देख कर प्रसन्न हों और फिर बैठ जावें । तब इन्द्र उठे और माता पिताके आगे वस्त्राभूषणकी भेट रक्खे । दो थाल उस समय आजावें । एक थाल माताके व १ पिताके आगे रक्खे और पुष्पोंकी सुगंधित माला माता पिताके गलेमें पहरावे और उनकी स्तुति करे—

चौपाई—धन्य धन्य तुम लोक मंझारा, तुमरो सफल जन्म संसारा। तीन जगत गुरु तुम उपजाये, यातें जगत पूज्य ठहराए ॥१॥
तुम उदयाचल पर्वत मानो, पूर्वदिशा देवी मरु जानो । भानू समान प्रभू प्रगटाए, मोह ध्वांत इह लोक मिटाए ॥२॥
ग्रह तुमरा जिनमंदिर सारा, पूज्यनीय त्रिभुवन सुखकारा । तुम दोनों हो शिव अधिकारी, यातें पूजनीय हरवारी ॥३॥

ऐसी स्तुति करके इन्द्र भगवानको उठाकर माताकी गोदमें देता है, माता उठकर लेती है और विनय सहित बैठ जाती है और बारबार प्रभुको निरखती है । उधर प्रतिष्ठाचार्य अन्य प्रतिमाओंको थोडे जलसे अभिषेककर पोछकर केशर चंदनका लेप करके यह कहते जाते हैं—" अस्मिन् बिम्बे जन्मकल्याणकं आरोपयामि स्वाहा " और हरएकको वस्त्राभुषणोंसे सज्जित करते हैं । हरएक मूर्तिके लिये अलग २ वस्त्राभूषण होने चाहिये और फिर "दश अतिशयाकार शुद्धि नाम (यहां जो नामका चिन्ह हो वह लेकर) आदिकम् आरोपयामि स्वाहा" ऐसा कहकर हरएक मूर्तिपर पुष्प डाले । और नमस्कार करे । इधर इन्द्र फिर उठे और किसतरह मेरुपर न्हवन हुआ था उसे कहे तथा भगवानके पूर्वजन्मके ९ भवोंका संक्षेपसे वर्णन करे सो स्तुतिरूप गानके साथ बड़े भावसे कहे—

चौपाई—हम देवन सह मेरु पधारे, पांडुकवनमें आन सिधारे। पांडुक शिला महा शुचि रूपा, थाप्यो प्रभुको आनन्द रूपा ॥१॥
क्षीरोदधिसे कलश मंगाए, स्वर्णमई जल भर सुर लाए। श्रीजिनेंद्र अभिषेक सु कीना, जन्म सफल हमने कर लीना ॥२॥
शची वस्त्र आभूषण धारे, पूज प्रभूको यहां पधारे। धन्य जीव श्रीआदि जिनेशा, मुक्तिनाथ तीर्थंकर भेषा ॥३॥
यह संसार महान अपारा, आदि अन्त विन रहत करारा। यामें जीव कर्मवश घूमें, विन सम्यक्त स्वधर्म न चूमें ॥४॥
भव अनंत यह जीव धरे है, भ्रमत भ्रमत नहिं अंत करे है। जीव नाथका भ्रमण करे था, पुण्य उदयसे दुःख हरे था ॥५॥
इक भव लिया विदेह मंझारा, विद्याधर नृप पुत्र दुलारा। नाम महाबल राज्य सु कीना, जैनधर्ममें दृढ़ चित दीना ॥६॥
अंत समाधि धार तन त्यागा, द्वितिय स्वर्ग उपजा शुभ भागा। देव नाम ललितांग सुपाया, स्वयंप्रभादेवी मनभाया ॥७॥

तहँते चय विदेह उपजाया, वज्रजंघ नृप हो सुख पाया। स्वयंप्रभा भी तहं उपजाई, नारि श्रीमती नृपके भाई ॥८॥
दोनोंने मुनि दान सु दीना, उत्तम भोगभूमि सुख लीना। तहं चारण मुनि आ उपदेशा, धर्म जिनेश्वर हत रति द्वेषा ॥९॥
सुनत ग्रहण दोनोंने कीना, सम्यग्दृष्टी हुए प्रवीणा। द्वितीय स्वर्गमें श्रीधर देवा, द्वितीय स्वयंप्रभ अद्भुत देवा ॥१०॥
श्रीधर धर्मध्यान तहं कीना, चयकर जन्म विदेह सु लीना। राजपुत्र हो सुविधि दयाला, श्रावक ग्यारह प्रतिमा पाला ॥११॥
अंतिम साधु महाव्रत धारे, और समाधिमरण सुखकारे। प्राणसाग सोलम दिवि आए, अच्युतेंद्र होकर सुख पाए ॥१२॥
तहंसे चय विदेह उपजाए, वज्रनाभि सम्राट सुहाए। चक्रवर्ति साधे छः खंडा, राज्य कियो सु न्याय दृप मंडा ॥१३॥
धारे मुनिव्रत तप बहु कीना, आतम ध्यान कर्म कृप कीना। सोलहकारण भाव सुध्याए, तीर्थंकर शुभ कर्म बंधाए ॥१४॥
उपशमश्रेणीसे तन त्यागा, चौथे गुणथानकमें लागा। सर्वारथसिद्धी उपजाए, तेतिस सागर आयू पाए ॥१५॥
तहं भी धर्म भाव चित लाए, पुण्य उदय या नगरी आए। धनश्री रिपभ वृपभ शुभ अंका, तुम टालत भव भ्रम आतंका ॥१६॥
हम दर्शनसे जो सुख पाया, वचन अगोचर जात न गाया। धन्य पिताश्री नाभि सुराजा, मरुदेवी माता हित काजा ॥१७॥
देव जनम हम अब सफलाया, तुम सेवन कर पाप हटाया। चिर जीवो श्री आदि कुमारा, धर्मतीर्थका करहु प्रचारा ॥१८॥

इसनतर स्तुति पढ़ यदि इन्द्र नृत्य जानता हो तो करे अन्यथा सभामें कोई इन्द्र समान नृत्य व भजन १५ मिनटके लिये करे, सब सभा सुने, इन्द्र भी बैठ जावे। फिर इन्द्र उठे। उसी समय कमसे कम पांच देव मुकुटधारी छोटी वयके बालक ८–९ आवें। इन्द्र भगवानके अंगूठेमें अमृत समान दूध लगावे और यह मंत्र पढ़े "ॐ ह्रीं श्री तीर्थंकरांगुष्ठे अमृतं स्थापयामि स्वाहा" और उन पांच देवोंको आज्ञा करे—"हे देवो! तुम तीर्थंकरकी भली भांति सेवा करना और पुण्य कमाकर जन्म सफल करना। तब वे देव कहें—हम आपकी आज्ञा बजा लावेंगे, प्रभुकी सेवाकर पुण्य कमाएंगे। फिर इन्द्र भगवानको उठाता है तब सब सभा खड़ी होजाती है, माता पिता भी खड़े होजाते हैं और सब कोई पुष्पोंकी व चांदी सोनेके फूलोंकी वर्षा प्रभुके ऊपर करते हैं। पहले चबूतरेके बाहर जो परदा पड़ा था वह उठता है, इधर उधरके परदे उठ जाते हैं तथा मूलवेदीके बगलमें जो राज्यमहल बना था वहां सिंहासनपर प्रभुको विराजमान कर देता है। उस समय इन्द्र पहले लिखा मंत्र पढता है—"ॐ नमोऽर्हते अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा" नमस्कार करता है और लौटने लगता है, इतनेमें बाहरका परदा गिरता है। जन्मकल्याणकोत्सव पूर्ण होता है, सर्व अपने २ स्थानपर जाते

हैं, आहार पान करते हैं। यहांतक क्रिया पूर्ण करके ही भोजन करना उचित है। इस सब क्रियाको लगातार ही करना चाहिये। सवेरेसे दोवजे दोपहर तक होसक्ती है।

अध्याय पांचवां।

गृही जीवन।

(१) दोलनारूप क्रीड़ाका उत्सव–रात्रिको मंडपमें दोलना क्रीड़ा की जावे। दूसरे चवूतरेपर झूला सुन्दर लगाया जावे उसमें हिंडोला संजोया जावे, उसपर प्रभुको वस्त्राभूषण सहित, मुकुट सहित विराजमान किया जावे। आठ देवियां हाजिर हों आठ दिशाओंमें खड़ी हों। उनमेंसे पीछेके कोनेकी दो दोनों तरफ चमर ढोरें। पांच कुमारदेवोंको जिनको इन्द्रने नियत किया था हिंडोलेके पीछे खड़ा कर दिया जावे। माता खड़ी २ भगवानको झुलाती हो, सामने एक टेबुलपर रुपयोंकी भेंटके लिये बड़ा थाल रखा हो, कोनेमें एक भाई दातारोंके नाम लिखनेवाला बैठा हो। सब सामान सज जावे तब परदा उठाया जावे। उस समय जयजयकार शब्द हो। प्रथम ही इंद्राणी कई देवियोंके साथ दो थालोमें वस्त्राभूषणादि सजाकर लावे व हाथमें अशरफी व रुपया लावे और सभामें आकर वे दोनों थाल भेटरूप बगलमें रक्खे तथा प्रणाम करके स्तुति पढ़े–

चौपाई–जय जय नाथ दरश तुम पाए, तुम महिमा वरणी नहिं जाए। तुम अपार सुंदरता धारी, काम जीत जगजन मनहारी॥१॥
तुम त्रिज्ञानधारी परमेशा, देखत तुम्हें मिटे भव क्लेशा। हम आतुर चहुंगति संसारा, तुमहि दुःख मेटन अविकारा॥२॥
तुम जग मोह तिमिर निर्वारो, सम दम यमसे सब अघ टारो। धन्य मात तुझ पुण्य अपारा, तीर्थंकर सुत तव जगप्यारा॥३॥

ऐसी स्तुतिकर मोहर या रुपया या रत्न भेटरूप थालमें डारकर हिंडोला हिलावे और फिर नमस्कार कर विनय सहित देवियोंके साथ लौट जावे। नोट–इस समय जो आमदनी थालमें आवे वह सब प्रतिष्ठाके खर्चमें लगाई जावे।

फिर नर नारियां आकर भगवानको झुलावें। इसका प्रवन्ध ऐसा किया जावे कि १० टिकट खास बनाए जावें। १ दफे पांच पुरुष नम्बरवार फिर पांच स्त्रियें नम्बरवार छोड़ी जावें–ये नम्बरवार जावें। रुपया आदि थालमें भेटकर प्रभुको झुलावें। नमस्कार कर

लौट आवें। अर्धी मिनिटसे अधिक कोई न झुलावे, जब पांच लौट आवे व टिकट वापिस आजावे तब फिर पांचको भेजा जावे। इसतरह नम्बरवार स्त्री–पुरुष दोनों आते जाते रहें। मंडपमें बैठे लोग जय जय शब्द कहें तथा सामने भगवानके भजन गान नृत्य मनोहर होता रहे। जब सब भेट देचुकें व अपना मनभर भगवानको झुला चुकें तब परदा डाल दिया जावे। भीतर भगवानको राज्यमहलकी वेदीपर वस्त्र सहित विराजमान किया जावे।

(७) तीर्थंकरको राज्याभिषेक–जन्मकल्याणकके दूसरे दिन सवेरे आचार्य इन्द्र आदि सहित सवेरे ही मंडपमें जन्मकल्याणकके दिनकी भांति सकलीकरण, अभिषेक व नित्यपूजा, सिद्धपूजा तथा होम करे। फिर पहले चबूतरे पर परदा डाला जावे। दूसरे चबूतरेपर राजसभाकी रचना की जावे। बीचमे प्रभुके बैठनेका आसन हो। उसके पास ही नाभिराजाका आसन हो, कुछ सभासद कायदेसे बैठे हों। अभिषेक व पूजाका प्रबन्ध हो व भगवानको राजयोग वस्त्र व खड्ग आदि शस्त्र देनेका प्रबन्ध हो। परदा उठे तब सब इन्द्र प्रत्येन्द्र व आचार्य आवें, आठ मंगलद्रव्य स्थापित हों। इन्द्र महाराजा नाभिको मस्तक झुकाकर नमन करे व स्तुति करे।

दोहा–श्री तीर्थंकर राज्यपद, देनेका उत्साह। किया आपने नाभिजी, है यह उत्तम राह ॥
प्रभु समर्थ पालन प्रजा, न्याय मार्गसे आज। राज्यार्पणकी सकल विधि, करना है सुखसाज ॥

तब नाभिराज कहते हैं—

दोहा–राज्यतिलक अर्पण विधि, कीजे हे दिविराज। होय सुखी सारी प्रजा, होय अटल यह राज ॥

आज्ञा पाते ही इन्द्र भीतर जाकर प्रभुको राज्यमहलसे लाते हैं तब सब खड़े होते हैं, जयजयकार शब्द होते हैं, पुष्पोंकी वर्षा होती है। बीचमें न्हवनका आसन विराजमान कर उसपर प्रभुको स्थापित करता है। वस्त्राभूषण अलग उतारकर रखता है। इतनेहीमें दूसरे इन्द्र तथा आठ देवीकन्याएं सुन्दर कलशोको जलसे भरे हुए पुष्पमालासे शोभित व कमल या नारियलसे ढके हुए व केशरका साथिया बना हुआ अपने दोनों हाथोंपर धरे हुए लाते हैं। सामने गीत व नृत्य होता है। बाहर खुब बाजे बजते हैं। ये सब इन्द्र और देवियां एक साथ गाती हैं—

गीताछंद–शचिनाथ हम जल शुद्ध लाए क्षीरसागरसे भला। गंगा महा नद सिंधु आदी कुंड गंगासे भला ॥
शुचि दीप नंदी वापिका सागर स्वयंभूसे भला। अभिषेक कारण राज पट हो तीर्थनायकके भला ॥

प्रथम ही इन्द्र हाथ उच्च करके अभिषेक करे। अभिषेक जबतक होता रहे आचार्य पढ़ते रहें "ॐ ह्रीं श्री तीर्थराजस्यराज्याभिषेकं करोमि स्वाहा" फिर दूसरे इन्द्र अभिषेक वारी वारीसे करें। फिर नाभिराजा अभिषेक करे। फिर दूसरे कुछ राजा जो सभामें थे अभिषेक करें, फिर इन्द्र केशरादि द्रव्योंसे मिश्रित गंधजलसे अभिषेक करे, फिर पुष्पोंकी वर्षा करे, फिर स्वच्छ जलसे अभिषेक करके भगवानका शरीर पोंछकर इन्द्र राज्य आसनपर विराजमान करे। गंधोदक सबको पूर्ववत् पहुंचाया जाय तब मंगलआरती सब पात्र मिलकर पढ़ें तथा इन्द्र कपूरादि जलाकर इसप्रकार आरती करता है—

चौपाई—जय जय तीर्थंकर अविकारी। जय जय मुक्तिवधू वर भारी॥ टेक॥ जय जय प्रजा न्याय विस्तारी। जय जय अनुपम वल अधिकारी॥ जय०॥ जय जय शस्त्र शास्त्रगुण धारी। जय जय विद्या-निपुण अपारी॥ जय०॥ जय जय पंद्रहवें मनु भारी। जय जय जगत करन उद्धारी॥ जय०॥ जय जय कर्मभूमि विस्तारी। जय जय आदि जिनं भवतारी॥ जय०॥

आरती करके फिर इन्द्र वस्त्र व शस्त्र खड्ग आदिसे सज्जित करे। कंठमें पुष्प व रत्नमाला डालें व अन्य आभूषण पहनावें। इतनेहीमें नाभिराज उठते हैं और इसभांति कहकर अपना मुकुट उतारकर प्रभुके मस्तकपर धारण करते हैं—

दोहा—सर्व राज महराजके, पालक दीन दयाल। तुमही हो जग पूज्य प्रभु, वृषभदेव जगपाल॥

फिर इन्द्रने मस्तकपर पट्टबंध भी किया तब सब बैठ जाते हैं। सभामे नृत्य व गान १५ मिनट तक होता है। तब इन्द्र व देव विनय सहित चले जाते हैं। अष्ट देवियां रह जाती हैं जो प्रभुके पीछे खड़ी रहती हैं उनमें दो देवियां जबसे सिंहासनपर प्रभु बैठे तबहीसें चमर कर रही हैं। अब अनेक राजालोग आकर प्रभुको भेट चढ़ाकर नमस्कार कर सभामें बैठ जाते हैं—पहले राजा हरि, फिर राजा अकम्पन, फिर काश्यप फिर सोमप्रभ आते हैं। इनके पीछे अनेक राजा जिनके स्थानके नाम आचार्य कहते जाते हैं आते हैं और भेट धरकर सभामें बैठते हैं। नोट—जो रुपया भेटमें आवे सो प्रतिष्ठाकार्यमें खर्च हो। कुछ नाम यहां दिये जाते हैं—

(१) अंगदेश, (२) बंगदेश, (३) कलिंगदेश, (४) तुलुवदेश, (५) कर्णाटकदेश, (६) पांड्यदेश, (७) तंजोरदेश, (८) सिंधुदेश, (९) कच्छदेश, (१०) गुजरातदेश, (११) महाराष्ट्रदेश, (१२) पंचालदेश, (१३) मालवादेश, (१४) राजपूताना, (१५) नैपालदेश, (१६) भूटानदेश, (१७) मध्यप्रदेश, (१८) खानदेश, (१९) नीमाड़देश, (२०) आसामदेश, (२१) ब्रह्मदेश, (२२) तिब्बत,

(२३) चीनदेश, (२४) श्याम, (२५) जापान, (२६) रूस, (२७) ग्रीकदेश, (२८) रूमदेश, (२९) फारसदेश, (३०) अरबदेश, (३१) गांधारदेश, (३२) मिश्रदेश । इत्यादि,

फिर सब जब बैठ जावें तब भगवानकी ओरसे राज्यनीतिका उपदेश आचार्य व अन्य कोई विद्वान सभामें प्रभाव पड़े इसतरह कहे—

राजा हरि ! (इतना कहनेपर राजा खड़ा होजावे) आपको भगवान हरिवंशका नायक स्थापित करते हैं । वह हाथ जोड मस्तक नमा बैठ जाता है ।

राजा सोमप्रभ ! (वह भी उठता है) आपको भगवान कुरुवंशका शिखामणि स्थापित करते हैं । उसी तरह वह भी नमनकर बैठ जाता है ।

राजा अकंपन ! (वह भी उठता है) आपको भगवान नाथवंशका अधिपति नियत करते हैं । उसी तरह नमनकर बैठता है ।

राजा काश्यप ! (वह भी उठता है) आपको भगवान उग्रवंशका शिरोमणि नियत करते हैं । उसी तरह नमनकर बैठता है ।

आजसे भगवान यह नियम करते हैं कि जो शस्त्र धारणकर अपने बाहुबलसे प्रजाकी रक्षा करनेको समर्थ हैं वे क्षत्रियवंशी व क्षत्रियवर्णधारी कहलाएंगे । जो थल व जलद्वारा अनेक देशोंमें यात्रा करके व्यापार करने योग्य हैं वे वैश्यवंशी या वैश्यवर्णधारी कहलाएंगे । जो इन दोनों प्रकारकी योग्यता नहीं रखते हैं तथा सेवा आदि करके व आज्ञा पालन करके आजीविका करने योग्य हैं उनको शूद्र कहा जायगा । भगवान आज तीन वर्णोंकी स्थापना करते हैं । भगवान असिकर्मके द्वारा क्षत्रियोंको; मसि, कृषि, वाणिज्यद्वारा वैश्योंको व शिल्प तथा विद्याकला द्वारा शूद्रोंको आजीविका करनेका अधिकार नियत करते हैं तथा यह भी नियम बनाते हैं कि हरएक वर्णवाले अपनी २ आजीविका करें तथा विवाहका यह नियम करते हैं कि प्रत्येक वर्णवाले अपने अपने वर्णमें विवाह करें, काम पडे क्षत्रिय वैश्य तथा शूद्रकी और वैश्य शूद्रकी कन्याको विवाह सक्ता है । भगवान अपने आधीन राजाओंको यह आज्ञा करते हैं—

चौपाई–है कृतयुग यह जन तुम जानो । निज निज कृत्य करो सुख मानो ॥ आलसभाव न चितमें राखो । परिश्रमी बन सुख अभिलाखो ॥ १ ॥ सज्जन दुर्जन जन दो भेदा । सज्जन पालहु खल कर छेदा ॥ प्रजा करहू रक्षा रुचि लाई । दुर्जनको नित दंड दिलाई ॥ २ ॥ शस्त्र धरण उद्देश यही है । प्रजा सुखी हो तत्त्व यही है ॥ दुष्टनका निग्रह जहं नाहीं । सुख संतोप होय तहं नाहीं ॥३॥ गृही नहीं करतव निज पाले । दुखी होय विपता बहु झालें ॥ दया दुष्टजन नहिं अधिकारी ।

दंड विना नहिं हों समधारी ॥ ४ ॥ पृथ्वी यह बहु धान्य उपावै । वस्तु अनेक और उपजावै ॥ गोधन कृषि कारण उपकारी । दुग्ध देय पोषन कर भारी ॥ ५ ॥ धन कणकी रक्षा करना है । सर्वदेश तिरपत रखना है ॥ कर इतना ही लेन विचारो । प्रजा कभी दुखमें नहिं धारो ॥ ६ ॥ प्रजा सुखी तहं राज्य सुखी है । राज्य वही जहं को न दुखी है ॥ कर ग्रह विद्या करहु प्रचारा । विद्याविन नर जन्म असारा ॥ ७ ॥ पुत्री पुत्र उभय अधिकारी । विद्या कला देहु अति भारी ॥ करहु स्वास्थ्यरक्षा जगजनकी । रोग शोग नहिं बाधा तनकी ॥ ८ ॥ प्रजा पुत्रसम पालहु ज्ञाता । दीन अनाथ करहु नित साता ॥ सदा ध्यान रखिये भूराजा । प्रजा होय सुख शांति समाजा ॥ ९ ॥ शिल्प कलासे वस्तु बनाओ । देश देश भेजो धन लाओ ॥ जहां वाणिज्य तहां धन आवै । धन जिस देश वही सुख पावै ॥ १० ॥ जीवन सादा शुद्ध विताओ । विषय मोहमें तन न गमाओ ॥ इंद्रियभोग न्यायसे कीजे । जासे बल तन दुति नहिं छीजै ॥ ११ ॥ है संतोष परम सुखकारी । परधनकी इच्छा दुखकारी ॥ निज तिय सम्पतिमें सुख मानो । पर तिय पर सम्पति पर जानो ॥ १२ ॥ समय वृथा कबहीं नहिंटालो। समय अमूल्य जान तनपालो ॥ होय सुखी नर नारि सदा ही । यह प्रबन्ध करिये गुणग्राही ॥ १३ ॥

फिर सब खड़े होजावें (नाभिराजा तो राज्य देकर पहले ही चले गए थे) और स्तुति पढ़ें । परदा गिरे—

छंद—जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र नाथजी । धन्य यह समय महान सुख निधान साथजी ॥ दीनबंधु हो दयालु जगत पाल कीजिये । दुःख क्लेश शोग मेट तृपत नाथ कीजिये ॥ १ ॥ राज्य यह महान आपका परम प्रकाश हो । यश अपार विस्तरै अन्यायका विनाश हो ॥ धन्य धन्य नाथ तुम्हीं ज्ञानमें प्रधान हो । राखिये कृपा जिनेन्द्र लोकमें महान हो ॥ जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र नाथजी । धन्य यह समय महान सुखनिधान साथजी ॥ २ ॥

आचार्य प्रतिमाको राज्यमहलमें विराजमान करते हैं तथा अन्य प्रतिमाओंको मुकुट व शस्त्र देकर " अस्मिन् बिम्बे राज्याभिषेकं आरोपयामि स्वाहा " ऐसा कहकर पुष्प क्षेपण करते हैं । सवेरे १० बजे तक यह क्रिया होजावे ।

अध्याय छठा ।

तपकल्याणक ।

(१) भगवानको वैराग्य-इसी दिन जब सवेरे राज्याभिषेक किया था, १ बजेसे तप कल्याणककी विधिको करे । मण्डपसे कुछ दूर एक वन ढूंढ लेवें जहां बड़का वृक्ष हो उसीके नीचे ऋषभदेवका तप कल्याणक करना । जिस तीर्थंकरकी प्रतिष्ठा करनी हो उस तीर्थंकरके उसी वृक्षको तलाश करे । यदि वैसा न मिले तो २४ मेंसे कोई भी वृक्षके तले यह कल्याणक होवे । २४ वृक्षोंके क्रमसे नाम ये हैं-१ वट या वर्गद, २ सप्तच्छद, ३ साल, ४ साल, ५ प्रियंगु, ६ प्रियंगु, ७ श्रीखण्ड, ८ नागवृक्ष, ९ साल, १० पलास, ११ तींदू, १२ पाटल, १३ जम्बू, १४ पिप्पल, १५ दधिपर्ण, १६ नंदिवृक्ष, १७ तिलक, १८ आम्र, १९ अशोक, २० चम्पा, २१ मोलसरी, २२ वांस, २३ धव, २४ साल । वनमें वृक्षके चारों ओर स्थान स्वच्छ हो । शुद्ध जलको छिड़क कर पवित्र करले वहां ही एक पाषाणकी शिला ऊंची भगवानको विराजमान करनेको नियत करे तथा आगे १ मण्डल बनावे जिसमें २४ कोठे हों, पूजाकी सब सामग्री तय्यार की जावे, मण्डप भी छाया जावे जिसमें सुखसे सब बैठ सकें । वटवृक्षको नियत कर आचार्य पहले सब देख आवे व प्रबंध कर आवे । उधर मण्डपमें नरनारी टिकटों द्वारा बुलाए जावें । दूसरे चबूतरेपर भगवानकी राज्य सभा लगाई जावे । सशस्त्र भगवान् विराजमान हों, आगे नृत्य व भजन होता हो, ऐसी सभा करके परदा खोला जावे । उस समय नीलांजना नामसे एक देवीको इन्द्र भेजे वह आकर नृत्य करने लगे । कोई कन्या जो थोड़ासा नृत्य जानती हो सो नाचते नाचते एकदम भूमिपर गिरकर अचेतसी होजावे । उसी समय आचार्य भगवानकी ओरसे नीचे प्रकार कहें—

दोहा-धिक धिक या संसारमें, नित्यनको पर्याय । देखत देखत विलय हो, ध्रुवता कोन लहाय ॥ १ ॥
मरणकाल आवे निकट, कोय न राखनहार । कोटिक यत्न विचारिये, निर्फल हों हरबार ॥ २ ॥
क्षण क्षण उम्र विलात है, ज्यों ज्यों काल विताय । मरण करत मानें सुखी, हम युवान वय आय ॥ ३ ॥
जरा सु बाघन भयकरी, आवत है ततकाल । पकड़ तिसे निर्बल करे, डसे काल विकराल ॥ ४ ॥
या संसार अपारमें, चारों गति दुखदाय । शारीरिक मनसा बहुत, क्लेश होंय भयदाय ॥ ५ ॥

देव आदि भी ना सुखी, तृष्णावश दुख पाय । देख जलत पर सम्पदा, इष्ट वियोग धराय ॥ ६ ॥
जो जाने निज आपको, सरधै निज सुख सार । निजमें आपी मगन हो, सो सुखिया संसार ॥ ७ ॥
मोह अंध जे जीवड़ा, धन कुटुम्बमें लीन । आकुलता नितप्रति लहैं, दशा बनाई दीन ॥ ८ ॥
द्रव्य भिन्न हर जीवका, जब पलटे पर्याय । उपजै मरै जु एकला, कोई नहीं सहाय ॥ ९ ॥
तीव्र क्लेश रुग शोकका, आपी भुगतै जीव । साथी सगा न देखिये, भिन्न भिन्न है जीव ॥ १० ॥
जब यह तन भी मम नहीं, साथ न जावै कोय । परिजन पुरजन धन कणा, किह विधि साथी होय ॥ ११ ॥
यह शरीर सुन्दर दिखे, भीतर मल समुदाय । सड़न गलन आदत धरै, तुरत मृतक होजाय ॥ १२ ॥
तीन जगतमें अशुचि है, मानुष तन अधिकाय । वस्त्र माल जल शुचि दरब, परश अशुचि होजाय ॥ १३ ॥
मिथ्या श्रद्धा धारके, हिंसादिक बहु पाप । करे कषायन वश रहे, हो प्रमाद सन्ताप ॥ १४ ॥
मन वच काय न थिर रहे, योग भाव हिल जाय । कर्म वर्गणा पुंज तब, आवत तहं अधिकाय ॥ १५ ॥
बंध होय पिंजरा बने, कार्मण तन दुखदाय । जब तक यह टूटे नहीं, मुक्ति न कोय लहाय ॥ १६ ॥
संवर भाव विचारिये, सम्यग्दर्शन सार । संयम अर वैराग्यसे, रुकै कर्मकी धार ॥ १७ ॥
आतम ध्यान महा अगनि, जब निजमें प्रजलाय । कोटिक भव बांधे करम, तुरत भस्म होजाय ॥ १८ ॥
तप समान इस जीवका, मित्र न को संसार । निश्चय तप निज आतमा, तारै भवदधि खार ॥ १९ ॥
पुरुषाकार अकृत्रिमा, लोक अनादि अनंत । ऊरध मध्य अधो विषे, सिद्ध लोक सुखवन्त ॥ २० ॥
दुर्लभ है इस लोकमें, नर तन दीरघ आयु । इंद्रिय बलकी पूर्णता, डसै न रोग कु वायु ॥ २१ ॥
एक इंद्रिय पर्यायते, चढ़न कठिन संसार । विरला नर तन पावता, जो सब तनमें सार ॥ २२ ॥
या तन पाय न तप किया, लिया न निजरस स्वाद । मूरख अवसर चूकता, छाड़ै ना परमाद ॥ २३ ॥
धम मित्र या जीवका, जो राखे शिव माहिं । दुर्गतिसे रक्षा करै, सुख देवै अधिकाहिं ॥ २४ ॥
हा हा धिक् धिक् है मुझे, इतना काल गमाय । मोह राज्य पुत्रादिमें, कर निज सुध विसराय ॥ २५ ॥

अब संयम धरना सही, जिम धारा बहु लोक। कर्म काट शिव थल बसे, पाया निज सुख थोक ॥ २६ ॥
कुछ विलम्ब करना नहीं, समय न पलटत आय। क्षण क्षण आयु विलात है, राखनको न उपाय ॥ २७ ॥
धर्म मित्रकी शरणमें, रहना ही सुखकार। जो तारे भव सिंधुते, पहुंचावे शिव द्वार ॥ २८ ॥

(२) लौकांतिक देवागम–इतनेमें आठ लौकांतिक देव सफेद शुद्ध धोती दुपट्टा पहने व सफेद ही मुकुट लगाए सभामें विनय सहित आते हैं और पुष्पोंकी अंजली मूर्तिके आगे चढ़ाकर नीचेप्रकार स्तुति करते हैं–

स्वामिन्नद्य जगत्त्रये प्रसरतां मांगल्यमाला यतः, सर्वेभ्यः सुकृतं भविष्यति भवत्तीर्थामृतांभोधरात्।
घोरापज्ज्वलनापनोदनमितो भव्यात्मनां जायतां, वैराग्यावगमस्त्वया परिचितस्तस्मै नमस्ते पुनः ॥ ८२३ ॥
संसारदुःखविनिवृत्तिपरायणः स्वयं बुद्‌ध्वा भवस्थितिमिमां स्वपरात्मनां शिवं।
कर्तैव्यसावभिमतस्वनियोगभावुकानस्मान् प्रपंचयति निःक्रमणोत्सवस्तव ॥ ८२४ ॥
के वा वयं त्वदुपदेशविधानदक्षाः स्वायंभवस्य सकलागमपूतदृष्टेः।
आत्मैव केवलमथो प्रतिबुद्धमार्गं नीतः स्वयं न खलु भव्यगणोऽपि तात ॥ ८२५ ॥

अयं पितेयं जननी तवेति लोका मुधार्थं व्यवहारयन्ति। विश्वेशिता विश्वपितामहस्त्वं माताऽसि सर्वप्रतिपालनेच्छुः ॥८२६॥
अवाप्तसंसारतटः स्वलब्ध्या निमित्तमन्यत्समुपस्थितोऽसि। स्वयं प्रबुद्धः प्रभविष्णुरीशः कदापि नास्मत्तत्त्वनेन बुद्धः ॥८२७॥
प्रकाशितं सूर्यमुदीक्ष्य दीपः स्वयं स्वदीप्त्या किमु भासयेत्तं। गंगा स्वयं शीतलतोपदात्री किं पल्वलेन स्वतृषां भनक्ति ॥
जय कल्याणपरम्पर मदनभयङ्कर निजशक्तिपते। जय शाश्वतसुखकर त्रिभुवनमहिधर जय जय जय गुणरत्नपते ॥ ८२९ ॥

भाषा–छंद स्रग्विनी–धन्य तू धन्य तू नाथ जो चित गहा। धन्य हो नाथ वैराग्य उत्तम लहा ॥ तीर्थ धर्म महा वृष्टि हो लोकमें। मोह आपत्ति अगनी शमैं लोकमें ॥ १ ॥ संसृती दुःख मेटन तुम्ही वीर हो, कर्म सेना महारन तुम्ही धीर हो। बोध केवल प्रकाशन तुम्हीं सूर्य हो, भव्य कमलनि विकाशन तुम्हीं सूर्य हो ॥२॥ हो स्वयंबुद्ध सम्यक्त गुण धारकं, ज्ञान वैराग्य जलमोहमल टारकं। शक्ति अनुपम धरो काम बल नाशकं, आपमें आप ही आपको भाशकं ॥ ३ ॥ नाथ अब देर कुछ भी नहीं कीजिये, धार संयम कवच ध्यान असि लीजिये। चार घाती महा कर्म क्षय कीजिये, धर्म त्रय

रत्नमय देय यश लीजिये ॥४॥ आपको बोधने बल धरें हम नहीं, मात्र भक्ती करें पाप आवें नहीं। हैं सफल गात्र यह नाथ वंदे तुम्हें, जन्म माना सफल नाथ देखे तुम्हें ॥ ५ ॥

इसतरह बडे भावसे स्तुति पढ़के पुष्पांजलि प्रभुके चरणोंपर क्षेपण करके व नमस्कार करके विनय सहित लौट जावें—

(३) इन्द्रागमन पालकी सहित—इतने हीमें इन्द्रादिदेव एक कलश जलका लिये व वस्त्राभूषणका थाल लिये तथा पालकीको कन्धेपर धरे सभामें आते हैं। पालकी आदिको यथायोग्य धरकर इन्द्रादि नमस्कार कर कहते हैं—

छन्द स्रग्विणी—हे प्रभू मोक्ष नगरी विजय कारणे, आत्म सुख सार अनुभव सदा धारणे। मुक्ति लक्ष्मी मनोहर जु वश कारणे, सिद्ध पद सारको नित्य संधारणे ॥ १ ॥ जो विचारा मनोरथ सफल हो सही, मोह शत्रुपे तेरी विजय हो सही। क्रोध आदी कषायें सभी नष्ट हों, ध्यान अग्नी जलें कर्म गण नष्ट हों ॥ २ ॥ साधु पदवी धरो व्रत महा आचरो, तीन गुप्ति सम्हालो समिति उर धरो। हैं परम धर्म दश तोहि रक्षा करें, होंय उपसर्ग संकट उन्हें जय करें ॥३॥ धन्य जिनराज पुरुषार्थ कीना विमल, नष्ट रागादि कर आत्म कीजे विमल। हम तो भक्ति करैं और समरथ नहीं, होंय पावन इसीसे न हों दुख कहीं ॥ ४ ॥

(४) भगवानका राज्य त्याग व पालकीपर चढ़ वन जाना—फिर आचार्य नीचेका श्लोक पढ़ प्रतिमापर पुष्पांजलि क्षेपे। सूचक सभाको कहे कि भगवान् राज्यका त्याग करते हैं और पुत्र भरतको राज्य देते हैं—

दृढोरुवैराग्यभरः स्वराज्यं पुत्राय वा भूपतिसाक्षि दत्वा। यः क्षात्रधर्मं श्रितपंचभेदं दिदेश साक्षाच्च स एष विभुः ॥

तब इन्द्र प्रतिमाजीको उठाकर मस्तकपर रक्खे, वहीपर आचार्य एक नारियल रख दे व उसपर भगवानका मुकुट उतार कर रख दे। इससे यह सूचित करना है कि पुत्रको राज्यपद दिया। इन्द्र बिम्बको स्नान करानेके लिये उच्च आसनपर बिराजमान करे तब आचार्य यह मंत्र पढ़े—"ॐ ह्रीं अर्हं धर्मतीर्थं आदिनाथ भगवन् इह पांडुकशिला पीठे तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।"

इसके पहले ही आचार्य जहांपर बिराजमान करना हो उस थालीपर साथिया बना देवे। फिर आचार्य नीचेका श्लोक पढ़े—इंद्र ऊंचे हाथ करके जलके कलशसे स्नान करावे—

दीक्षोद्यमं मोक्षसुखैकसक्तं यं स्नापयांचक्रुरशेषशक्राः। समेत्य सद्यः परया विभूसा तं स्नापयाम्यष्टशतेन कुंभैः ॥

ॐ जय जय जय अर्हंतं भगवंतं शुद्धोदकेन स्नापयामि इति स्वाहा। फिर इन्द्र वस्त्रसे पोंछकर, हलके चन्दनसे स्नान करे तब आचार्य यह श्लोक पढ़े——

इन्द्रो जिनेन्द्रस्नपनावसाने दिव्यांगरागेण यमालिलेप। कर्पूरकालागरुकुंकुमाढ्यश्रीचन्दनेनास्य समालभेऽगम् ॥

ॐ ह्री सहजसौगध्यवंधुरांगस्यगधलेपनं करोमि स्वाहा।

फिर इन्द्र पोंछकर थालमें नए लाए वस्त्र आभूषण पहनावे तब आचार्य नीचे लिखा श्लोक पढ़े—

विभूषयामास जगत्रयस्य विभूषणं दिव्यविभूषणाद्यैः। पुरंदरोऽयं भगवज्जिनेंद्रं स एव देवो जिनबिंब एषः॥

ॐ ह्री श्री जिनांग विविधवस्त्राभरणेन विभूषयामि स्वाहा। फिर आचार्य नीचे लिखा वर्द्धमान मंत्र सात वार पढ़कर प्रभुपर सात वार पुष्प क्षेपे—"ॐ णमो भयदो बड्ढमाणस्स रिसहस्स जस्स चक्के जलन्त गच्छइ। आयासं पायाल लोयाणं भूयाणं यूये वा विवादे वा रणंगणे वा रायंगणेवा छंभणे वा मोहणे वा सव्वजीवसत्ताणं अपराजिदो भवदु मे रक्ख रक्ख स्वाहा।

फिर दीक्षा लेते समय भगवानने दान किया उसकी स्थापनाके लिये आचार्य नीचेका श्लोक पढ़कर प्रतिमाके आगे पुष्प क्षेपें और कुछ रुपये दानके लिये देदिये जावें उसे प्रबन्धकर्ता यथायोग्य देदेवें।

दीक्षोन्मुखस्तीर्थकरो जनेभ्यः किमिच्छकं दानमहो ददौ यः॥ दानं च मुक्त्यंगमितीव वक्तुं स एव देवो जिनबिंब एषः॥१॥

फिर नीचे लिखा श्लोक पढ़ पालकीपर पुष्प डाले—

महीतलायातदिनेशबिंबशंकावहादीप्रमणिप्रभाढ्या॥ जिनेन या श्रीशिबिकाधिरूढा दिव्यात्र साक्षादियमस्तु सैव॥ २॥

फिर नीचे लिखा श्लोक व मंत्र आचार्य पढ़े। इन्द्र विनय सहित भगवानको उठाकर पालकीपर विराजमान करे तब जय जय शब्द हो पुष्पवृष्टि हो।

आपृच्छ्य बंधूनुचितं महेच्छः किमिच्छकं दानविधिं विधाय॥ निष्क्रामतिस्मावसथाध्वनो यः स एव देवो जिनबिंब एषः॥३॥

ॐ ह्री अर्हं श्रीधर्मतीर्थाधिनाथ भगवन्निह शिबिकायां तिष्ठ तिष्ठेति स्वाहा।

इससमय कमसे कम चार भूमिगोचरी राजा व चार विद्याधर तैयार रहें। ये ही पालकीको कंधेपर रख सकेंगे—संघमेंसे कौन बने इसके निर्णयके लिये अन्य स्थानपर बोली बोलकर पहले तय किया जावे। जो रुपया आवे प्रतिष्ठामें खर्च हो। जितनी दूर वन हो उस

मर्यादाके आठ भाग किये जावें—१ भागतक भूमिगोचरी भगवानकी पालकीको लेकर चलें, फिर एक भागतक विद्याधर राजा ले चलें, फिर इन्द्रादिक देव ले चलें। जिस समय चार भूमिगोचरी राजा पालकी उठावें उस समय नीचेका श्लोक पढ़ आचार्य प्रतिमापर पुष्प डालें—

यदाश्रितां श्रीशिविकां धुरीणाः स्कंधे समारोप्य पदानि सप्त ॥ जग्मुः पृथिव्यां प्रथमं नरेन्द्राः । स एव देवो जिनबिंब एषः ॥१॥

जब विद्याधर ले चलें तब यह पढ़े—

यदाश्रितां श्रीशिविकां धुरीणाः स्कंधे समारोप्य पदानि सप्त ॥ जग्मुः पृथिव्यामथ खेचरेन्द्राः स एव देवो जिनबिंब एषः ॥२॥॥

फिर जब इन्द्र ले चलें तब यह श्लोक पढ़े और पुष्प क्षेपे—

यस्य प्रभोः श्रीशिविकां प्रमोदात् स्कंधे समारोप्य वियत्पथेन । तपोवनं निन्युरथामरेंद्राः स एव देवो जिनबिंब एषः ॥

दोनों तरफ इंद्रादि चमर ढारते जावें, साथमें झंडियां हों, बाजे बजें, नृत्य होता हो, भजन होते हों, सर्व संघ साथ जावे। आध घंटेके भीतर वनमें पहुच जावे।

(५) तप वनमें तप लेनेकी क्रिया—पहलेसे ही आचार्य जाकर तपोभूमिको नीचे लिखा मंत्र पढ़ शुद्ध करे, पानी छिड़के—

"ॐ नीरजसे नमः" फिर वटवृक्षकी स्थापना नीचे लिखा मंत्र पढ करें, वृक्षपर पुष्प क्षेपे।

ॐ ह्रीं णमो अरहंताण वृषभजिनस्य वटाख्य जिनदीक्षा वृक्ष अवतर२ संवौषट्। फिर नीचेका श्लोक पढ़ दीक्षामंडपपर पुष्प क्षेपे—

एवं विनिष्क्रम्य यमाससाद पुण्याश्रमं तीर्थकरः प्रशान्तः। स एव चायं जिनमण्डपोस्तु श्रीमूलवेद्यां विहितप्रतीच्यां ॥

फिर आचार्य शिलाके स्थापनके लिये नीचे लिखा श्लोक पढ़ शिलापर साथिया बनावे व पुष्प क्षेपे—

स्वचित्तकल्पे विपुले विशुद्धे शिलातले यत्र तु चंद्रकान्ते ॥ सुरेन्द्रकल्पे भगवान्निविष्टस्तदेव पीठं दृढमेतदस्तु ॥

फिर नीचेका श्लोक व मंत्र पढा जावे तब इन्द्र पालकीसे भगवानको उतारकर शिलापर पधरावे। मुख पूर्व या उत्तर हो—

उदङ्मुखः पूर्वमुखोऽथवा यो निविष्टवान्पूतशिलोपरिष्टात् ॥ प्रव्रज्यया निर्वृतिसाधनोत्कः स एव देवो जिनबिंब एषः ॥

ॐ ह्रीं धर्मतीर्थाधिनाथ भगवन्निह सुरेन्द्रविरचितचंद्रकांतशिलातले तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।

फिर नीचे लिखा श्लोक पढ़ आचार्य चारोंतरफ पुष्प क्षेपे—

तपोवनं यत्तदिहास्तु दीक्षावृक्षोऽपि सोयं च शिलापि सेयं॥ स पुण्यकालोऽप्ययमेव यद्यदीक्षोचितं तत्तदिहास्तु सर्वं॥

फिर आचार्यभक्ति और श्रुतभक्ति पढे। फिर नीचे लिखा श्लोक मंत्र पढ़ प्रतिमापर पुष्प क्षेपे व वस्त्राभूषण उतारकर एक थालीमें रक्खे।

यः सर्वसिद्धान्प्रणिपत्य केशानुत्पाट्य दिव्यांबरमाल्यभूषाः। त्यक्त्वा प्रवव्राज निजात्मलब्ध्यै स एव देवो जिनबिंब एषः ॥

ॐ नमो भगवतेऽर्हते सद्यः सामायिकप्रपन्नाय वस्त्राभूषणमपनयामि स्वाहा। फिर भगवानकी प्रतिमाके मस्तकमें गाढ़ी केशर लगाकर उसपर लौंग केशोंके भावोंकी स्थापनामें चिपका दे। **नमः सिद्धेभ्यः** कहकर उन केशरूप लौंगोंको किसी अन्य पेटी या थालीमें रक्खे अर्थात् केशलोंच करे। सूचक पात्र हरएक क्रियाको समझाता जावे तब दर्शकगण जय जयकार करें। उन केशोंकी थालीको वेदीपर रक्खी रहने दी जावे। फिर आचार्य ऐसा कहे–"अहं सर्वं सावद्यविरतोस्मि" फिर सिद्धभक्तिका पाठ पढ़े।

पश्चात् केशरसे सोनेकी महीन सुईद्वारा प्रतिमापर अंक न्यास करे–पहले आचार्य मातृका मंत्र १०८ वार पढ़कर भावोंके द्वारा अपने अंगमें अक्षरोंको बैठा ले। इस समय सभाजनोंका मन लगानेको या तो १२ तपका उपदेश हो या वैरागी भजन हों–

मातृका मंत्र।

ॐ नमोऽर्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः, क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, य र ल व, श ष स ह। क्ष्वीं क्ष्वीं क्ष्वौं स्वाहा।

आगे जहां प्रतिमाके अंगोंपर इन अक्षरोंको लिखना कहेंगे वही अपने अंगोंपर भी ध्यानमें बैठा लें।

(१) ओं अं नमः ऐसा कहकर अ अक्षरको ललाट या माथेपर लिखे। (२) ओं आं नमः ऐसा कहकर आ को मुखकी गोलाईपर लिखे अर्थात् मुखवृत्तपर लिखे। (३) ॐ इ नमः ऐसा कह इ को दाहनी आंखमें लिखे। (४) ॐ ई नमः ऐसा कह ई को बाईं आंखमें लिखे। (५) ॐ उ नमः ऐसा कह उ को दाहने कानमें लिखे। (६) ॐ ऊ नमः ऐसा कह ऊ को बाएं कानमें लिखे। (७) ॐ ऋं नमः ऐसा कह ऋ को दाहनी तरफके नाक छिद्रमें लिखे। (८) ॐ ॠ नमः ऐसा कह ॠ को बाईं तरफके नाक छिद्रमें लिखे। (९) ॐ ऌ नमः ऐसा कह ऌ को दाहने (गण्डस्थ) गालपर लिखे। (१०) ॐ ॡं नमः ऐसा कह ॡ को बाएं गालपर लिखे। (११) ॐ एं नमः ऐसा कह ए को ऊपरके ओठमें। (१२) ॐ ऐं नमः ऐसा कह ऐ को नीचेके ओठमें। (१३) ॐ ओं औं नमः ऐसा कह ओ औ को ऊपर व नीचेके दांतोंमें। (१४) ॐ अं अः इति नमः ऐसा कह अं अः को सिरके ऊपर लिखे। (१५) ॐ कं खं नमः ऐसा कह क ख को दाहनी भुजापर। (१६) ॐ गं घं नमः ऐसा

कह ग घ को दाहने हाथकी अंगुलियोंमें। (१७) ॐ ङं नमः ऐसा कह ङ को दाहने हाथके अग्रभागमें या हथेलीमें। (१८) ॐ च छ नमः ऐसा कह च छ को बाईं भुजापर। (१९) ॐ जं झं नमः ऐसा कह बाएं हाथकी अंगुलियोंमें। (२०) ॐ ञं नमः ऐसा कह ञ को बाएं हाथके अग्रभागमें या बांई हथेलीपर। (२१) ॐ टं ठं नमः ऐसा कह ट ठ को दाहने चरणके मूलमें। (२२) ॐ डं ढं नमः ऐसा कह ड ढ को दाहने चरणकी गुल्फमें या टिकून्यामें। (२३) ॐ णं नमः ऐसा कह ण को दाहने चरणके अग्रभागमें या तलवेमें। (२४) ॐ तं थं नमः ऐसा कह त थ को बाएं चरणके मूलमें। (२५) ॐ दं धं नम. ऐसा कह द ध को बाएं चरणकी गुल्फमें। (२६) ॐ नं नमः ऐसा कह न को बाएं चरणके अग्रभागमें। (२७) ॐ पं फं नमः ऐसा कह प फ को दाहने पगकी पीठपर। (२८) ॐ बं भं नमः ऐसा कह ब भ को बाएं पगकी पीठपर। (२९) ॐ मं नमः ऐसा कह म को उदरमें। (३०) ॐ यं नमः ऐसा कह य को हृदयमें। (३१) ॐ रं नमः ऐसा कह र को दाहने कन्धेपर। (३२) ॐ लं नमः ऐसा कह ल को गलेमें (ककुदि)। (३३) ॐ वं नमः ऐसा कह व को बाएं कंधेपर। (३४) ॐ शं नमः ऐसा कह श को हृदयसे लेकर दाहने हाथ तक लिखे। (३५) ॐ षं नमः ऐसा कह ष को हृदयसे लेकर बाएं हाथ तक लिखे। (३६) ॐ सं नमः ऐसा कह स को हृदयसे लेकर दाहने पग तक लिखे। (३७) ॐ हं नम· ऐसा कह ह को हृदयसे लेकर बाएं पग तक लिखे। (३८) ॐ क्षं नमः ऐसा कह क्ष को हृदयसे लेकर उदर तक लिखे।

फिर आचार्य १०८ दफे नीचे लिखा अनादिसिद्ध मंत्र जपे—"ॐ णमो अरहंताण, णमो सिद्धाणं, णमो आइरीयाणं, णमो उवज्झायाण, णमो लोए सव्वसाहूणं। चत्तारिमगलं, अरहंतमंगलं, सिद्धमंगलं, साहूमंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मोमंगलं। चत्तारिलोगुत्तमा, अरहंत लोगुत्तमा, सिद्धलोगुत्तमा, साहूलोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तोधम्मो लोगुत्तमा, चत्तारिसरणं पव्वज्जामि, अरहंतसरण पव्वज्जामि, सिद्धसरणं पव्वज्जामि, साहूसरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तोधम्मोसरणं पव्वज्जामि। झ्रौं झ्रौं स्वाहा। १०८ लौंग लेकर जपले या मालासे जपले।

फिर एक रकाबीमें लौंग या पुष्प लेकर प्रतिमापर नीचे लिखे मंत्रोंका संस्कार करें। अब उपदेश या भजन बन्द होजावें। जैसे आचार्य मंत्र बोले उसीका भाव सूचक पात्र या कोई दर्शकोंको समझाता जाय—"जैसे जब कहा जाय सद्दर्शनसंस्कारः भवतु तब समझावे कि भगवानके बिम्बमें सम्यग्दर्शनका संस्कार प्राप्त हो यह भावना की गई है। इत्यादि।

(१) ॐ ह्रीं इह अर्हति सद्दर्शनसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। इतना कह पुष्प या लौंग क्षेपे। इसी तरह पुष्प क्षेपता जाय। (२)

ॐ ह्रीं इह अर्हति सज्ज्ञानसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३) ॐ ह्रीं इह अर्हति सच्चारित्रसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४) ॐ ह्रीं इह अर्हति सत्तपः संस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (५) ॐ ह्रीं इह अर्हति (यहां दर्शन ज्ञान चारित्र व तपके वीर्यसे प्रयोजन मालूम होता है) सद्वीर्य-चतुष्टयसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (६) ॐ ह्रीं इह अर्हति अष्टप्रवचनमातृकासंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (पांच समिति तीन गुप्तिको अष्टप्रवचनमातृका कहते हैं) (७) ॐ ह्रीं इह अर्हति शुद्ध्यष्टकावलंभसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा (आठ शुद्धि–भावशुद्धि, कायशुद्धि, विनयशुद्धि, ईर्यापथशुद्धि, भिक्षाशुद्धि, प्रतिष्ठापनशुद्धि, शयनासनशुद्धि तथा वाक्यशुद्धि)–(८) ॐ ह्रीं इह अर्हति द्वाविंशतिपरीषह-जयसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा।(९) ॐ ह्रीं इह अर्हति त्रियोगेन सयमाच्युतिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा।(१०) ॐ ह्रीं इह अर्हति कृतकारितानु-मोदनैरतिचारनिवृत्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (११) ॐ ह्रीं इह अर्हति शीलसप्तकसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (१२) ॐ ह्रीं इह अर्हति दशासंयमोपरमसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (५ इन्द्रियसंयम, ५ प्राणसंयम या पाच प्रकार जीव रक्षण)।(१३) ॐ ह्रीं इह अर्हति पंचेंद्रियनिर्जयसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (१४) ॐ ह्रीं इह अर्हति संज्ञानचतुष्टयनिग्रहसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा (यहां मतिज्ञानादि चार स्थिर रहे)। (१५) ॐ ह्रीं इह अर्हति उत्तमक्षमादि दशविधधर्मधारणसंस्कार· स्फुरतु स्वाहा। (१६) ॐ ह्रीं इह अर्हति अष्टादशसहस्रशीलपरिशीलनसंस्कार· स्फुरतु स्वाहा। (१७) ॐ ह्रीं इह अर्हति चतुरशीतिलक्षोत्तरगुणसमाश्रयसंस्कार· स्फुरतु स्वाहा। (१८) ॐ ह्रीं इह अर्हति अतिशयविशिष्टधर्मध्यानसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (१९) ॐ ह्रीं इह अर्हति अप्रमत्तसंयम-संस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२०) ॐ ह्रीं इह अर्हति सुदृढ़श्रुततेजोवाप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२१) ॐ ह्रीं इह अर्हति अप्रकंपक्षपक-श्रेण्यारोहणसंस्कार· स्फुरतु स्वाहा। (२२) ॐ ह्रीं इह अर्हति अनन्तगुणविशुद्धिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२३) ॐ ह्रीं इह अर्हति अथाप्रमत्तकरण या अधःकरणप्राप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२४) ॐ ह्रीं इह अर्हति पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२५) ॐ ह्रीं इह अर्हति अपूर्वकरणप्राप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२६) ॐ ह्रीं इह अर्हति अनिवृत्तिकरणप्राप्ति-संस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२७) ॐ ह्रीं इह अर्हति बादरकषायचूर्णनसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (२८) ॐ ह्रीं इह अर्हति सूक्ष्मकषाय-चूर्णनसंस्कारःस्फुरतु स्वाहा। (२९) ॐ ह्रीं इह अर्हति सूक्ष्मसाम्परायचारित्रसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३०) ॐ ह्रीं इह अर्हति प्रक्षीणमोहसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३१) ॐ ह्रीं इह अर्हति यथाख्यातचारित्रावाप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३२) ॐ ह्रीं इह अर्हति एकत्ववितर्कावीचारशुक्लध्यानावलम्बनसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३३) ॐ ह्रीं इह अर्हति घातिघातसमुद्भुतकैवल्यावगम-

संस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३४) ॐ ह्रीं इह अर्हति धर्मतीर्थप्रवृत्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३५) ॐ ह्रीं इह अर्हति सूक्ष्मक्रिया-शुक्लध्यानपरिणतत्त्वसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३६) ॐ ह्रीं इह अर्हति शीलेशीकरणसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा (१८००० शीलका स्वामीपना)। (३७) ॐ ह्रीं इह अर्हति परमसंवरसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३८) ॐ ह्रीं इह अर्हति योगचूर्णकृतिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (३९) ॐ ह्रीं इह अर्हति योगायुतिभाक्त्वसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (अयोग गुणस्थान प्राप्ति)। (४०) ॐ ह्रीं इह अर्हति समुच्छन्नक्रियाशुक्लध्यानप्राप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४१) ॐ ह्रीं इह अर्हति निर्जरायाः परमकाष्ठारूढ़त्वसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४२) ॐ ह्रीं इह अर्हति सर्वकर्मक्षयाप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४३) ॐ ह्रीं इह अर्हति अनादिभवपरावर्तनविनाशं-सस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४४) ॐ ह्रीं इह अर्हति द्रव्यक्षेत्रकालभवभावपरावर्तननिष्क्रांतिसंस्कारःस्फुरतु स्वाहा। (४५) ॐ ह्रीं इह अर्हति चतुर्गतिपरावृत्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४६) ॐ ह्रीं इह अर्हति अनंतगुणसिद्धत्वप्राप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४७) ॐ ह्रीं इह अर्हति अदेहसहजज्ञानोपयोगचारित्रसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। (४८) ॐ ह्रीं अर्हं इहार्हतिविम्बे अदेहसहोत्थ दर्शनोपयोगैश्वर्यप्राप्तिसंस्कारः स्फुरतु स्वाहा। नोट—सूत्रकार या पंडित यह समझावे कि इस बिम्बमें यह गुण प्रकाशमान हों ऐसा स्थापन इस बिम्बमें किया जाता है। अब पूजा की जाय। मंडलके आगे आचार्य पूजा करे, इन्द्र भी शामिल हो।

(६) तपकल्याणककी पूजा।

अथासिधाराव्रतमाद्वितीयं निर्वाणदीक्षाग्रहणं दधानम् ॥ यमर्चयामासुरशेषशक्रास्तमर्चयामो जगदर्चनीयम ॥

ऐसा कह पुष्पांजलि क्षेपै।

सारशांतरसनिर्जितात्मवत्त्वत्पदाग्रप्रति तेन वारिणा ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥

ॐ ह्रीं श्री तीर्थकृन्मुनिललामं जन्मजरामृत्युविनाशनाय जल निर्वपामीति स्वाहा ॥ १ ॥

सद्गुणप्रणुतचंदनेन ते कीर्तिवत्सकलतोषपोषिणा ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावक यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥चंदनं॥२॥

त्वन्मुखेन्दुभजनार्थमागतैर्भत्रजैरिव वलक्षकाक्षतैः ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥ अक्षतं ॥३॥

सुप्रसादसुकुमारतादिभिस्त्वद्वचोभिरिव नव्यपुष्पकैः ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥पुष्पं॥४॥

चारुणाथ चरुणामृतांशुवद्वचंजनैरपि तदंकशंकिभिः ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥ चरुं ॥५॥

धर्मदीपक न ते वयं समा । भक्तुमित्थमितवत्प्रदीपकैः ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥दीपं॥६॥
सेव्यपाद नपथेद्धभगंवत्स्यान्मतोपमसुधूपधूमकैः ॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥ धूपं ॥ ७ ॥
नम्रभव्यसुकृतानुकारिभिः सारभूतसहकारकादिभिः॥ तीर्थकृन्मुनिललाम तावकं यायजीमि पदपंकजद्वयम् ॥ फलं ॥८॥

गुणमणिगणसिंधून्भव्यलोकैकवंधून् । प्रकटितजिनमार्गान्ध्वस्तमिथ्यात्वमार्गान् ॥
परिचितनिजतत्वान्पालिताशेषसत्वान् । शमरसजितचंद्रानर्घयामो मुनीन्द्रान् ॥ अर्घ्यं ॥ ९ ॥

श्रीमद्वोधत्रयाढ्य प्रविमलचरितस्वात्मसद्ध्याननिष्ठ । स्याद्वादांभोजभानो त्रिजगदुपकृतिव्यग्रयोगीश्वर त्वाम् ॥
अर्घ्यं चानर्घ्यनानाविधविधिविहितं द्रव्यमुद्धार्य वयं । प्रेक्षिप्योदारपुष्पांजलिमलिकलितं भूरिभक्त्या नमामः ॥महार्घं॥१०॥

अब २४ भगवानकी तपकल्याणककी पुजा की जावे ।

गीताछंद-श्री रिषभदेव सु आदि जिन श्रीवर्द्धमान जु अंत हैं । वंदहुं चरण वारिज तिन्होंके जपत तिनको संत हैं ॥
करके तपस्या साधु व्रत ले मुक्तिके स्वामी भए । तिन तपकल्याणक यजनको हम द्रव्य आठों हैं लए ॥

ॐ ह्रीं श्री ऋषभादि वर्द्धमानजिन अत्रावतरावतर संवौषट्, अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः, अत्र मम सन्निहितो भव२ वषट् ।

छंद चाली-शुचि गंगाजल भर झारी, रुज जन्म मरण क्षयकारी । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥
ॐ ह्रीं ऋषभादिवर्द्धमानजिनेन्द्रेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

शीतल चंदन घसि लाऊं, भवका आताप शमाऊं । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ चंदनं ॥
अक्षत ले शशि दुतिकारी, अक्षयगुणके करतारी । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ अक्षतं ॥
बहु फूल सुवर्ण चुनाऊं, निज काम व्यथा हटवाऊं । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ पुष्पं ॥
चरु ताजे स्वच्छ वनाऊं, निज रोग क्षुधा मिटवाऊं । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ चरुं ॥
दीपक ले तम हरतारा, निज ज्ञानप्रभा विस्तारा । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ दीपं ॥
धूपायन धूप खिवाऊं, निज आठों कर्म जलाऊं । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ धूपं ॥
फल सुन्दर ताजे लाऊं, शिवफल ले चाह मिटाऊं । तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ फलं ॥

शुभ आठों द्रव्य मिलाऊं, करि अर्घ परम सुख पाऊं। तपसी जिन चौविस गाए, हम पूजत विघ्न नशाए ॥ अर्घं ॥

प्रत्येक अर्घ ।

नौमी वदि चैत प्रमाणी, वृषभेश तपस्या ठानी। निजमें निज रूप पिछाना, हम पूजत पाप नशाना ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णानवम्या श्री ऋषभजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१)

दसमी शुभ माघ वदीको, अजितेश लियो तप नीको। जगका सब मोह हटाया, हम पूजत पाप भगाया ॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णादशम्या श्री अजितनाथाय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (२)

मगसिर सुदि पूरणमासी, संभव जिन होय उदासी। कचलोच महातप धारो, हम पूजत भय निरवारो ॥

ॐ ह्रीं अगहनशुक्लापूरणमास्यां श्री संभवनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (३)

द्वादश शुभ माघ सुदीकी, अभिनंदन वन चलनेकी। चित ठान परम तप लीना, हम पूजत हैं गुण चीन्हा ॥

ॐ ह्रीं माघशुक्लाद्वादश्यां श्री अभिनंदननाथाय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (४)

नौमी वैसाख सुदीमें, तप धारा जाकर वनमें। श्री सुमतिनाथ मुनिराई, पूजूं मैं ध्यान लगाई ॥

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लानवम्यां श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा (५)

कातिक वदि तेरसि गाई, पद्मप्रभु समता भाई। वन जाय घोर तप कीना, पूजें हम सम सुख भीना ॥

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णात्रयोदश्यां श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (६)

सुदि द्वादश जेठ सुहाई, बारा भावन प्रभु भाई। तप लीना केश उपाड़े, पूजूं सुपार्श्व यति ठाड़े ॥

ॐ ह्रीं ज्येष्ठशुक्लाद्वादश्यां श्री सुपार्श्वजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (७)

एकादश पौष वदीको, चंद्रप्रभु धारा तपको। वनमें जिन ध्यान लगाया, हम पूजत ही सुख पाया ॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णाएकादश्यां श्री चंद्रप्रभुजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (८)

अगहन सुदि एकम जाना, श्री पुष्पदंत भगवाना। तप धार ध्यान निज कीना, पूजूं आतम गुण चीन्हा ॥

ॐ ह्रीं अगहनशुक्लाएकं श्री पुष्पदंतजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (९)

द्वादशि वदि माघ महीना, शीतल प्रभु समता भीना। तप राखो योग सम्हारो, पूजें हम कर्म निवारो ॥
ॐ ह्रीं माघकृष्णाद्वादश्यां श्री सीतलनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१०)

वदि फाल्गुण ग्यारस गाई, श्रेयांसनाथ सुखदाई, हो तपसी ध्यान लगाया, हम पूजत हैं जिनराया ॥
ॐ ह्रीं फाल्गुणकृष्णाएकादश्यां श्री श्रेयांसनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (११)

वदि फाल्गुण चौदसि स्वामी, श्री वासुपूज्य शिवगामी। तपसी हो समता साधी, हम पूजत धार समाधी ॥
ॐ ह्रीं फाल्गुणकृष्णाचतुर्दश्यां श्री वासपूज्यजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१२)

वदि माघ चौथ हितकारी, श्री विमल सु दीक्षा धारी। निज परिणतिमें लय पाई, हम पूजत ध्यान लगाई ॥
ॐ ह्रीं माघकृष्णाचतुर्थ्यां श्री विमलनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१३)

द्वादशि वदि जेठ सुहानी, वन आए जिन त्रय ज्ञानी। धर सामायिक तप साधा, पूजूं अनंत हर बाधा ॥
ॐ ह्रीं ज्येकृष्णाद्वादश्यां श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१४)

तेरस सुदि माघ महीना, श्री धर्मनाथ तप लीना। वनमें प्रभु ध्यान लगाया, हम पूजत मुनिपद ध्याया ॥
ॐ ह्रीं माघशुक्लात्रयोदश्यां श्री धर्मनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१५)

चौदस शुभ जेठ वदीमें, श्री शांति पधारे वनमें। तहं परिग्रह तज तप लीना, पूजूं आतमरस भीना ॥
ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णाचतुर्दश्यां श्री शांतिनाथजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१६)

करि दूर परिग्रह सारी, वैसाख सुदी पड़िवारी। श्री कुंथु स्वात्मरस जाना, पूजनसे हो कल्याणा ॥
ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लाप्रतिपदाया श्री कुन्थुनाथजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१७)

अगहन सुदि दशमी गाई, अरनाथ छोड़ गृह जाई। तप कीना होय दिगंबर, पूजें हम शुभ भावां कर ॥
ॐ ह्रीं अगहनशुक्लाचतुर्दश्या श्री अरनाथजिनेन्द्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१८)

अगहन सुदि ग्यारस कीना, सिर केशलोच हित चीन्हा। श्री मल्लि यती व्रत धारी, पूजें नित साम्य प्रचारी ॥
ॐ ह्रीं अगहनशुक्लाएकादश्यां श्री मल्लिनाथजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१९)

वैसाख वदी दशमीको, मुनिसुव्रत धारा व्रतको। समता रसमें लौ लाए, हम पूजत हीं सुख पाए ॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णादशम्यां श्री मुनिसुव्रतजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२०)

दशमी आषाढ़ वदीकी, नमिनाथ हुए एकाकी। बनमें निज आतम ध्याए, हम पूजत ही सुख पाए ॥

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णादशम्यां श्री नमिनाथजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२१)

छठि श्रावण शुक्ला आई, श्री नेमिनाथ बन जाई। करुणाधर पशू छुड़ाए, धारा तप पूजूं ध्याए ॥

ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लाषष्ठयां श्री नेमनाथजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२२)

लखि पौष इकादशि श्यामा, श्री पार्श्वनाथ गुणधामा। तप ले वन आसन ठाना, हम पूजत शिवपद पाना ॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णाचतुर्दश्या श्री पार्श्वनाथजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२३)

अगहन वदि दशमी गाई, बारा भावन शुभ भाई। श्री वर्द्धमान तप धारा, हम पूजत हों भव पारा ॥

ॐ ह्रीं अगहनकृष्णादशम्यां श्री वर्द्धमानजिनेंद्राय तपकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (२४)

जयमाल।

भुजंगप्रयात छंद—नमस्ते नमस्ते नमस्ते मुनिन्दा। निवारें भली भांतिसे कर्म फंदा॥ संवारे सु द्वादश तपं बन मंझारी। सदा हम नमत हैं तिन्हें मन सम्हारी ॥ १ ॥ त्रयोदश प्रकारं सु चारित्र धारा। अहिंसा महा सत्य अस्तेय प्यारा ॥ परम ब्रह्मचर्य परिग्रह तजाया। सु धारा महा संयमं मन लगाया ॥ २ ॥ दया धार भूको निरखकर चलत हैं। सुभाषा महा शुद्ध मीठी वदत हैं ॥ करैं शुद्ध भोजन सभी दोष टालें। दयाको धरे वस्तु लें मल निकालें ॥ ३ ॥ वचन काय मन गुप्तिको नित्य धारें। धरम ध्यानसे आतम अपना विचारें॥ धरें साम्य भाव रहें लीन निजमें। सु चारित्र निश्चय धरें शुद्ध मनमें ॥४॥ ऋषभ आदि श्री वीर चौविस जिनेशा बड़े वीर क्षत्री गुणी ज्ञान ईशा। खड़ग ध्यान आतम कुबल मोह नाशा। जजें हम यतनसें स्व आतम प्रकाशा ॥ ५ ॥

दोहा—धन्य साधु सम गुण धरें, सहें परीसह धीर। पूजत मंगल हों महा, टलें जगतजन पीर ॥

ॐ ह्रीं श्री ऋषभादि वीरांत चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो तपकल्याणकप्राप्तेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पूजाके पीछे फिर आचार्य नीचेका श्लोक पढ़ सामायिक चारित्रका स्थापन प्रतिमामें करके पुष्प प्रतिमापर क्षेपें ।

यः सर्वसावद्यनिवृत्तिरूपं चारित्रमाद्यं विगतप्रमादं । आसेदिवान्सिद्धगुणानुरक्तः स एव देवो जिनबिम्ब एषः ॥

फिर चार बत्तीका दीपक जलाकर नीचे लिखा श्लोक पढ़ प्रतिमापर पुष्प क्षेपे । संघको सूचित करे कि भगवानको मनःपर्यय-ज्ञानकी प्राप्ति हुई है अर्थात् भगवान ४ ज्ञानधारी हैं ।

यदा तु सामायिकभाववृत्तं तदा मनःपर्ययतुर्यबोधं । अतश्चतुर्ज्ञानविराजितो यः स एव देवो जिनबिम्ब एषः ॥

फिर इन्द्रादि प्रणाम करके शांतिभक्ति पढ़ें । फिर आचार्य भगवान्के केशोंको पात्रमें स्थापकर नीचेका श्लोक पढ़कर भगवान्के आगे पुष्प डाले—

यस्य प्रभोः केशकलापमिन्द्रः संपूज्य निक्षिप्य च रत्नपात्रम् । निक्षेपयामास पयः पयोधौ स एव देवो जिनबिम्ब एषः ॥

फिर आचार्य इन्द्रको कहे " इन पवित्र केशोंको क्षीरसमुद्रमें क्षेपो ", इन्द्र लेकर गाजे बाजेके साथ देवोंके साथ जाकर किसी नदी या कूपमें क्षेपे । फिर आचार्य सर्व उपस्थित मंडलीसे नियमादि व व्रतादि लेनेको कहे । कुछ देर पीछे विसर्जन करके जय बोले, सर्व संघ जावे । आचार्य मूर्तिको कपड़ेमें ढककर मूल वेदीपर लाकर विराजमान करे तब अन्य प्रतिमाओंके वस्त्रादि उतारकर चंदनसे लेपकर फिर पोछकर मूल प्रतिमाके समान अंक न्यास करे अर्थात् अक्षरोंको लिखे फिर ४८ संस्कार पढ़के सबपर पुष्प डाले और कहे—अस्मिन्बिम्बे तपकल्याणकं आरोपयामि स्वाहा । फिर नमस्कार कर तपकल्याणककी क्रिया समाप्त करे ।

अध्याय सातवां।

ज्ञानकल्याणक।

(१) भगवानका प्रथम आहार—तपकल्याणकके दूसरे दिन बड़े सवेरे आचार्य, इन्द्र आदि पात्र मंडपमें आवें और पहलेके दिनकी भांति अंग शुद्ध करके अभिषेक व पूजा तथा होम करलें। मंडपमें ही यह दृश्य दिखाया जावे। पहले चबूतरे तक परदा पड़ा हो। दूसरे चबूतरे पर जहांतक विधि एकत्र की जावे वहांतक परदा रहे। दूसरे चबूतरे पर राजा सोम व श्रेयांसके घरकी कल्पना की जावे। आहार देनेके लिये इक्षुका रस तय्यार किया जावे व पूजनकी सामग्री हो। एक स्थान आहार देनेको व एक स्थान पहले भगवानको विराजमान कर पूजा करनेको रहे। कोई दो गृहस्थोंको राजा सोम व श्रेयांस स्थापित किया जावे। इसके लिए बोली बोल ली जावे—जो अधिक रुपया प्रतिष्ठाके खर्चमें दे उन्हें ही बनाया जावे। यह काम पहले ही किया जावे। जो बनें वे स्त्री सहित हों व न्यायमार्गी जिनधर्मके पक्के श्रद्धालु हों। राजा सोम व श्रेयांस शुद्ध धोती दुपट्टा पहनें मस्तक ढके, दोनों स्त्रियां भी शुद्ध वस्त्र पहनें। चारों जने नारियलसे ढका पानीका कलश लेकर चबूतरेके आगे ही द्वारापेक्षणके निमित्त खड़े हों। इतनेमें परदा उठे।

आचार्य मूल प्रतिमाको लेकर मंडपके बाहरसे सिरपर धरकर लावे उस समय सर्व सभाजन जयजयकार शब्द करें। अब चबूतरेके पास प्रभु आजावें तब राजा सोम कहे—"अत्र आहार पानी शुद्ध, तिष्ठ तिष्ठ तिष्ठ" फिर आचार्य भगवानको उच्च आसनपर विराजमान करे तब दातार राजा सोम भगवानके चरणोंको शुद्ध जलसे धोवें, गन्धोदक लगावें फिर हाथ धो अष्टद्रव्यसे नीचे प्रकार पूजन करें पूजन करके तीन प्रदक्षिणा दें नमस्कार करें फिर नौ दफे णमोकार मंत्र पढ़ें। भगवानको आचार्य उठाकर दूसरे उच्च आसनपर विराजमान करे तब राजा सोम इक्षुरसकी धारा भगवानके हाथपर डाले तब ही ऊपरसे रत्नोंकी व पुष्पोंकी वृष्टि हो। मण्डपके बाहर बाजे बजे, भीतर घंटा घड़ियाल बजे, मन्द सुगंधित पवन चलानेके लिये सुगंधित धूप खेई जावे तथा लोग यह कहें—धन्य यह दान, धन्य यह पात्र श्रीतीर्थंकर ऋषभदेव, धन्य यह दातार! चारों तरफ खूब जय जयकार शब्द हो। फिर शुद्ध जलसे हाथोंको धोकर कपडेसे पोंछ दे। आचार्य प्रतिमाको दूसरे आसनपर बिराजमान करें और आचार्य या सूचक पात्र या अन्य कोई पंडित दानका महात्म्य समझावे तथा उससमय राजा सोम व श्रेयांस स्त्री सहित हाथ जोड़े प्रभुके सन्मुख खड़े रहें तथा चार दान व विद्यादानार्थ कुछ रकमकी घोषणा करावें तथा आचार्य अन्य लोगोंको भी दानकी प्रेरणा करें। यदि दानकी इच्छा हो तो मुखिया पट्टी लेकर सबके पास घूम

आवे। इधर आचार्य भगवानको लेकर मण्डपसे बाहर लेजाकर मूल वेदीपर विराजमान करें, दूसरे चबूतरेपर भी परदा पड़ जावे परन्तु मण्डपमें भजन होने लगें। जबतक दान न लिख जावे मण्डपसे किसीको जाने न दिया जावे।

पूजा जो आहारके समय पढ़ी जावे।

पहले ही राजा सोम व श्रेयांस मिलकर स्तुति पढ़े—

पद्धरी छन्द—जय जय तीर्थंकर गुरु महान, हम देख हुए कृतकृत्य प्राण। महिमा तुमरी वरणी न जाय, तुम शिव मारग साधत स्वभाव ॥ १ ॥ जय धन्य धन्य ऋषभेश आज, तुम दर्शनसे सब पाप भाज। हम हुए सु पावन गात्र आज, जय धन्य धन्य तप सार साज ॥ २ ॥ तुम छोड़ परिग्रह भार नाथ, लीनो चारित तप ज्ञान साथ। निज आतम ध्यान प्रकाश-कार, तुम कर्म जलावन वृत्ति धार ॥ ३ ॥ जय सर्व जीव रक्षक कृपाल, जय धारत रत्नत्रय विशाल। जय मौनी आतम मननकार, जग जीव उद्धारण मार्ग धार ॥ ४ ॥ हम गृह पवित्र तुम चरण पाय, हम मन पवित्र तुम ध्याय ध्याय। हम भए कृतारथ आप पाय, तुम चरण सेवने चित बढ़ाय ॥ ५ ॥

ॐ ह्री श्री ऋषभ तीर्थंकर पुष्पांजलिं क्षिपेत्। थालमें पुष्प डाले।

वसंततिलका—सुन्दर पवित्र गंगाजल लेय झारी, डारूं त्रिधार तुम चरणन अग्र भारी।
श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरणा, पूजूं सुमंगल करण सब पाप हरणा ॥

ॐ ह्रीं श्री ऋषभ तीर्थंकर मुनींद्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री चन्दनादि शुभ केशर मिश्र लाये, भव ताप उपशमकरण निज भाव ध्याए। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरणा० ॥चंदनं॥
शुभ श्वेत निर्मल सुअक्षत धार थाली, अक्षय गुणा प्रगट कारण शक्तिशाली। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरणा० ॥अक्षतं॥
चम्पा गुलाब इत्यादि सु पुष्प धारे, है काम शत्रु बलवान तिसे विदारे। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनीन्द्र चरणा० ॥ पुष्प ॥
फेणी मुहाल बरफी पकवान लाए, क्षुदरोग नाशने कारण काल पाए। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरणा० ॥ चरुं ॥
शुभ दीप रत्नमय लाय तमोपहारी, तम मोह नाश मम होय अपार भारी। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनीन्द्र चरणा० ॥ दीपं ॥
सुन्दर सुगंधित सु पावन धूप खेऊं, अरु कर्म काठको बाल निजातम वेऊं। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरणा० ॥ धूपं ॥

द्राक्षा बदाम फल सार भराय थाली, शिव लाभ होय सुखसे समता संभाली। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरण० ॥ फलं ॥
शुभ अष्ट द्रव्य मय उत्तम अर्घ लाया, संसार खार जल तारण हेतु आया। श्रीतीर्थनाथ वृषभेश मुनींद्र चरण० ॥ अर्घं ॥

जयमाल ।

छन्द स्रग्विणी—जय मुदारूप तेरे सदा दोष ना, ज्ञान श्रद्धाम पूरित धरैं शोक ना । राजको त्याग वैराग्य धारी भए, मुक्तिका राज लेने परम मुनि थये ॥ १ ॥ आतमको जानके पापको भानके, तत्त्वको पायके ध्यान उर आनके । क्रोधको हानके मानको हानके, लोभको जीतके मोहको भानके ॥२॥ धर्म मय होयके साधते मोक्षको, बाधते मोक्षको जीतते द्वेषको। शांतता धारते साम्यता पालते, आप पूजन किये सर्व अघ बालते ॥ ३ ॥ धन्य हैं आज हम दान सम्यक् करें, पात्र उत्तम महा पापके दुख दरें । पुण्य सम्पत भरें काज हमरे सरें, आप सम होयके जन्म सागर तरें ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं श्री ऋषभ तीर्थंकर मुनींद्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

(२) भगवानका क्षपकश्रेणीपर आरूढ़ होना—सवेरे १० बजे तक आहारदानकी विधि होजावे । दो घंटे छुट्टी रहे । १२ बजेसे मण्डपमें कार्य प्रारम्भ किया जावे । १२॥ बजे सर्व समूह टिकटों द्वारा एकत्र किया जावे। आज ज्ञानकल्याणक होकर शाम तक प्रभुका नगरमें विहार व उपदेश होजावे। रात्रिको मण्डपमें उपदेश हो। विहार करनेके लिये यथायोग्य जुलूस तैयार रहे। रथपर प्रभुका विहार हो जो २ घंटेके भीतर लौट आवे । रास्तेमें चार जगह सामियाना रहे । ऐसा रास्ता लिया जावे जो जाते हुए दूसरा हो व आते हुए दूसरा हो। जब विहार होवे जहां शामियाना हो, वहां रथ ठहर जावे, वहां १ भजन व २० मिनट धर्मोपदेश हो । मंडपमें दूसरे चबूतरेपर एक वनकी शोभा तैयार की जावे, कुछ गमले रख दिये जावें व एक छायादार वृक्ष रहे जिसके नीचे उच्च शिलापर भगवान् अकेले तप करते हुए बैठे हों ऐसी रचना उस वृक्षकी स्थापनाके लिये नीचेका श्लोक पढ़ उसपर पुष्प क्षेपे—

शाखाच्छायेन योसौ हरति खलु सतां कर्मधर्मांशुतापम् । यः सौख्योदारसारं फलति शुभफलं मोक्षनाकादिभेदम् ॥
सेवंते यं तदर्थं विबुधजनखगा यस्य चैवं प्रभावः । संगाज्जातो हि तस्य त्रिभुवनमहितः सोस्तु बोधिद्रुमोऽयम् ॥ १ ॥

जिस शिलापर आचार्य विराजमान करे उसके ऊपर मातृकायंत्र नीचेप्रमाण लिखदे । फिर प्रतिमाजीको विराजमान करे ।

मातृका यंत्र।

ॐ नमो	क ख ग घ ङ			च छ ज झ ञ
श ष स ह	अं अः	अ आ	इ ई	ट ठ ड ढ ण
	ओ औ	ह्रीं	उ ऊ	
	ए ऐ	ऌ ॡ	ऋ ॠ	
य र ल व	प फ ब भ म			त थ द ध न

क्लीं ह्रीं क्रौं स्वाहा।

और इसी मंत्रको १०८ वार पढ़कर आगे जलधारा देवे।

मातृका मंत्र।

ॐ नमोऽर्हं अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः, क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, य र ल व, श ष स ह, क्लीं ह्रीं क्रौं स्वाहा।

फिर परदा उठावे तब सब जयजयकार शब्द कहें। दूसरे चबूतरेपर सिवाय आचार्यके और कोई न हो। सूचक पात्र एक कोनेमें खड़ा हुआ कहे कि भगवान् ध्यानमें मग्न हैं तपस्या कर रहे हैं। आचार्यके पास पूजनकी सामग्री हो।

२-३ मिनट ठहरकर आचार्य उठे और प्रतिमाजीको नमस्कार करता हुआ यह स्तुति पढ़े—

छन्द मुक्तादाम—नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु मुनीश। परम तपके करतार रिषीश॥ न मोह न मान न क्रोध न लोभ। न हास्य न खेद न द्रोह न क्षोभ॥ १॥ ममत्त्व न राग पदारथ सर्व। चिदातम वेदत छांड़त गर्व॥ सु भेद विज्ञान जगो चित बीच। सु आतम अनुभव लावत खींच॥ २॥ स्वतन्त्र रमन्त करत निज काज। कषाय रिपू दलनेको आज॥ लियो सत ध्यान मई असि सार। नमूं तुमको जिन कर्म निवार॥ ३॥

फिर नीचेका श्लोक पढ़कर अर्घ देवे।

बाह्याभ्यंतरभेदतो द्विविधता तत्रापि षट्भेदकं, बाह्यावांतरमेधितस्वविभवप्रत्यूहनिर्णाशनात्।
भक्ष्याभावतदूनताव्रतपरीसंख्यानषट्स्वादनामोहैकांतशयासनांगकदनान्येवं तु बाह्यं तपः॥ ८४४॥

ॐ ह्रीं अनशनावमोदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागैकांतशय्यासनकायक्लेश षट्प्रकार बाह्यतपोधारकाय जिनाय अर्घं नि० स्वाहा।

अंत्ये दोषविसंगतो न भवति प्रायश्चितानां क्रमो, नो वा यत्र विनेयताव्युपरमादौपाधिकस्योद्भवः।
नांन्यत्र स्थितिमत्सु साधुषु तथा वैयावृतेः प्रक्रमो, नो वा शास्त्रसुशीलनं त्विति परंपार्येण बोध्यं जिने॥ ८४५॥
व्युत्सर्गं प्रतिवासरं प्रसरतो ध्यानं स्वमाध्यायत, आख्यामात्रमुपाचरत्प्रतिकृतेर्मार्गप्रलंभावनात्।
गाढोत्कृष्टसुसंहनस्य जिनपस्यास्येति संरूढितः, क्लृप्तं तच्छुचि नाम तत्फलगणैः संपूजयाम्यादरात्॥ ८४६॥

ॐ ह्रीं प्रायश्चित्तविनयवैय्यावृत्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यान षट्प्रकारांतरंगतपोनिष्ठाय जिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

यहांपर सूचक कहदे कि प्रभु १२ तपका साधन कर रहे हैं, धर्मध्यानमें मग्न हैं।

दोहा—अप्रमत्त थानक चढ़े, अधःकरणमें लीन। क्षपक श्रेणिका यत्न है, कर्म करे अति दीन॥
सम्यक्त घातक प्रकृति, सात नहीं प्रभु पास। देव नरक तिर्यंचगति, नहीं तहां है वास॥

ॐ ह्रीं अप्रमत्तगुणस्थानवर्ती अधःकरणप्रवत्त मिथ्यात्त्वादि दशकर्मसत्तारहित श्रीजिनाय अर्घं।

यहां आचार्य या सूचकपात्र सभाको समझा दे कि भगवान क्षपकश्रेणीपर चढ़नेका उद्यम कर रहे हैं। सातिशय अप्रमत्त गुणस्थानमें अधःकरण लब्धिको प्रारम्भ किया है। यहां भगवानकी आत्मामें १० प्रकृति नहीं हैं।

दोहा—फिर अपूर्व थानक चढ़े, शुक्लध्यान गहलीन। मोह—शक्ति विध्वंशके, भाव अपूरव कीन॥

ॐ ह्रीं अपूर्वगुणस्थानारूढ़ श्री जिनाय अर्घं । यहां समझाया जाय कि प्रभु क्षपकश्रेणीमें चढ़े, आठवें गुणस्थानमें जाकर मोहकी २१ प्रकृतियोंके बलको निर्बल कर रहे हैं । (४ अनंतानुबन्धी सिवाय)—

दोहा—थानक अनिवृत्ती चढ़े, शुद्ध भाव असि धार । त्रिंशत छः कर्मन प्रकृति, कीना प्रभु संहार ॥
नरकगती तिर्यंच गति, और आनुपूर्वीय । इक वे ते चहुं जातिको, उद्योता तप लीय ॥
थावर सूक्ष्म साधारणे, खोटी निद्रा तीन । विंशति प्रकृति कषायकी, लोभ विना क्षय कीन ॥

ॐ ह्रीं अनिवृत्तिगुणस्थानारूढ़षट्त्रिंशत्प्रकृतिविदारणाय श्रीजिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

यहां प्रकट किया जाय कि प्रभुने शुक्लध्यानकी अग्निसे ३६ कर्मोंका क्षय कर डाला ।

दोहा—सूक्ष्म कषाय सुथानमें, चढ़े नाथ अति धीर । लोभ प्रकृति नाशी सकल, मोह हत्यो जगवीर ॥

ॐ ह्रीं सूक्ष्मकषायगुणस्थानारूढलोभप्रकृतिविदारणाय श्रीजिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

यहा सूचना हो कि १०वेंमें लोभका नाश किया ।

दोहा—वारम क्षीण कषाय गुण, चढ़े प्रभू वलवान । द्वितीय शुक्ल ध्यावत भये, एक भाव अमलान ॥

ॐ ह्रीं क्षीणकषायगुणस्थानारूढ़एकत्ववितर्कावीचार शुक्लध्यानधारकाय श्रीजिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(३) तिलकदान विधि—फिर आचार्य खड़े हो बहुत विनयसे चारित्रभक्ति पढ़े और नीचेलिखे मंत्र पढ़े। इस समय लग्न शुभ हो।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आ उ सा एहि संवौषट् । ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आ उ सा अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः असि आ उ सा अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् । फिर नीचे लिखे मंत्रका १०८ दफे जाप करे ।

ॐ ह्रीं श्री अर्हं असि आ उ सा अप्रतिहत शक्तिर्भवतु ह्रीं स्वाहा । यह जाप करके फिर सुगंधित केशरसे प्रतिमाके नाभिस्थानमें सोनेकी सलाईसे ह्रीं ऐसा लिखे-(४) अधिवासना विधि—फिर जल चंदनादि चढ़ावे—

सुगंधिशीतलैः स्वच्छैः साधुभिर्विमलैर्जलैः अनन्तज्ञानदृग्वीर्य सुखरूपं जिनं यजे ।

ॐ ह्रीं श्री नमः परमेष्ठिभ्यः स्वाहा जलं ।

काश्मीरचन्दनरसेन विलुब्धशुम्भत्सौरम्यमत्तमधुपावलिझंकृतेन ।

पीठस्थलीं जिनपतेरधिपादपद्मं संचर्चयामि मुनिभिः परितः पवित्रां ॥ ८५२ ॥

ॐ ह्रीं अर्हते सर्वशरीरावस्थिताय पृथु२ चंदनं गृहाण गृहाण स्वाहा । चंदन चढ़ावे ।

मुक्ताफलच्छविपराजितकामकांतिमोद्भूतमोहतिमिरैकफलौघहेतु ।

शाल्यक्षतार्थपरिपूर्णपवित्रपात्रमुत्तारयामि भवतो जिनपस्य पार्श्वे ॥ ८५३ ॥

ॐ ह्रीं अर्हते सर्वशरीरावस्थिताय पृथु पृथु अक्षतान् गृहाण गृहाण स्वाहा । अक्षतं ।

सौरभ्यसांद्रमकरंदमनोऽभिरामपुष्पैः सुवर्णहरिचन्दनपारिजातैः ।

श्रीमोक्षमानिवनितापरिलंभनाय माल्यादिभिश्चरणधोरणिमुत्सृजामि ॥ ८५४ ॥

ॐ ह्रीं अर्हते सर्वशरीरावस्थिताय पृथु पृथु पुष्पाणि गृहाण गृहाण स्वाहा । पुष्पं ।

पष्ठोपवासविधये नवसर्पिषाक्तनैवेद्यभाजनमिदं परिवर्त्य सप्त ।

वारं तदीयपरिहृत्यभिधाप्रसिद्ध्यै संस्थापयेज्जिनवराग्रिमभूतधात्र्यां ॥ ८५६ ॥

ॐ ह्रीं अर्हते सर्वशरीरावस्थिताय पृथु पृथु नैवेद्य गृहाण गृहाण स्वाहा । नैवेद्यं ।

स्फूर्जन्मयूखविततिमहतांधकारं दीपं घृतादिमणिरत्नविशालशोभं ।

उद्गिन्नशुक्रयुगलांतिमभागभाजो देहद्युतिं द्विगुणकोटियुतां करोमि ॥ ८५७ ॥

ॐ ह्रीं प्रज्वल प्रज्वल अमिततेजसे दीप गृहाण गृहाण स्वाहा ।

कर्पूरचन्दनपरागसुरम्यधूपक्षेपोऽस्तु मे सकलकर्महतिप्रधानः। इत्येवभावमभिधाय हसंतिकायामुत्क्षेपयामि किल धूपसमूहमेनं॥

ॐ ह्रीं सर्वतो दह दह तेजोऽधिपतये समूह भूताय धूपं गृहाण गृहाण स्वाहा ।

कर्माष्टकापहरणं फलमस्ति मुख्यं तत्प्राप्तिसम्मुखतया स्थितवानसि त्वं ।

यस्मादनेकगुणलास्यकलानिधानधाम्नस्तवस्थलमदभ्रफलैर्यजामि ॥ ८५९ ॥

ॐ ह्रीं आश्रितजनायाभिमतफलानि ददातु ददातु स्वाहा ।

त्रैलोक्याभपदं त्रिकालपतिताशेषार्थपर्यायजानन्तानन्तविकल्पनस्फुटकरं संसारचक्रोत्तरं ।

ज्योतिः केवलनामचक्रमवतो ध्यानावतानमभोयोंऽयं तुर्यविशंशनक्षणमहः कोऽयेप जीयात्पुनः ॥ ८६० ॥

ॐ ह्रीं नमोऽर्हते द्वितीयशुक्लध्यानोपांत्यसमयप्राप्ताय अर्घं ।

यस्याश्रयेण सकलाघतृणौघदाहशक्तित्वमाप चरितं चरितं जनेन। तच्चारुपञ्चतयरूपमपास्य चारमन्त्यं यथाख्यमगमत्परिपूर्णतांग॥

ॐ ह्रीं यथाख्यातचारित्रधारकाय जिनाय अर्घं । यहांतक अधिवासना विधि हुई—

(५) श्री मुखोद्‌घाटन क्रिया—

नूनं निरावृतिचमत्कृतिकारि तेजो नो शक्यमीक्षितवतामपि भावुकानां ।
इत्येवमर्पितनयानयनेन शंभोरग्रे मुखाग्रमहवस्त्रमुपाकरोमि ॥ ८५९ ॥

ॐ ह्रीं अर्हते सर्व शरीरावस्थिताय समदन फलं सप्त धान्ययुतं मुत्र वस्त्रं ददामि स्वाहा ।

इतना कहे तब परदा पड जावे—सूचक कहे कि भगवान्‌को केवलज्ञान होनेवाला है। जबतक परदा न उठे आप सब मनमें णमोकार मंत्रका जाप करें व सिद्ध परमात्माका ध्यान करें। आचार्य परदेके भीतर होजाय कोई तरफ दिखाव न हो। इस समय यदि कोई मुनि महाराज हों या ऐलक या क्षुल्लक या चारित्रवान् प्रतिमाधारी ब्रह्मचारी हों तो उनको आचार्य भीतर ले ले। यदि न हों तो कोई हर्ज नहीं है। एक शुद्ध वस्त्रमें सात प्रकार अनाज बांधकर मुखपर ढककर लपेट दे। तथा आगे जौकी माला रख दे।

फिर आचार्य नग्न होजावे व ऐलकादि भी नग्न होजावें। ॐ नमः सिद्धेभ्यः ऐसा मंत्र पढ़ें। आचार्य इस मंत्रको पढ़ते हुए चारोंतरफ जलधारा दे सिद्धचक्र यंत्रको पास रखकर नीचे लिखी स्तुति पढ़े, दोनो हाथ जोड खडे रहें।

स्वस्तिश्रीऋषभो देवोऽजितः स्वस्त्यस्तु संभवः अभिनंदननामा च स्वस्ति श्रीसुमति प्रभुः ॥ ८६१ ॥
पद्मप्रभः स्वस्ति देवः सुपार्श्वः स्वस्ति जायतां। चंद्रप्रभः स्वस्ति नोऽस्तु पुष्पदंतश्च शीतलः ॥ ८६२ ॥
श्रेयान् स्वस्ति वासुपूज्यो विमलः स्वस्त्यनंतजित्। धर्मो जिनः सदा स्वस्ति शांति कुंथुश्च स्वस्त्वरः ॥ ८६३ ॥
मल्लिनाथः स्वस्ति मुनिसुव्रतः स्वस्ति वै नमिः। नेमिर्जिनः स्वस्ति पार्श्वो वीरः स्वास्ति च जायतां ॥ ८६४ ॥
भूतभाविजिनाः सर्वे स्वस्ति श्रीसिद्धनायकाः। आचार्यः स्वस्त्युपाध्यायः साधवः स्वस्ति संतु नः ॥ ८६५ ॥

यह पढ़कर पुष्पांजलि देवे। फिर नीचेका श्लोक व मंत्र पढ़कर मुखके ऊपरसे कपड़ेको हटाले।

अथाख्यातं प्रांतोदयधरणिधृन्मूर्द्धनि प्रकाशोल्लासाभ्या युगपदुपयुंजांस्त्रिभुवनं ।
दधज्ज्योतिः स्वायंभवमपगतात्त्यपपथो मुखोद्घाटं लक्ष्म्या व्रजतु यवनीं दूरमुदयेत ॥ ८६६ ॥

ॐ उसहादिवड्ढमाणाणं पंचमहाकल्लाणसंपण्णाणं महइमहावीरवड्ढमाणसामीणं सिज्जउ मे महइमहाविज्जा अट्ठमहापाडिहेरसहियाणं सयलकलाधराणं सज्जोजादरूवाणं चउतीसातिसयविसेससंजुत्ताणं बत्तीसदेवींदमणिमत्थयमहियाणं सयलक्लोयस्स स्संतिपुट्ठिकल्लाणाउआ-रोग्गकराणं बलदेववासुदेवचक्कहररिसिमुणिजदिअणगारोवगूढाणं उद्दयलोयसुहफलयराणं थुइसयसहस्सणिलयाणं परापरपरमप्पाणं अणाहिणि-हणाणं बलिबाहुबलिसदाणं वीरे वीरे ॐ हां क्षां सेणवीरे वड्ढमाणवीरे णहसंनयंतवराईए वज्जसिलथंभमयाणं सस्सदवंभपइट्ठियाणं उसहा-इवीरमंगलमहापुरिसाणं णिच्चकालपइट्ठियाणं इत्थसंणिहिया मे भवंतु मे भवंतु ठः ठः क्ष क्ष स्वाहा। यह श्री मुखोद्घाटन क्रिया हुई—

(६) **नयनोन्मीलन क्रिया**—फिर रकाबीमें कपूर जलाकर सुवर्णकी सलाईको रक्खे और दाहने हाथमें लेकर सोहं मंत्रको ध्याता हुआ तथा १०८ दफे "ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमः" पढ़े। फिर नीचेका श्लोक व मंत्र पढ़कर नेत्रमें सलाई फेरे—

येनाबद्धनिरूढकर्मविकृतिप्रालंबिका निर्घृणं, छिन्नात्मानमजं स्वयंभुवमपूर्वीयं स्वयं प्रासवान् ।
सोऽयं मोक्षरमाकटाक्षसरणिप्रेमास्पदः श्रीजिनः साक्षादत्र निरूपितः स खलु मां पायादपायात्सदा ॥८६७॥

"ॐ णमो अरहंताणं णाणदंसणचक्खुमयाणं अमियरसायणविमलतेयाणं संति तुट्ठि पुट्ठि वरदसम्मादिठीणं वं झं अमिय वरसीणं स्वाहा। यह मंत्र जयसेन कृत पाठमें है। नेमचंद कृत पाठमें यह मंत्र है—"ॐ ह्रीं अर्हं नमो अरहंताणं असि आ उ सा श्रीं ॐ ह्रीं हूँ त्रिकाल त्रिलोकपूजित सर्वज्ञसित रक्त नील कांचन कृष्ण नेत्रोन्मीलनानंतज्ञान अनन्तदर्शन, अनन्तवीर्य, अनन्तसु खात्मकाय नयनोन्मीलनं विदधामि संवौषट्। फिर आचार्य और मुनि आदि जो हों सो मिलकर सूरिमंत्र पढ़ें—

"ॐ ह्रीं णमोअरहंताणं णमोसिद्धाणं णमोआइरीयाणं णमोउवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं, चत्तारि मंगलं—अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहूमंगलं, केवलिपणत्तोधम्मोमंगलं। चत्तारिलोकोत्तमा-अरहंतलोकोत्तमा सिद्धलोकोत्तमा साहूलोकोत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मोलोकोत्तमा। चत्तारिसरणं पव्वज्जामि अरहंतसरणं पव्वज्जामि सिद्धसरणं पव्वज्जामि साहूसरणं पव्वज्जामि केवलिपण्णत्तो धम्मंसरणं पव्वज्जामि। क्रौं ह्रीं स्वाहा। दोनों कानोंमें पढ़कर पुष्प प्रतिमापर क्षेपे तथा सर्वज्ञपना प्रगट करें।

नोट—सूरि मंत्रके देनेका वर्णन मात्र जयसेन पाठमें है, आशाधर व नेमचन्द कृतमें नहीं है। हमने सूरि मंत्र क्या है ऐसा प्रश्न

दो उदासीन प्रतिष्ठा करानेवालोंसे पूछा परन्तु उन्होंने भी बताया नहीं। जयसेन छ० १३६ में अथ सूरिमंत्र ऐसा लिखके आगे जो मंत्र लिखा था सो हमने नकल कर दिया है। यदि और कोई मंत्र हो तो प्राचीन प्रतिष्ठा करानेवाले उसे ही पढ़ें व इस पुस्तकमें सुधार देवें। किसी बातको छिपाके रखना उचित नहीं है। फिर नीचेकी गाथा पढ़कर यवकी मालाको हटाले—

ॐ सत्तक्खरगब्भाणं अरहंताणं णमोत्थि भावेण। जो कुणइ अणण्णमणो सो गच्छइ उत्तमं ठाण॥

फिर नीचेका श्लोक पढ़ अर्घ देवे।

शुक्लद्वयेन परिहृस तपोवितानमात्मानमाशु परिक्लृप्य कृतावकाशं।
ज्ञानावलोकनसमत्ययनाशमापन्मोहस्य पूर्वदलनेन समस्तभावात॥ ८४८॥

ॐ ह्रीं मोहनीय ज्ञानदर्शनावरणान्तराय निर्नाशकाय जिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

फिर नीचेकी गाथा पढकर पुष्प प्रतिमापर डाले—

ॐ केवलणाणदिवायरकिरणकलावप्पणासियण्णाणे। णवकेवललद्धुग्गमसुजणियपरमप्पववएसो॥
असहायणाणदंसणमहिओ इदिकेवली होदि। जोयेण जुत्तो ति स जोणिजिणो अणाहिणिहणारिसे वुत्तो॥

इत्येषोऽर्हन् साक्षादवतीर्णो विश्वं पातु इति स्वाहा।

तब बाहर बाजे बजने लगें। आचार्य भगवानके आगे बहुतसा कपूर जलता हुआ रक्खे और परदा उठे तब सब जय जय कहें। तब आचार्य व सूचक कहें कि भगवानको केवलज्ञानकी प्राप्ति होगई है। आचार्य परदा खोलनेके पहले वस्त्र पहन ले। फिर आचार्य बहुत विनयसे नमस्कार करे और नीचे लिखी स्तुति पढ़े। स्तुतिके पीछे नमन करके यह सूचित करे कि भगवानने दूसरे शुक्लध्यानसे १६ प्रकृतियोंको नाश किया। ज्ञानावरणीय ५, दर्शनावरणीय ६, अन्तराय ५,—४७ पहले नाशीं थीं इस तरह ६३ प्रकृतिको नाशकर या चार घातिया कर्म नाशकर भगवान्ने केवलज्ञान प्राप्त किया है।

स्तुति।

पद्धरीछन्द—जय केवलज्ञान प्रकाश धरं। ज्ञानावरणीय विनाश करं॥ जय केवल दर्शन नायक हो। दर्शन आवरणी घायक हो॥१॥ जय वीर्य अनन्त प्रकाशक हो। जय अन्तराय अघ नाशक हो॥ तुम मोह बली क्षय कारक हो। क्षायिक

समकितके धारक हो ॥२॥ क्षायिक चारित्र विशाल धरं । आनन्द अनन्त प्रकाश करं ॥ जग मांहि अपूरव सूरज हो । विकसन भवि जीवन नीरज हो ॥ ३ ॥ मिथ्यात्व महा तम टालन हो । शिव मग उत्तम दरशावन हो ॥ तुम तारण तरण तरंड वरं । सुखकारण रत्नकरंड वरं ॥ ४ ॥

९ मिनट तक भगवानका दर्शन सब अपने २ यहां बैठे हुए कर चुकें कि परदा गिर जावे । परदेके बाहर इन्द्र आता है, उसीके साथ कुवेरदेव भी आता है । इन्द्र सभाकी तरफ संकेत करके कहता है—

कुवेर ! अभी ही तीर्थनायक श्री ऋषभदेवको केवलज्ञानका प्रकाश हुआ है । तीर्थप्रचार करनेका अवसर उपस्थित हुआ है । तुम शीघ्र समवसरणकी रचना तैयार करो, हम सब इन्द्रादि देव आते हैं । प्रभुकी भक्तिकर व उत्तम धर्मामृत पीकर तृप्तिता पांयगे और अपने भवभवके पापोंका संहार करेंगे । कुवेर नमन कर कहता है–"जो आज्ञा"—पहले कुवेर जाता है फिर इन्द्र भी जाते हैं ।

(८) **समवशरण रचना व पूजा**—परदेके भीतर समवशरणकी रचना तैयार की जाती है । बनकी रचना तुर्त हटानी चाहिये । गंधकुटी विराजमान करके तीन छत्र हों, दोनों तरफ दो इन्द्र चमर ढरते हों, सिंहासन हो, भामंडल हो, आगे आठमंगलद्रव्य हों । गंधकुटीके आगे २४ कोठोंका मांडला एक छोटी चौकीपर रचा हुआ सुन्दर रक्खा जाय, आगे पूजा करनेका सामान हो, आगे चढ़ानेके लिये कुछ रक्खा जाय । इसतरह रचना बन जावे । वृक्ष जो पहले था वह गंधकुटीके पीछे रहने दिया जावे । यदि समवशरणके नकशेका परदा हो तो एक तरफ टांग दिया जावे । यदि तीन कटनीदार चबूतरा हो व उसपर गंधकूटी रहे तो और भी ठीक है । पहली कटनीपर आठ मंगलद्रव्य हों व धर्मचक्र हो, दूसरी कटनीपर ध्वजाएं हों क्योंकि भगवान अन्तरीक्ष विराजते हैं इसलिये यदि स्फटिक कमलाकार व शीशेका कमलाकार सिंहासन हो तो और भी शोभा हो । इस तरह रचना होनेपर परदा उठे । उस समय 'श्री वृषभदेवके समवशरणकी जय' ऐसे शब्द चारों ओरसे होवें ।

इतनेहीमें सौधर्म इन्द्र व अन्य इन्द्रदेवोंके साथ व इन्द्राणी कुछ अन्य देवियोंके साथ बाजा बजाते हुए जय जय शब्द कहते हुए मण्डपमें पधारें व पुष्पांजलि देकर नमस्कार करें । एक ओर इन्द्र तथा आचार्य पूजा करे, इधर उधर इन्द्राणी पूजा करें । इधर उधर सामान पूजाका रक्खा हो । सब बैठे हों । तब नीचे प्रमाण अर्घ चढावें—

सत्तामात्रग्राहकं दर्शनं च तद्भेदानां ग्राहकं ज्ञानमुक्तं । ताभ्यां स्वास्थ्यं पूर्णमुक्तं सुखं तच्छक्तेर्व्यक्तिर्वीयमत्रार्चयामि ॥८६९॥

ॐ ह्री नमोऽर्हते भगवतेऽनतज्ञानदर्शनसुखवीर्यविभ्राजते जिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

यहां आचार्य या सूचकपात्र चार चतुष्टयको १ मिनटके भीतर समझा दे।

सम्यक्त्वं चरितं सुबोधनदृशौ वीर्यं ददिर्लाभको, भोगोपादिभुजी हि यस्य नवकं लब्धेः सदा क्षायिकं।
सम्पन्नं खलु केवलोदगमनतस्तं सांमतं ध्यायतो, विघ्नानां निचयः प्रणाशनमियात्तत्संस्मृतिप्रार्थनात् ॥८७०॥

ॐ ह्रीं नमोऽर्हते भगवते नवकेवललब्धिभ्यो अर्घं। यहां नव केवल लब्धियोंको समझा दिया जावे। (क्षायिकसम्यक्त, क्षायिक-चारित्र, अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तवीर्य, अनन्तदान, अनन्तलाभ, अनन्तभोग, अनन्तउपभोग।)

सौभिक्ष्यं मुकुरोपमक्षितिरथो व्योमक्रमप्रक्रमः, प्राण्याघातविनिर्गमश्च कवलाहारव्यपायः परैः।
अक्लेशोपचयश्चतुर्मुखदृशिर्विद्येश्वरत्वं तनो–रच्छायत्वमकेशवृद्धिरिति वै दिक्संख्यकाः केवले ॥ ८७१॥

ॐ ह्रीं नमोऽर्हते भगवते दशकेवलातिशयेभ्योऽर्घम्। (यहा १० अतिशय समझा दी जावें।) १ सुभिक्षपना, २ दर्पण समान पृथ्वी, ३ आकाशकी निर्मलता, ४ प्राणिवधका अभाव, ५ कवलाहारका अभाव, ६ उपसर्गका अभाव, ७ चार मुख दीखना, ८ सर्व विद्या ईश्वरपना, ९ शरीरकी छाया न पडना, १० नखकेश न बढ़ना।

दिव्या वाग् जनसौहृदं प्रतिपदं सर्वाह्निगोत्रारुहा, भूरादर्शतला मृदुस्वसनसन्मोदौ तु भूः शालिनी।
सौरभ्यांबुधरी सुवृष्टिरमला पादक्रमाधोतले, स्वच्छांभोरुहनिर्मितिः खममलं दिग्संमदश्चक्रकं ॥ ८७२ ॥
धर्माख्यं पुरतश्च सज्जनमनोमिथ्यात्वसंस्फेटनं, देवाह्वानपरस्पराधिकमुदा सन्मंगलाष्टावितिः।
दिव्यातीशयसंयुतो जिनपतिः शक्राज्ञया रैमुचा, क्लृप्ते श्रीसमवादिसंस्तुतिपदे संतिष्ठवांस्तान्मुदे ॥ ८७३ ॥

ॐ ह्रीं नमोऽर्हते भगवते चतुर्दशदेवकृतातिशयसम्पन्नाय जिनाय अर्घं। (यहा १४ देवकृत अतिशय बताई जावें।) १ अर्द्ध-मागधी दिव्यध्वनि, २ मैत्रीभाव प्रचार, ३ सर्वऋतुके फल फूल, ४ कंटकरहित भूमि, ५ मंद सुगंध पवन, ६ सर्वधान्यमई क्षेत्र, ७ गन्धोदक वर्षा, ८ विहार समय सुवर्ण कमल रचना, ९ निर्मल आकाश, १० देवकृत परस्पर बुलाना, ११ धर्मचक्र, १२ आठ मगल द्रव्य, १३ प्राणियोंमें मिथ्या भावका अभाव, १४ दिशाओंमे आनन्द)।

(नोट–अन्य ग्रन्थमें ऊपरके १० अतिशयोंमें पलकें न लगना है, दर्पण समान पृथ्वी नहीं है)।

मानस्तम्भसरः सपुष्पविपिनं सत्खातिका चाभितः, प्राकारादिसुनाट्यभूमिविपिने नाकालयक्ष्मारुहाः ।
स्तूपा हर्म्यततिर्ध्वजावलिमभे सद्गंधवेदिक्रमोऽ–शोकोर्वीरुहसिंहपादनभसिस्थायी जिनः पातु नः ॥ ८७४ ॥

ॐ ह्रीं नमोऽर्हते भगवते समवशरणविभूतिसंपन्नाय जिनाय अर्घं । (यहां समवशरणका कुछ भाव बता दिया जावे)–

वनस्पतित्वेऽपि गतप्रशोकोऽशोको बभूवातिमदप्रसूनः । अनेकसंदर्शकशोकहारी वृक्षो जिनेन्द्राश्रयणप्रभावात् ॥ ८७५ ॥

ॐ ह्रीं अशोकप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्रेयस्तरुः फलति नोऽमरसौख्यमुच्चैर्हर्षोत्सुकत्वपरिलंभनसन्निभेण ।
देवैः कृता सुमनसां परिवृष्टिरेषा मोदं ददातु भवदुःखजुषां जनानां ॥ ८७६ ॥

ॐ ह्रीं देवकृतपुष्पवृष्टिप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं । (यहां पुष्पोंकी वर्षा की जावे)—

त्रैलोक्यवस्तुमनतस्मरणाववोधो येन स्वयं श्रवणगोचरतां गतेन ।
संजायते मुखरदौष्ठविघातशून्यो भूयाद् ध्वनिर्भवगदप्रसरार्तिहर्त्ता ॥ ८७७ ॥

ॐ ह्रीं दिव्यध्वनिप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं ।

यक्षेशपाणिलतिकांकुरसंगतानि तुर्याधिषष्टिगणनान्यपि देवनद्याः ।
वीचिप्रमाणि भवतो द्विकपार्श्वयोस्ते सच्चामराण्यघचयं मम निर्दलंतु ॥ ८७८ ॥

ॐ ह्रीं चतुःषष्ठिचामरप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं ।

सिंहासने छविरियं जिनदेवतायाः केषां मनोवधृतपापहरी न वा स्यात् ।
स्याद्वादसंस्कृतपदार्थगुणप्रकाशोऽस्या मेस्तु निर्हतमदाखिलजातशक्तेः ॥ ८७९ ॥

ॐ ह्रीं सिंहासनप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं ।

भामण्डलेऽवयवपृष्टिविभागरश्मिक्लृप्ते जनस्य भवसप्तकदर्शनेन ।
श्रद्धानमाप्तगुरुधर्मपरम्पराणां गाढं भवेत्तदितदेवपतिर्नमस्यः ॥ ८८० ॥

ॐ ह्रीं भामण्डलप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं ।

देवस्य मोहविजयं परिशंसितुं द्राक् देवाः स्वहस्ततलतः परिवादयंति ।
वाद्यानि मंगलनिवासकराणि सद्यो मिथ्यात्वमोहजयिनः शुभगानि च स्युः ॥ ८८१ ॥
ॐ ह्री दुंदुभिप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।
छत्रत्रयं जिनपमूर्धनि भासमानं त्रैलोक्यराजपतितामभिदर्शयद् वा ।
सोमार्कवह्निप्रतिमं सितपीतरक्तरत्नादिरंजितमिदं मम मंगलाय ॥ ८८२ ॥
ॐ ह्रीं छत्रत्रयप्रातिहार्यसंपन्नाय जिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।
तालातपत्रचमरध्वजसुप्रतीकभृंगारदर्पणघटाः प्रतिवीथिचारं ।
सन्मंगलानि पुरतो विलसंति यस्य पादारविंदयुगलं शिरसा वहामि ॥ ८८३ ॥
ॐ ह्री अष्टमंगलद्रव्यसंपन्नाय जिनाय अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।
बुद्धीशामरनायिकार्यमहती ज्योतिष्कसद्व्यंतरनागस्त्रीभवनेशकिंपुरुपसज्ज्योतिष्ककल्पामराः ।
मर्त्या वा पशवश्च यस्य हि सभा आदित्यसंख्या तृपपीयूपं स्वमतानुरूपमखिलं स्वादंति तस्मै नमः ॥ ८८४ ॥
ॐ ह्रीं द्वादशसभासपत्तिसम्पन्नाय जिनाय अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ।
(यहा १२ सभामें कौन २ वैठते हैं सो समझादे—१ मुनि, २ आर्यिका व श्राविका, ३ कल्पवासी देवी, ४ ज्योतिषी देवी, ५ व्यंतरदेवी, ६ भवनवासी देवी, ७ भवनवासी देव, ८ व्यंतरदेव, ९ ज्योतिषी देव, १० कल्पवासी देव, ११ मनुष्य, १२ पशु)
आगे २४ कोठोके मंडलकी पूजा की जाय ।
गीताछंद—चौवीस जिनवर तीर्थकारी, ज्ञान कल्याणक धरं । महिमा अपार प्रकाश जगमें, मोह मिथ्या तम हरं ॥
कीने वहुत भविजीव सुखिया, दुःखसागर उद्धरं । तिनकी चरण पूजा करें, तिन सम वने यह रुचि धरं ॥
ॐ ह्रीं चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो पुष्पांजलिं क्षिपेत् । (पुष्प डाले)
छंद चामरा—नीर ल्याय शीतलं महान मिष्टता धरे, गन्ध शुद्ध मेलिके पवित्र झारिका भरे ।
नाथ चौविसों महान वर्तमान कालके, वोध उत्सवं करूं प्रमाद सर्व टालके ॥

ॐ ह्रीं रिषभादि महावीरपर्यंत चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्वेत चंदनं सुगंधयुक्त सार लायके, पात्रमें धराय शांतिकारणे चढ़ायके ॥ नाथ० ॥ चंदनं ॥
तंदुलं भले सुश्वेत वर्ण दीर्घ लाइये, पाय गुण सु अक्षतं अतृप्तिता नशाइये ॥ नाथ० ॥ अक्षतं ॥
वर्ण वर्ण पुष्प सार लाइये चुनायके, काम कष्ट नाश हेतु पूजिये स्वभायके ॥ नाथ० ॥ पुष्पं ॥
क्षीर मोदकादि शुद्ध तुर्त ही बनाइये, भूखरोग नाश हेतु चर्णमें चढ़ाइये ॥ नाथ० ॥ नैवेद्यं ॥
दीप धार रत्नमय प्रकाशता महान है, मोह अंधकार हार होत स्वच्छ ज्ञान है ॥ नाथ० ॥ दीपं ॥
धूप गंध सार लाय धूपदान खेइये, कर्म आठको जलाय आप आप वेइये ॥ नाथ० धूपं ॥
लौंग औ बदाम आम्र आदि पक्क फल लिये, सु मुक्तिधाम पायके स्वआतम अमृत पिये ॥नाथ०॥ फलं ॥
तोय गंध अक्षतं सु पुष्प चारु चरु धरे, दीप धूप फल मिलाय अर्घ देय सुख करे ॥ नाथ० ॥ अर्घं ॥

छंद चाली—एकादशि फागुन वदिकी, मरुदेवी माता जिनकी । हत घाती केवल पायो, पूजत हम चित उमगायो ॥
ॐ ह्री फाल्गुनकृष्णा एकादश्या श्री वृषभनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१)
एकादशि पूष सुदीको, अजितेश हतो घातीको । निर्मल निज ज्ञान उपाये, हम पूजत सम सुख पाए ॥
ॐ ह्रीं पौषशुक्ला एकादश्यां श्री अजितनाथजिनेद्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (२)
कातिक वदि चौथ सुहाई, सभव केवल निधि पाई । भविजीवन बोध दियो है, मिथ्यामत नाश कियो है ॥
ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णाचतुर्थ्यां श्री सभवनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (३)
चौदशि शुभ पौष सुदीको, अभिनंदन हन घातीको । केवल पा धर्म प्रचारा, पूजूं चरणा हितकारा ॥
ॐ ह्री पौषशुक्लाचतुर्दश्यां श्री अभिनंदननाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।(४)
एकादशि चैत सुदीको, जिन सुमति ज्ञान लब्धीको । पाकर भविजीव उधारे, हम पूजत भव हरतारे ॥
ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लाएकादश्यां श्री सुमतिनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा (५)
मधु शुक्ला पूरणमासी, पद्मप्रभु तत्त्व अभ्यासी । केवल ले तत्त्व प्रकाशा, हम पूजत सम सुख भाशा ॥

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लापूर्णमास्यां श्री पद्मप्रभुजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (६)

छठि फागुनकी अंधयारी, चउ घातीकर्म निवारी । निर्मल निज ज्ञान उपाया, धन धन सुपार्श्व जिनराया ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुणकृष्णाषष्ठ्या श्री सुपार्श्वजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (७)

फागुन वदि नौमि सुहाई, चंद्रप्रभ आतम ध्याई । हन घाती केवल पाया, हम पूजन सुख उपजाया ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुणकृष्ण नवम्यां श्री चंद्रप्रभुजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (८)

कातिक सुदि दुतिया जानो, श्री पुष्पदंत भगवानो । रज हर केवल दरशानो, हम पूजत पाप विलानो ॥

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्लाद्वितीयायां श्री पुष्पदंतजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (९)

चौदसि वदि पौष सुहानी, शीतलप्रभु केवल ज्ञानी । भवका संताप हटाया, समता सागर प्रगटाया ।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णा चतुर्दश्या श्री शीतलनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१०)

वदि माघ अमावसि जानो, श्रेयांस ज्ञान उपजानो । सब जगमें श्रेय कराया, हम पूजत मंगल पाया ॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णा अमावस्या श्री श्रेयांसनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (११)

शुभ दुतिया माघ सुदीको, पायो केवल लब्धीको । श्री वासुपूज्य भवितारी, हम पूजत अष्ट प्रकारी ॥

ॐ ह्रीं श्री माघशुक्लाद्वितीयायां श्री वासुपूज्यजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१२)

छठि माघ वदी हत घाती, केवल लब्धी सुख लाती । पाई श्री विमल जिनेशा, हम पूजत कटत कलेशा ॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णाषष्ठ्यां श्री विमलनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१३)

वदि चैत अमावसि गाई, जिन केवल ज्ञान उपाई । पूजूं अनंत जिन चरणा, जो हैं अशरणके शरणा ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णाअमावस्या श्री अनंतनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१४)

मासांत पौष दिन भारी, श्री धर्मनाथ हितकारी । पायो केवल सद्बोधं, हम पूजें छांड़ कुबोधं ॥

ॐ ह्रीं पौषपूर्ण्यां श्री धर्मनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा । (१५)

सुदि पूस इकादसि जानी, श्री शांतिनाथ सुखदानी । लहि केवल धर्म प्रचारा, पूजूं मैं अघ हरतारा ॥

ॐ ह्रीं पौषशुक्लाएकादश्यां श्री शांतिनाथजिनेंद्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१६)

वदि चैत्र तृतीया स्वामी, श्री कुंथुनाथ गुण धामी। निर्मल केवल उपजायो, हम पूजत ज्ञान वढ़ायो ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णातृतीयां श्री कुन्थुनाथजिनेंद्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१७)

कार्तिक सुदि वारस जानो, लहि केवल ज्ञान प्रमाणो। परतत्त्व निजत्त्व प्रकाशा, अरनाथ जजों हत आशा ॥

ॐ ह्रीं कार्तिकशुक्लाद्वादश्यां श्री अरनाथजिनेन्द्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१८)

वदि पूष द्वितीया जाना, श्री मल्लिनाथ भगवाना। हत घाती केवल पाए, हम पूजत ध्यान लगाए ॥

ॐ ह्रीं पूषकृष्णाद्वितीयां श्री मल्लिनाथजिनेंद्राय ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा। (१९)

वैसाख वदी नौमीको, मुनिसुव्रत जिन केवलको। लहि वीर्य अनंत सम्हारा, पूजूं मैं सुख करतारा ॥

